राष्ट्रिय संस्कृत संस्थानम्
नवदेहली

गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ ग्रन्थमाला

॥ २८ ॥

मुद्राविमर्शः

सङ्कलनानुवादटिप्पणीभिरलङ्कृतः
डॉ० प्रकाश पाण्डेयेन

योऽनूचानः स नो महान्
राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

Rashtriya Sanskrit Sansthan

(Under the auspices of the Ministry of Human Resources Development, Govt. of India)

New Delhi

•

Ganganatha Jha Kendriya Sanskrit Vidyapitha

TEXT SERIES

•

General Editor

Dr. G. C. Tripathi

•

No. 28

MUDRĀ-VIMARŚA

(A Collection of the definitions and description of Mudrās traditionaly used in the Tantric and Smārta rituals)

Compiled and Annotated by

Dr. Prakash Pandey

ALLAHABAD

1990

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

(केन्द्रीयशिक्षामन्त्रालयस्याङ्गभूतम्)

देहली

—•—

गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्

प्रधानसम्पादकः

डॉ० गयाचरण त्रिपाठी

—•—

अष्टाविंशं प्रसूनम्

मुद्राविमर्शः

(विविधस्मार्तागमपूजोपयुक्तानां मुद्राणां
हिन्दीव्याख्यानुयुक्तः संग्रहः)

•

स च

विविधेभ्यो ग्रन्थेभ्यः समाहृत्य
सुबोधाभिष्टिप्पणीभिरलङ्कृतः

डॉ० प्रकाश पाण्डेयेन

—•—

गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्

चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क

प्रयागः—२

१९९० ई०

मुद्राविमर्शः

❀

ग्रन्थकर्त्ता संपादकश्च
डॉ० प्रकाशपाण्डेयः

श्रीगङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क
प्रयाग–२११००२
१९९० ई०

प्रकाशकः
डॉ० गयाचरण त्रिपाठी
प्राचार्यः
गङ्गानाथझाकेन्द्रीयसंस्कृतविद्यापीठम्
चन्द्रशेखर आज़ाद पार्क
इलाहाबाद-२

●

पुनर्मुद्रणादिकाः सर्वेऽधिकाराः राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानेन स्वायत्तीकृताः

●

मूल्यम्

●

मुद्रकः
शाकुन्तल मुद्रणालयः
३४, बलरामपुर हाउस
इलाहाबाद-२

FOREWORD

It gives me a feeling of immense satisfaction to place in the hands of the lovers of Sanskrit Āgamas the present collection of the Mudrās or hand-gestures used mainly in the ritual of Pūjā. The *Mudrā Vimarśa* is a comprehensive collection of the definitions of the Mudrās culled from different sources, explained, annotated and illustrated by Dr. Prakash Pandey, a Research Officer of our Vidyapeetha. Dr. Pandey has tried to be as exhaustive as possible in the compilation and has tried to tap every possible source which he could lay his hands upon. It may be mentioned here that Dr. Pandey possesses special qualifications to author such a work in sofar as he hails from an illustrious family of the Arcakas of the Goddess Vindhyavāsinī at Vindhyāchala. Himself a Tantric practicer and well-versed in the ritual of the worship of Mother Goddess, he has got himself photographed displaying these Mudrās and has given these photographs at the end of this book.

Dr. Pandey had first prepared an exhaustive Hindi translation of the Sanskrit text. I, however, advised him not to give this lengthy translation in the book but, instead, embellish the book with short explanatory notes and give the translation only where it is indispensible. This has prevented the book from becoming unnecessarily bulky.

Human hands with their supple fingers very closely follow the thoughts and ideas of a person while he is expressing himself

through the language. They also play an important role in the speechless expressions of emotional outburts. It is, through the various formulations of fingers and hands that the human speech becomes better intelligible, the unmanifest is manifested, the abstract becomes concrete, the subtle turns into tangible and the transcendent starts touching the boundaries of immanence. Human hands are the most wonderful gift of God to the mankind, a privilege which other creatures on this earth are bereft of. It is impossible to think of the birth and the tremendous growth of human civilization without the creative hands of the early *homo erectus*.

Innumerable are the ways in which the hands can be put to use by the humans. They can almost replace the verbal language as anybody would concede who has seen a deaf and dumb 'talk' through his hands.

It was in India that the enormous expressiveness of human hands was properly recognised and put to artistic and ritualistic use already in ancient times. A cursory glance over the relevant portions of the Nāṭya Śāstra of Bharata would convince any of the vast artistic potential that lies virtually within the fists of human beings. There is hardly any situation, any worldly object, any idea, any emotion or any state of mind which cannot be properly expressed through a dextrous display of the positions of arms, fore-arms, hands and palms combined with a proper—though sometimes rather intricate—formulations of fingers. The Indian dance and drama bear full testimoney to it. It is impossible to conceive of the Indian performing arts without these Mudrās pregnant with deep meaning and a very-high degree of symbolism.

Mudrās in our religious ritual have their source in the same perennial cultural stream of India. These Mudrās in their shape or form, consequently, do not essentially deffer from the

Mudrās used in Indian dance and drama. Way back in 1979 I delivered a lecture in the Allahabad Museum in one of its Seminar called *Rūpasatra : An integrated Approach to the Motifs in Indian Arts* in which I tried to underline the essential unity in nature, character and form of the Mudrās used in Indian dance, drama and ritual.

With the Mudrās the devotee or the Sādhaka communicates with the Divine since the Mudrās have a language of their own. Mudrās also help him temporarily 'create' certain objects which are physically absent or cannot be brought into the sanctum for one or the other reason.

India exported its corpus of Mudrās along with their deep symbolism to South East Asia in the first millenium of Christian Era which came there as a part of the performing arts of dance, drama and theatre in the wake of the spread of Indian culture. They are deeply enshrined in the temple dances, the Rāmāyaṇa performances and the Hinduistic/Buddhistic Pūjā ritual of this region. In 1923 Prof. Terra Kleen wrote an illustrated work titled 'Mudrās in Bali' in which she gave pictorial depiction of the Mudrās used in the Hinduistic Pūjā ceremony. It is interesting to note that the Mudrās of Balinese Hindu priests are not completely identical in form, nature and number with the Mudrās used today in Hindu Tantric/Āgamic ritual of Pūjā. Balinese Priests display a number of Mudrās which are currently not in use in the Pūjā-ceremony in India. Since Hinduistic ritual was transferred to Java (and from there to Bali) probably between 6th-10th century from South India (or Kalinga ?), it may be worthwhile to take up a comparative study of the Pūjā Mudrās of the Hindu communities of these two countries and to try to explain them in the light of historical development.

A work like this is expected to rouse the interest of scholars, especially of comparative Religion and Indology for further study

of this fascinating subject. I congratulate my former pupil, and present colleague Dr. Prakash Pandey on having produced such a valuable and scholarly work and shower all my blessings upon him for his well-being so that he may be able to produce even more valuable works in the field of Tantra in future.

I know that the reproduction of the pictures leave much to be desired. I crave the indulgence of the reader for this shortcoming.

G. N. Jha K. S. Vidyapeetha
ALLAHABAD

GAYA C. TRIPATHI
Principal

●●

समर्पण

गौडकुलोद्भव-अपरिग्रहमूर्ति-

दीक्षागुरु-

पं० श्री रविप्रकाश ब्रह्मचारी जी

को

मुद्राविमर्शः

प्रास्ताविक

मुद्राएँ क्या हैं

भारतीय संस्कृति में यह शब्द अत्यधिक प्रचलित एवं प्रसिद्ध है। सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में अनेक ऐसे प्रकरण हैं; जहाँ इसका प्रयोग होता आया है। कला, स्थाप य, नृत्य, पूजा आदि वे सभी स्थल, जहाँ मानवाकृति में उसकी विशेष संवेदनाओं, भावों, विचारों को प्रकट करना हो, तथा ध्वन्यात्मक भाषा उन्हें प्रकट करने में अक्षम हो वहाँ मुद्राएँ उन्हें भलीभाँति व्यक्त करतीं हैं। स्वरूपतः मुद्रा हाथों की अंगुलियों द्वारा बनाए गए ऐसे संकेतों को कहा जाता है, जो देश, काल, भाषा, जाति आदि की सीमाओं को लाँघ कर सार्वभौम रूप से उन भावों, वस्तुओं, विचारों को व्यक्त करते हैं, जिन्हें मुद्रा-प्रदर्शक व्यक्त करना चाहता है। यदि मत्स्य मुद्रा का प्रदर्शन करते हुये नट, चित्रकार या नर्तक किसी अन्य भाषा का प्रयोग न करे तब भी संसार का प्रत्येक व्यक्ति जिसने कभी भी मछली देखी हो भली प्रकार से उस संकेत का अर्थ समझेगा। इस प्रकार अंगुलियों द्वारा निर्मित संकेत ऐसी मूक भाषा का कार्य करतीं हैं जो सर्वगम्य हो। ध्वन्यात्मक भाषा का प्रयोग न कर पाने वाले मूक एवं बधिर अपने विचारों को हाथों एवं चेहरे की भाषा से ही व्यक्त करते हैं।

इन तथ्यों से इस प्राक्कल्पना का भी पोषण होता है कि मुद्राएँ ही मानव-विचारविनिमय की प्रथम साधन रही होगीं। विकास के आद्यचरणों में जब

मनुष्य के पास अपने मनोभावों को व्यक्त करने के लिये सुव्यवस्थित ध्वनि संकेत या भाषा नहीं रही होगी तब वह अपनी आवश्यकताओं एवं विचारों को व्यक्त करने के लिये मुद्राओं का ही प्रयोग करता रहा होगा। भाषा के जन्म ने भी हस्तसंकेतों की उपयोगिता एवं सार्थकता को गौण न कर पायी। अपितु मुद्राएँ भाषा के काकूक्तियों एवं सूक्ष्म अभिव्यक्तियों के लिये उपकारिका बन गईं। आज भी वैचारिक आदान प्रदान में भाषा के साथ मुद्राओं का या हस्त-संकेतों का प्रयोग होता है तथा इससे भावों को सूक्ष्मता से ग्रहण करने में सुकरता होती है।

भारतीय सन्दर्भ में ये सर्वाधिक विकसित एवं सुव्यस्थित रूप में प्रयुक्त हुयीं हैं। कला, चित्र, शिल्प, स्थापत्य, नृत्य, नाट्य के अतिरिक्त इनका पृथक् एवं सर्वाधिक महत्त्वशाली स्वरूप योग एवं तन्त्र साधन-पद्धतियों में दृष्टिगोचर होता है। इन शास्त्रों ने हस्त संकेतों का अत्यन्त व्यापक उपयोग किया तथा इनकी उपयोगिता को शास्त्रीय रूप प्रदान किया। आदिमजनजातीय पूजाप्रणाली तन्त्रशास्त्र में सुरक्षित है। इसी कारण इस शास्त्र में आदिमानव द्वारा अतिप्राकृत शक्तियों के लिये भो प्रयुक्त होने वाली संकेतात्मिका मुद्राएँ अधिक महत्त्वशालिनी बनीं। सभी वैष्णवादि सम्प्रदायों की आगमिक पूजनपद्धति के प्रत्येक चरण में मुद्राओं का प्रयोग बताया गया है। इतना ही नहीं तन्त्रशास्त्रकारों ने मुद्राओं की अवधारणा को दार्शनिक रूप देते हुये उनका विस्तार एवं वर्गीकरण भी किया है।

तन्त्रों में प्रधानता है अङ्गुलिमुद्राओं की तथा अङ्गुलियों को शारदातिलक (२३।१०६ टीका) में पञ्चमहाभूत का प्रतीक बताया गया है। अङ्गुष्ठ आकाश का, तर्जनी वायु की, मध्यमा अग्नि की, अनामिका जल की तथा कनिष्ठा भूमि की भौतिक प्रतिकृति है। इन महाभूतों के सम्मेल से संसार की सभी वस्तुओं का सृजन होता है। अतः विश्व के सभी पदार्थों के समवायिकारण पञ्चभूतों की स्वरूपभूता अङ्गुलियों के परस्पर संघटन से निर्मित संकेत देवताओं में हर्ष उत्पन्न करता है तथा साधक इनके माध्यम से देवताओं का सामीप्य प्राप्त करता है।

योगिनी-तन्त्र (परशुराम-कल्प-सूत्र-खण्ड ४, सूत्र १ की व्याख्या में उद्धृत) में इनकी और भी सूक्ष्मतर व्याख्या की गई है। यथा—भगवती त्रिपुरसुन्दरी चित् रूपा हैं तथा वे ही 'मुद्रा' पदार्थ हैं। दूसरे शब्दों में मुद्रा से चित्तत्त्व का अभिव्यञ्जन होता है। त्रिपुरेश्वरी जब विश्व का उन्मीलन करने की इच्छा करती हैं तब उनका स्वरूप क्रियात्मक हो जाता है। इस क्रियात्मिका चित् के द्वारा विश्वचिकीर्षा काल में अनुमोदन एवं द्रावण नामक दो व्यापार किये जाते हैं। अनुमोदन का अर्थ है विश्व की उत्पत्ति एवं संवर्धन के प्रति अनुकूलता या अनुग्रह भाव। द्रावण का अर्थ

है महाप्रलयावस्था में चित् तत्त्व में विलीन, घनीभूत विश्व के घनत्व में विशरण का आपादन जिससे उसका पुनः सावयवप्रपञ्च के रूप में उन्मीलन हो सके। इस अनुमोदन एवं द्रावण व्यापार के कारण क्रियात्मिकाचित् ही 'मुद्रा' है।

इस प्रकार की व्याख्याएँ मुद्राओं के प्रति तन्त्र शास्त्रकारों के उदात्ततम भावों को व्यक्त करतीं हैं। तान्त्रिक अवधारणा है कि मुद्राएँ चेतना को प्रभावित करती हैं। जाग्रत् अवस्था में मनुष्य इनके प्रभाव का अनुभव करे न करे किन्तु उसके चित्त पर उसका प्रभाव अवश्य होता है। कादम्बरी (उत्तर भाग में चन्द्रापीड़ की हृदय गति रुक जाने पर शुकनास द्वारा तारापीड को कहे गये सान्त्वना वाक्यों) में कहे गये निम्न वाक्य में उक्त विश्वास का दर्शन होता है—

'मुद्रा बन्धाद् ध्यानाद्वा विषप्रसुप्तस्योत्थापने कीदृशी युक्तिः।' मुद्राओं के इस रहस्यात्मक प्रयोग पर विश्वास का समर्थन वर्षक्रियाकौमुदी (पृष्ट १५६) के इस श्लोक में भी प्राप्त होता है—

निर्विषोऽपि भवेत् क्षिप्रं यो जन्तुर्विषमूर्च्छितः।
चत्वारिंशत् समाख्याता मुद्रा श्रेष्ठा महर्घिका॥

योग में इनके रहस्यात्मक प्रभाव को अतिप्राचीन काल से स्वीकार किया गया है। इस शास्त्र में मुद्राएँ और भी अधिक विकसित हुयी हैं। योग की मुद्राओं का निर्माण अङ्गुलियों तक ही सीमित नहीं है। अपितु सम्पूर्ण शरीर के बाह्य एवं आन्तर अङ्गों द्वारा भी मुद्राओं का निर्माण किया जाता है। इसी कारण योग की मुद्राएँ अत्यन्त जटिल एवं दुरूह हैं। बिना किसी योग्य गुरु के इनका अभ्यास सम्भव नहीं होता। इन यौगिक मुद्राओं का प्रभाव शरीर, मन, चित्त पर पड़ता है। घेरण्डसंहिता (उपदेश ३) में २५ अत्यन्त जटिल एवं रहस्यमयी मुद्राओं का वर्णन है, जिनकी साधना करके साधक अनेक प्रकार की अलौकिक सिद्धियाँ दीर्घायुष्य तथा अनेक प्रकार की अविश्वसनीय शारीरिक क्षमताएँ प्राप्त कर सकता है। हठयोगप्रदीपिका (१।१।६, ८), शिवसंहिता (१।२३।२४) आदि ग्रन्थों में भी इस प्रकार की रहस्यमयी मुद्राओं का वर्णन है।

साधनमाला में मानव अस्थियों के प्रतीक आभूषणों को 'मुद्रा' कहा गया है—

कण्ठिका रुचकं रत्नमेखलं भस्मसूत्रकम्।
षड् वै पारमिता एता मुद्रारूपेण योजिताः॥

आर्यमञ्जुश्रीमूलकल्प (पटल ३८) में १०८ मुद्राओं की सूची एवं उनके अर्थों का वर्णन है। ३५वें पटल में स्पष्ट निर्देश है कि इनके प्रयोग से सभी प्रकार के कर्मों में असन्दिग्ध सफलता प्राप्त होती है।

जैन सम्प्रदाय में भी मुद्राओं को अत्यन्त महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है तथा इनके रहस्यमय प्रभाव को स्वीकार किया गया है।

इस प्रकार हिन्दूतन्त्र, योग, बौद्धतन्त्र, जैनतन्त्र सभी प्राचीन भारतीय साधना पद्धतियों में रहस्यमयी मुद्राएँ समान रूप से साधना के अङ्ग के रूप में प्रतिष्ठित थीं।

मुद्राओं का प्रामुख्येन प्रयोग शाक्त सम्प्रदाय में ही है, एवं मातृशक्तियों की उपासना प्रागैतिहासिक काल से ही सम्पूर्ण विश्व में मुख्यतः भारत में होती आरही है। मातृशक्तियों की उपासना परम्परा में ही मूलतः मुद्राओं का प्रचलन स्वीकृत हुआ था। उत्तरवैदिककालिक सांस्कृतिकविनिमयकाल में शक्तिपूजा परम्परा ने भारत की अन्य सभी धार्मिक परम्पराओं पर बहुत गम्भीर प्रभाव डाला। फलतः शैव, गाणपत्य, सौर, वैष्णव, बौद्ध, जैन, हठयोग आदि अनेक धार्मिक सिद्धान्तों ने न्यास आदि के साथ ही मुद्राओं का प्रयोग भी अपनी धार्मिक क्रियाओं का अङ्ग बनाया।

हस्ताभिनय एवं पूजन मुद्राएँ

कहा गया है कि आदि काल में हस्त मुद्राएँ सामान्य रूप से अभिव्यक्ति या विचार विनिमय की साधन थीं। किन्तु आगे चल कर इनका सर्वाधिक प्रगाढ़ सम्बन्ध पूजा एवं नृत्य या नाट्य के साथ देखा जाता हैं। यह भी कहा जा सकता है कि बिना किसी मुद्रा के कोई भी पूजन, नृत्य अथवा नाट्य किया ही नहीं जा सकता। सभी प्रकार के धार्मिक सम्प्रदाय एवं नाट्य-नृत्य विधाएँ किसी भी अभिव्यक्ति के लिये विशेष प्रकार की मुद्रा का ही प्रयोग करतीं हैं। ऐसा नहीं है कि किसी एक वस्तु के लिए सम्प्रदाय भेद से या वैदिक अवैदिक भेद से, प्रान्त भेद से अनेक प्रकार की मुद्राओं का प्रयोग होता हो। यद्यपि यह सम्भव है कि एक मुद्रा कई वस्तुओं का अभिव्यञ्जन करे। अतः निश्चित रूप से लोक में प्रत्येक मुद्रा द्वारा व्यक्त होने वाला अर्थ अत्यन्त प्राचीन काल से प्रसिद्ध था। ईसापूर्व प्रथम सहस्राब्दी में शिलाली, कृशाश्व, भरत आदि ने नाट्य-नृत्य के लिए तथा योग एवं तन्त्र के ऋषियों ने पूजन के लिये इन मुद्राओं का शास्त्रीयकरण एवं वर्गीकरण किया।

नाट्यशास्त्र के नवम अध्याय में वर्णित हस्ताभिनय को पाण्डुरङ्ग वामन काणे पूजन मुद्राओं का पूर्वरूप होने की सम्भावना व्यक्त करते हैं (देखिये : धर्मशास्त्र का

इतिहास भाग ५ पृष्ठ ६९)। विष्णुधर्मोत्तर (भाग ३ अध्याय ३२; ३३) में 'नृत्त हस्त' नाम से जिन मुद्राओं का वर्णन किया गया गया है। वे सभी मुद्राएँ पूजन में प्रयुक्त होती हैं। कहीं कहीं उनके देवताओं का भी उल्लेख किया गया है।

ये तथ्य पूजन मुद्राओं एवं नृत्य या नाट्य मुद्राओं में घनिष्ठ सम्बन्ध के होने का संकेत देते हैं। किन्तु पूजन मुद्राओं के नृत्तमुद्राजन्यता की संपुष्टि नहीं करते।

पूजा की नृत्तात्मकता

मुद्राओं का पूजन में प्रयोग किस प्रकार अपरिहार्य अङ्ग के रूप में स्वीकृत हुआ होगा ? ऐतिहासिक दृष्टि से इस प्रश्न के समाधान हेतु प्राच्य विद्या के उत्कृष्ट विद्वान् डॉ० गयाचरण त्रिपाठी जी द्वारा दी गयी व्याख्या अत्यधिक मूल्यवान् है। उनके अनुसार मानव अनुभूतियों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम सदा से गतिशीलता रही है। देव प्रत्यय के उद्भवकाल में प्रथमतः मनुष्य उनके प्रति श्रद्धाभाव का प्रदर्शन आनन्दमय गत्यात्मकता से ही करता था। प्रारम्भिक सभ्य मानव इन अतिप्राकृत प्रकृतिनियन्ता चैतन्यों के प्रति श्रद्धाप्रदर्शन अत्यन्त उल्लासपूर्ण वातावरण में सामूहिक रूप से इकट्ठे हो कर करते थे। इस उल्लास पूर्ण श्रद्धा प्रदर्शन की गत्यात्मक चेष्टाओं ने ही नृत्य एवं पूजा दोनों को जन्म दिया। अनिर्ज्ञात-काल से ही सम्पूर्ण विश्व के आदिम जनजातियों में नृत्यविधा धार्मिक कृत्यों के पर्याय के रूप में प्रतिष्ठित थी। इस कला से न मात्र आनन्दाभूति का अभिव्यञ्जन अपितु जीवन के उच्चावच की अभिव्यक्ति, शस्योत्पादन के कारण उल्लास प्रदर्शन, आतुरों की आत्मशान्ति, तथा रोगों का उपचार भी किया जाता था। ऐसा विश्वास था कि धार्मिक नृत्य की भङ्गिमाएँ सदात्माओं को आकृष्ट करती हैं तथा दुरात्माओं को दूर भगाती हैं। सी. सैम्स अपनी पुस्तक 'वर्ल्ड हिस्ट्री आफ द डॉन्स' के प्रथम अध्याय में ही लिखते हैं कि नृत्य की उदात्तता से मनुष्य इस लोक से लोकान्तर के बीच एक भावात्मक सेतु का निर्माण करता है। नृत्य के माध्यम से मानव आत्मा दुरात्माओं एवं ईश्वर तत्त्व से सम्बन्ध स्थापित कर लेती है। यह कला हमारे लक्ष्यों के नियन्ता अतिमानवीय शक्तियों के प्रति अङ्ग-भाव का आपादन करने वाली चेतनात्मक चेष्टाओं का विकास करती है। नृत्य एक याज्ञिक क्रिया, आकर्षक प्रार्थना, तथा अलौकिक दृश्य है।

इस प्रकार के अनेक प्रमाण या व्याख्याएँ प्राप्त है, जिनके आधार पर यह ज्ञात होता है कि पूजन का प्रथम रूप सामूहिक नृत्य एवं आङ्गिकभावों का प्रदर्शन था। प्राचीन रोम, यूनान आदि देशों में नृत्य केवल धार्मिक पूजन के अङ्ग के रूप

में किये जाते थे। नृत्त के द्वारा देवाराधन करने पर सम्पूर्ण कामनाओं की पूर्ति होती है ऐसा वचन विष्णुधर्मोत्तर (३।३४।२८) में प्राप्त होता है—

देवताराधनं कुर्याद्यस्तु नृत्तेन धर्मवित् ।
स सर्वकामानाप्नोति मोक्षोपायं च विन्दति ॥

कालान्तर में नृत्य या नाट्य लोकरञ्जन के उत्तम माध्यम के रूप में विकसित होने लगा। उसकी सीमा धार्मिक क्रिया तक ही सीमित नहीं रही। इधर पूजन प्रक्रिया अधिक सूक्ष्म अनेकों अङ्गों वाली होने लगी। पूजा सामूहिक से व्यक्तिगत होने लगी। अतः नाट्शास्त्र एवं तन्त्रशास्त्र का विकास होना आरम्भ हुआ। पूजात्मक-नृत्य से पूजा एवं नृत्य के अलगाव की यह प्रक्रिया अत्यन्त धीमी रही होगी। अनेकों सहस्त्राब्दिओं के बाद उनका पृथक्-पृथक् शास्त्रीय रूप प्रकट हुआ। इसी प्रक्रिया में नाट्यशास्त्र एवं तन्त्रशास्त्र ने अनादिकाल से स्वीकृत एवं प्रतिष्ठित हस्तसंकेतों को अपनी-अपनी आवश्यकताओं के अनुसार परिष्कृत एवं विकसित किया। जिन्हे आज पूजन के प्रसंग में मुद्रा एवं नृत्य या नाट्य के प्रसंग में हस्ताभिनय की संज्ञा दी जाती है। भरत नाट्यशास्त्र, अभिनयदर्पण, विष्णुधर्मोत्तर आदि में वर्णित हस्ताभिनयों की तुलना तान्त्रिक मुद्राओं से करने पर भी उपर्युक्त कथन की पुष्टि होती है।

सामान्य उपचार मुद्राओं के प्रयोग का उद्देश्य एवं प्रक्रिया दोनों में लगभग एक ही है। नाट्याभिनय सामाजिकों के विनोद के लिये होता है, मुद्राएँ देवताओं के हर्ष के लिये होती हैं। अभिनेता हस्ताभिनय द्वारा तत्तत् भावों, परिस्थितियों एवं वस्तुओं का मुद्रण या अभिकल्पन सामाजिक के लिये करता है, उपासक भी सामान्य मुद्राओं से देवता के लिये वस्त्र, शस्त्र, वाहन, स्वरूप, भाव आदि का अभिकल्पन करता है। अभिनयपोष्य रस की स्थिति अभिनेता में नहीं होती अपितु सामाजिक या भावक में होती है जिसके प्रति अभिनय संकेतों का समर्पण होता है उसी में आनन्द या रस की स्थिति होती है। तान्त्रिक पूजन में भी मुद्रायें सम्मुख विराजमान इष्ट को समर्पित की जातीं हैं। अतः देवताओं के लिये मुद्राओं का प्रीति-कारिणी होना स्वाभाविक है।

इस प्रकार एक ही विद्या विकास की प्रक्रिया में दो धाराओं में बँटी, यद्यपि दोनों का मूल उपजीव्य एक ही थी तथा वह थी भाव संप्रेषण की गत्यात्मक चेष्टा।

श्रद्धेय गुरुदेव डॉ० गयाचरण त्रिपाठी जी के उक्त सिद्धान्त से मुद्राओं एवं

पूजन के सम्बन्ध के विषय में ऐतिहासिक दृष्टि की तर्क सम्मत व्याख्या प्राप्त होती है।

तन्त्र साधना ने जब तन्त्रयोग को विकसित किया तब शारीरिक क्रियाओं का महत्त्व और अधिक बढ़ा तथा एकाग्रता की आवश्यकता पर अधिक बल दिया जाने लगा। अनेक जटिल एवं रहस्यमयी क्रियाओं का संग्रह तन्त्रोपासना में होने लगा। इस स्थिति में पूजा का सामूहिक से व्यक्तिगत, गोप्य एवं रहस्यमयी होना स्वाभाविक हो गया था। पूजन के व्यक्तिगत होने के साथ-साथ साधना की क्रियाओं में योग की रहस्यमयी क्रियाओं का भी प्रभाव बढ़ा जिनमें मुद्राएँ प्रधान थीं। तब तान्त्रिक मुद्राओं का सार्वजनिक प्रदर्शन निषिद्ध कर दिया गया—

प्रयोक्तव्या च रहसि न बहिर्जनसंसदि।
मन्त्रमण्डलमुद्राणां गुप्तिरेषा सनातनी॥

(पाद्म संहिता, भाग २, मुद्राप्रकरण, श्लोक-२)

मुद्रा पदार्थ : तान्त्रिक परम्परा में

मुद्रा शब्द चिन्ह या प्रत्ययकारिणी अर्थ में अत्यन्त प्राचीन संस्कृत में होता था। ऋग्वेद में 'लोपामुद्रा' शब्द इस तथ्य की पुष्टि करता है। व्यक्तिवाचक संज्ञा में वही शब्द प्रयुक्त होते हैं जो लोक में अत्यन्त प्रचलित एवं प्रसिद्ध हों। किन्तु अथर्ववेद (१८।३।१९) में 'मुद्र' शब्द हर्ष वाचक है।

तन्त्रों ने सम्भवतः 'चिह्न' एवं 'हर्ष' दोनों प्रकार के अर्थों को स्वीकार करते हुये अपनी मान्यताओं के अनुरूप इस शब्द के निर्वचन किये हैं। कुछ तान्त्रिक निर्वचन प्रस्तुत हैं—

मुदं कुर्वन्ति देवानां मनांसि द्रावयन्ति च।
तस्मान्मुद्रा समाख्याता दर्शितव्या कुलेश्वरि॥

(कुलार्णव १७।५७)

अंगुली रचना भेदो मुद्रा यस्मात् प्रदर्शिता।
हिंसकानामशेषाणां मुदं द्रावयति क्षणात्॥
ततो मुद्रा निरसनं तेषां तस्या प्रयोजनम्।
प्रीणनं चापि देवानां कर्मणा सापि दर्शिता॥

(पाद्म संहिता भाग, २ २२।२-३)

मुदं राति ददातीति मुद्रेति निर्वचनम् ।

(शारदा तिलक २३।१०६ टीका)

मुदं रातीति मुद्रा स्याद्येनैका मुष्टिरेव तु ।
स्वल्प भेदात् कोपहर्षौ प्राणिनां जनयत्यतः ॥
तेनैव सर्वदेवानां मुद्रा हर्षप्रदा मता ।

(शारदा तिलक २३।१०६ टीका)

उक्त निर्वचनों में मुद्रा शब्द की व्युत्पत्ति के लिये तन्त्रकारों ने मुद्+द्रा, मुद्+रा धातुओं की कल्पना की है। स्पष्ट है कि निर्वचनकर्ताओं ने शब्द के मूल अर्थ का निर्वचन न करके जिस अर्थ में वह शब्द प्रचलित है उसी के अनुसार उसका निर्वचन किया है। इसी प्रकार के अनेक निर्वचन तन्त्रों में प्राप्त होते हैं जो उसके तान्त्रिक अर्थ की व्याख्या करते हैं।

मुद्राओं के प्रयोग का काल

तान्त्रिक पूजन के प्रत्येक चरण में मन्त्र एवं मुद्रा का प्रयोग होता है। तन्त्रों ने मुद्राओं के स्वरूप तथा प्रयोग की आवश्यकता के अनुसार सामान्य अवसरों का उल्लेख किया है—

अर्चने जपकाले च ध्याने काम्ये च कर्मणि ।
स्नाने चावाहने शंखे प्रतिष्ठायां च रक्षणे ॥
नैवेद्ये च तथान्यत्र तत्तत्कल्पप्रकाशिते ।
स्थाने मुद्राः प्रद्रष्टव्याः सर्वलक्षणलक्षिताः ॥

(परशुरामकल्पसूत्र, मुद्रा प्रकीर्णम्)

इनके अतिरिक्त पवित्रीकरण, रक्षण, न्यास, प्रार्थना, पूजार्पण, द्रव्यग्रहण आदि अनेक स्थलों पर मुद्राओं का प्रदर्शन पूजा की पूर्णता के लिये अपरिहार्य है।

मुद्राओं के देवता

तान्त्रिक पद्धति में ग्रहों के अतिरिक्त सभी जनजातीय देवताओं को पञ्चदेवों में किसी न किसी का अंश माना गया है। वे पञ्चदेव हैं विष्णु, शिव, शक्ति, सूर्य,

गणेश। इन सभी देवताओं के स्वरूप, स्वभाव एवं परिवार को ध्यान में रखते हुये मुद्राओं का वर्गीकरण किया गया है। प्रत्येक देवता के पूजन के लिये कुछ विशेष मुद्राओं का उल्लेख तन्त्रों ने किया है। जैसे—

एकोनविंशतिर्मुद्रा विष्णोरुक्ता मनीषिभिः।
शंख-चक्र-गदा-पदम्-वेणुश्रीवत्सकौस्तुभाः ॥
वनमाला तथा ज्ञानमुद्राबिल्वाह्वया तथा।
गरुडाख्या पराविष्णोर्मुद्रा सन्तोषवर्धिनी ॥
नारसिंही च वाराही हयग्रीवी धनुस्तथा।
बाणमुद्रा परशुर्जगन्मोहनिका च सा ॥
काममुद्रा पराख्याता शिवस्य दशमुद्रिकाः।
लिंगयोनित्रिशूलाख्या मालेऽष्टाभिर्मृगात्मिकाः ॥
खट्वाङ्गं च कपालाख्या डमरुः शिवतोषिका।
सूर्यस्यैकैव पद्माख्या सप्तमुद्रा गणेशितुः ॥
दन्तपाशाङ्कुशा विघ्नपरशुर्लड्डुकसंज्ञकाः।
बीजपूराह्वयामुद्रा विज्ञेयाविघ्नपूजने ॥
पाशाङ्कुशवराभीतिखड्गचर्मधनुश्शराः।
मौशली मुद्रिका चैव दौर्गीमुद्राः शक्तेः प्रियङ्कराः ॥
लक्ष्मीमुद्रार्चने लक्ष्म्या वाग्वादिन्यास्तु पूजने।
मत्स्यमुद्रा च कूर्माख्या लेलिहामुण्डसंज्ञिका ॥
महायोनिरिति ख्याता सर्वसिद्धि समृद्धिदा।
शक्त्यर्चने महायोनिः श्यामादौ मुण्डसंज्ञका ॥
मत्स्यकूर्मलेलिहाख्या सर्वसाधारणी मता।
दशमुद्राश्च विज्ञेयास्त्रिपुरायाः प्रपूजने ॥
सर्वसंक्षोभद्रावणाकर्षवश्योन्मादमहाङ्कुशाः।
खेचरीबीजयोन्याख्या त्रिखण्डापरिकीर्तिता ॥
श्रीगोपालार्चने वेणुर्नृहरेर्नारसिंहिका।
वराहस्य च पूजायां वराहाख्यां प्रदर्शयेत् ॥
रामार्चने धनुर्बाणमुद्रे पर्शुस्तथार्चने।
पर्शुरामस्य विज्ञेया तथा परशुमुद्रिका।

(मन्त्रमहार्णव, तरङ्ग २)

इनमें से कई मुद्राएँ एक से अधिक कर्म में प्रयुक्त होती है। जैसे—वाराही मुद्रा, शूकरी या कस्तूरी नाम से हवन कर्म में भी प्रयुक्त होती है मत्स्य मुद्रा पूजन द्रव्यों के संस्कार में, भग मुद्रा लक्ष्मी, सरस्वती एवं शिव तीनों के लिये प्रयुक्त होती है, आदि।

मुद्राओं की संख्या

किसी भी ग्रन्थ ने मुद्राओं की संख्या अपने सम्प्रदाय एवं आवश्यकता के अनुसार ही बताई है। ब्रह्माण्ड पुराण (४।४२।१-१९) त्रिपुरा की १० मुद्राओं का उल्लेख किया है। इसी प्रकार नारदीय पुराण (२।५७।५५-५६) विष्णु की ८, कालिका पुराण (अध्या० ६६) सभी देवताओं एवं ग्रहों के लिये ५३, वीर मित्रोदय (पूजा प्रकाश) में ३२ मुद्राओं का वर्णन है। देवी भागवत (११।१६।९८-१०२) गायत्री की २४ मुद्राओं का उल्लेख है उनके लक्षण वीरमित्रोदय (आह्निक प्रकाश) में प्राप्त होते हैं। मेरुतन्त्र (मुद्रा प्रकाश) विभिन्न देवताओं के १५० से अधिक मुद्राओं का वर्णन करता है। विष्णुधर्मोत्तरपुराण (अध्या० ३२ एवं ३३) में ७४ रहस्य मुद्राओं का तथा १२६ अन्य सामान्य मुद्राओं का वर्णन प्राप्त होता है।

इन ग्रन्थों एवं इसी प्रकार के अन्य ग्रन्थों में परिगणित मुद्राओं में से अनेक सभी में सामान्य होतीं हैं तथा कुछ नवीन मुद्राएँ सभी में प्राप्त होती हैं।

हस्त संकेतों एवं शारीरिक क्रियाओं के स्वरूप अगणित हो सकते हैं। अतः मुद्राओं की संख्या के विषय में इदन्तया कह पाना कठिन है। कुछ संग्रह ग्रन्थों जैसे आनन्दाश्रमग्रन्थावली से प्रकाशित मुद्रा प्रकार, 'तान्त्रिक टेक्स्ट' भाग १ में प्रकाशित मुद्रानिघन्टु आदि में सामान्यतः पूजन में प्रयुक्त होने वाली मुद्राओं के लक्षणों का संग्रह प्राप्त होता है। इन संग्रहों में भी अनेक सर्वदेव साधारणी मुद्राओं, ग्रहों के पूजन में प्रयुक्त होने वाली मुद्राओं के लक्षणों का अभाव है।

पूजन में मुद्राओं की अपरिहार्यता एवं आवश्यक मुद्राओं के एकत्र संग्रह के अभाव का अनुभव बहुत काल से किया जाता रहा है। विशेषतः राष्ट्र भाषा में मुद्राओं के रचना प्रकार को स्पष्ट कर सकने वाले ग्रन्थ के अभाव ने प्रस्तुत मुद्रा विमर्श को जन्म दिया।

कार्तज्ञ्यार्पण

'मुद्रा विमर्श' हेतु सामग्री संकलन करते समय 'मुद्रा' की अवधारणा, अर्थ, इतिहास आदि के विषय में अनेक जिज्ञासाएँ मन में उत्पन्न हुयीं। उन्हें लेखक ने परमश्रद्धेय गुरुदेव एवं भारतीय वाङ्मय के अप्रतिम विद्वान् एवं मौलिक चिन्तक डॉ० गयाचरण त्रिपाठी जी के श्री चरणों में बैठ कर शान्त की। उनके द्वारा प्रदत्त अत्यन्त गम्भीर एवं उच्चस्तरीय सामग्री का अत्यल्प अंश कलेवर के विस्तार भय से भूमिका में यथास्थान दिया गया है। मुद्राओं का छायाचित्राङ्कन समय एव बहुव्यय साध्य था। किन्तु इस कार्य को अतिव्यस्तता में भी उन्होंने अपने सहज कृपालु स्वभाव के कारण स्वयं सम्पन्न किया। शब्द इनके प्रति कार्तज्ञ प्रदर्शित करने में असमर्थ हैं। इनके चरणों में लेखक की भक्तिभरित प्रणामाञ्जलि अर्पित है। इसी सातत्य में लेखक अपने दीक्षा गुरु तन्त्रसाधना के अनुभवी योगी परापारमेश्वरी कला के नित्य उपासक एवं विद्वान् राजस्थान के गौरव को अपने जन्म, त्यागवृत्ति एवं साधना से द्विगुणित करने वाले पं० रविप्रकाश (त्रिपाठी) ब्रह्मचारी (महाराज) जी के श्री चरणों की वन्दना करता है, जिनकी कृपा से मुद्रानिर्माण की विधि का ज्ञान कर सका।

प्रस्तुत 'मुद्राविमर्श' के सम्पादन के लिये विद्यापीठ के वरिष्ठ प्रवाचक डॉ० किशोरनाथ झा ने लेखक को उत्साहित किया तथा मूल्यवान् सामग्री भी उपलब्ध कराई इसके लिये लेखक डॉ० झा जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

लेखक अत्यन्त आभारी है राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के निदेशक महोदय, गङ्गानाथ झा केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ प्रशासन एवं संस्थान के शैक्षिक परिषद् के प्रत्येक विद्वान् के प्रति जिन्होंने इस पुस्तक को अपने उत्कृष्ट प्रकाशनों की शृंखला में स्थान पाने योग्य माना तथा इसके लिये प्राशासनिक एवं वित्तीय सुविधा प्रदान की।

वेद विभागाध्यक्ष, ममतामयी विदुषी डॉ० माया मालवीय के मूल्यवान् परामर्श, ज्येष्ठ भ्राता एवं साधक पं० आनन्द निधि पाण्डेय द्वारा प्रदत्त पुस्तकीय सहायता एवं परामर्श के लिये लेखक अधमर्णता ज्ञापित करता है।

पुस्तकालय परिवार के सदस्यों एवं मित्र एवं सहकर्मी डॉ० सत्यव्रत त्रिपाठी के प्रति हार्दिक आभार पूर्वक धन्यवाद है जो यथावसर पुस्तकीय सुविधा प्रदान करते रहे।

शाकुन्तल मुद्रणालय के कर्मचारियों एवं संचालक श्री उपेन्द्र त्रिपाठी को साधुवाद एवं धन्यवाद आवश्यक है जिनके परिश्रम से पुस्तक एवं चित्रों का सुन्दर मुद्रण हुआ।

अल्पज्ञत्व मनुष्य का स्वरूपलक्षण है। अतः मानव निष्पादित कार्यों का त्रुटि पूर्ण होना स्वाभाविक है। अतः इस पुस्तक की त्रुटिओं एवं अभावों की ओर विद्वानों एवं सुधीजनों के अवधान की अभ्यर्थना है। जिससे अग्रिम संस्करण उन अभावों एवं त्रुटिओं से मुक्त हो।

प्रकाश पाण्डेय

॥ करोतु श्रीविन्ध्यनिवासिनी शुभम् ॥

मुद्रा-विमर्शः

—०—

१ **अक्षमाला**[1]

अङ्गुष्ठतर्जन्यग्रेषु ग्रथयित्वाङ्गुलित्रयम् ॥
प्रसारयेदक्षमालामुद्रेयं परिकीर्तिता ॥

(मन्त्रमहार्णव तरङ्ग २; तन्त्रसार परि० ५, मुद्राप्रकरण)

२ **अग्नि**

संकोच्य करजं मध्ये हस्तयोरुभयोरपि ।
प्रसृताङ्गुष्ठमुत्तानं योज्या मुद्रा हुताशने ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।२४-२५)

३ **अघोर**[2]

करसंपुटकं कृत्वा वामानामां तु कारयेत् ।
दक्षिणे मध्यमाकुञ्च्य अङ्गुष्ठौ कुञ्चयेत्तथा ॥
शूलाकारं ततः कृत्वा हृदयं परिवर्तयेत् ।
अघोरस्य स्मृतामुद्रा सर्वविघ्नविनाशिनी ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।५७-५९)

---

१. इस मुद्रा का प्रयोग शिव एवं सरस्वती के पूजन में किया जाता है ।

उक्त श्लोक में 'तर्जन्यग्रेषु' पद में 'तु' घटित पाठ अधिक समीचीन प्रतीत होता है । 'तर्जन्यग्रे तु' ऐसा पाठ सरलतया अर्थ बोध कराता है ।

दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ एवं तर्जनी के अग्रभाग को परस्पर मिलाकर शेष तीन अङ्गुलियों को फैला देना चाहिये । हाथ को मोड़ कर हृदय के पास रखना चाहिये ।

२. दोनों हाथो को पुटाकार करें । बायीं अनामिका को करतल की ओर मोंड़ें तथा

४ **अङ्कुश**[1]

१. दक्षमुष्टिं विधायाथ तर्जन्यङ्कुशरूपिणीम् ।
अङ्कुशाख्या महामुद्रा त्रैलोक्यकर्षणक्षमा ॥

(श्यामारहस्य, परिच्छेद ३ धृत ज्ञानार्णव)

२ क. अङ्कुशाख्या भवेन्मुद्रा पृष्ठेऽनामाकनिष्ठया ।
अङ्गुष्ठे तर्जनी वक्रा सरला चापि मध्यमा ॥

(मेरुतन्त्र ८।३)

ख. ऋज्वीं च मध्यमां कृत्वा तर्जनीं मध्यपर्वणि ।
संयोज्याकुञ्चयेत् किञ्चिन् मुद्रैषाङ्कुशसंज्ञिका ॥

(तन्त्रसार, परि० ५ मुद्राप्रकरण)

५ **अङ्ग**[2]

ऊर्ध्वीकृत्य तथाङ्गुष्ठं करस्य दक्षिणस्य तु ।
कृत्वा मध्यां तदङ्गुष्ठं वाममुष्टिं तथोर्ध्वतः ॥
ऊर्ध्वाङ्गुष्ठां तथा कुर्यादङ्गमुद्रा प्रकीर्तिता ।

(कालिकापुराण ६६।६७-६८)

दाहिनी मध्यमा एवं अङ्गुष्ठों को उसी प्रकार मोड़ें । सभी को मिलाकर शूल के आकार का बनाकर हृदय की ओर मोड़कर प्रदर्शित करें। उक्त उद्धरण में 'वामानामां' पाठ चिन्त्य है । यदि 'वामेऽनामां' पाठ किया जाय तो सम्भवतः अधिक स्पष्टार्थक होगा ।

इस अघोर मुद्रा का प्रयोग विघ्नोत्सारण में होता है ।

१. अङ्कुश के दो प्रकार उपलब्ध होते हैं—

(१) तर्जनी के अतिरिक्त अन्य अङ्गुलियों से मुट्ठी बाँधकर तर्जनी को ऊर्ध्वमुख सीधा रखना चाहिये; पुनः तर्जनी को मध्यपर्व से मोड़कर अङ्कुश की भाँति बना कर प्रदर्शित करना चाहिये ।

(२) दाहिने हाथ की अनामिका एवं कनिष्ठा को मोड़ कर करतल से सम्पृक्त करके; उनके ऊपर अङ्गुष्ठ को स्थापित करना चाहिये । मध्यमा को ऊर्ध्व मुख सीधा रखते हुये तर्जनी को पूर्ववत् मध्यपर्व से मोड़ना चाहिये ।

यह मुद्रा सर्वदेवसाधारणी है । द्रव्य शुद्धि के अवसर पर इसका प्रयोग होता है ।

२. दाहिने अङ्गुष्ठ को ऊर्ध्वमुख सीधा रखते हुये मुट्ठी बाँधना चाहिये, उसके ऊपर

६

अङ्गन्यास[1]

अङ्गन्यासस्य या मुद्रास्तासां लक्षणमुच्यते ।
ऋजवो हस्तशाखाश्च हृदये च शिरस्यथ ॥
तर्जनीमध्यमाङ्गुष्ठमधोमुष्टिशिखां तथा ।
करद्वंद्वाङ्गुलीः सर्वाः कवचे स्युः प्रमोदिकाः ॥
नाराचमुद्रिका मध्ये तर्जनीध्वनिरीरिता ।
विष्वक्सेने स्मृता मुद्रा नेत्रयोर्मध्यतर्जनी ॥
नेत्रत्रयं यत्र भवेदनामामध्यतर्जनी ।

(मन्त्रमहार्णव, तरङ्ग २)

उसी प्रकार बायें हाथ की भी ऊर्ध्वाङ्गुष्ठ मुट्ठी बाँध कर स्थापित करना चाहिये तथा देवता के सम्मुख प्रदर्शित करना चाहिये ।

यह वैष्णवी मुद्रा है । विष्णु के पूजा में सकलीकरण के अवसर पर इसका प्रयोग होता है ।

१. ये मुद्रायें अत्यन्त प्रसिद्ध एवं सर्वदेव-साधारणी हैं । इसका स्वरूप क्रमशः इस प्रकार है—

(१) दाहिने हाथ की सभी अङ्गुलियों के अग्रभाग को परस्पर संयुक्त करके हृदय का स्पर्श करना चाहिये ।

(२) दाहिनी तर्जनी एवं मध्यमा के अग्रपर्व से ललाट का स्पर्श करना चाहिये ।

(३) दाहिने हाथ को मुष्टिबद्ध करके अङ्गुष्ठ को अधोमुख सीधा करके शिखा का स्पर्श करना चाहिये ।

(४) दोनों हाथों की सभी अङ्गुलियों से, दाहिने हाँथ से बाँयें तथा बाँयें हाथ से दाहिने, कन्धे का स्पर्श करना चाहिये ।

(५) दाहिनी तर्जनी को शिर के चारों तरफ घुमाकर वामकरतलमध्य में पटकना चाहिये । सम्प्रदायभेद से तर्जनी एवं मध्यमा, दो अङ्गुलियों से ध्वनि करने का भी प्रचलन है ।

(६) दोनों नेत्रों के मध्य भाग का मध्यमा एवं तर्जनी द्वारा स्पर्श करना चाहिये । यह मुद्रा शक्ति के अतिरिक्त अन्य सभी देवताओं के न्यास काल में प्रयुक्त होगी । शक्ति (अथवा अन्य त्रिनेत्र देवता यथा शिव) के न्यास काल में तर्जनी एवं अनामिका द्वारा दोनों नेत्र तथा मध्यमा द्वारा भ्रूमध्य का स्पर्श करना चाहिये ।

७ **अङ्गुलिन्यास**[1]

अङ्गुलिन्यासमुद्रास्तु पञ्चाङ्गुल्यः स्पृशेत् क्रमात् ।
अङ्गुष्ठेन चतस्रस्तु तर्जन्याङ्गुष्ठमेव च ॥

(मेरुतन्त्र ८।६)

८ **अञ्जलि**[2]

अञ्जलिरञ्जलिमुद्रा स्याद् वासुदेवाह्वया च सा ॥

(तन्त्रसार, परि० ५ मुद्राप्रकरण)

९ **अनन्त**[3]

उत्तानौ तु करौ कृत्वा अन्योन्यान्तरिताङ्गुलीः ।
कनिष्ठान्ते चाङ्गुष्ठम् अनन्तेति प्रकीर्तिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।८-९)

इन न्यास मुद्राओं के प्रयोग काल में उपास्य के मन्त्राक्षरों का भी प्रयोग किया जाता है ।

१. सर्वदेवसाधारणी इस मुद्रा का प्रयोग अङ्गन्यास के पूर्व तत्तत् उपास्य देवों के मन्त्राक्षरों के उच्चारण के साथ किया जाता है ।

दोनों हाथों के अङ्गुष्ठों से अपने-अपने हाथ की तर्जनी, मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा का क्रमशः स्पर्श करना चाहिये । तत् पश्चात् दोनों तर्जनियों से स्व-स्व अङ्गुष्ठों का स्पर्श करना चाहिये ।

कुछ साधक सम्प्रदायभेद के कारण इन मुद्राओं का कुछ भिन्न रूप से प्रयोग करते हैं । उनके अनुसार दाहिने हाथ की सभी अङ्गुलियों द्वारा बाँयें हाथ की सभी अङ्गुलियों का स्पर्श करना चाहिये । तदनुसार- अङ्गुष्ठ से अङ्गुष्ठ, तर्जनी से तर्जनी, मध्यमा से मध्यमा, अनामिका से अनामिका तथा कनिष्ठा से कनिष्ठा का स्पर्श करना चाहिये । यद्यपि इस विधि का शास्त्रीय-प्रमाण उपलब्ध नहीं हो सका है ।

२. दोनों हाथों को पुटाकर करके देवता के सम्मुख प्रदर्शित करना चाहिये । विष्णु के आवाहन के समय इसका प्रयोग होता है ।

३. दोनों हाथों को उठाकर परस्पराभिमुख करके सभी अङ्गुलियों को एक दूसरे से

१० **अपान**

(द्रष्टव्या प्राणादिपञ्चमुद्रा ।)

११ **अभय**[1]

ऊर्ध्वीकृतवामहस्त - प्रसृतोऽभयमुद्रिका ।

(तन्त्रसार, परि० ५ मुद्राप्रकरण)

१२ **अमृता**[2]

अनामामध्यमे द्वे तु अन्योन्यान्तरिते कृते ।
संयोज्य मध्यमे स्वाग्रं तर्जनीद्वयमेव च ।
कनिष्ठाद्ये तथा द्वे तु स्वाग्रेऽनाम्नि नियोजयेत् ।
अर्धस्थितौ तथाङ्गुष्ठौ अमृताख्या प्रकीर्तिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।५२-५३)

१३ **अमृतीकरण**

(द्रष्टव्या गोमुद्रा ।)

बाँधना चाहिये तथा अङ्गुष्ठों को स्व-स्व कनिष्ठाओं पर स्थापित करना चाहिये । यह वैष्णवी मुद्रा अनन्त के लिये प्रयुक्त होती है ।

१. यह मुद्रा अनेकदेवसाधारणी है । अत्यन्त प्रसिद्ध भी है । उपास्य के ध्यान के पश्चात् इसका प्रदर्शन करना चाहिये ।

बाँयें हाथ को (करतल को देवताभिमुख रखते हुये) ऊपर उठाना चाहिये । सभी अङ्गुलियों को परस्पर सटा कर प्रदर्शित करना चाहिये ।

२. इस मुद्रा का स्वरूप लगभग योनि-मुद्रा-१ की भाँति है । अनामिका एवं मध्यमा को एक दूसरी ओर झुकाकर दोनों मध्यमाओं के शीर्ष को परस्पर मिलायें, तर्जनियों के शीर्ष को भी मिलायें, कनिष्ठाओं को अन्दर करके अनामिका पर स्थापित करें तथा दोनों अङ्गुष्ठों को मोड़कर कनिष्ठा पर स्थापित करें ।

१४ अविघ्न (विघ्न)[1]

१. तर्जनीमध्यमासन्धिनिर्गताङ्गुष्ठमुष्टिका ।
अधोमुखीदीर्घरूपा मध्यमाविघ्नमुद्रिका ॥

(शारदातिलक, पटल १३)

२. तर्जनीमध्यमानामाकनिष्ठाङ्गुष्ठमुष्टिका ।
अधोमुखी दीर्घरूपा मध्यमाविघ्नमुद्रिका ॥

(तन्त्रसार, परि० ५ मुद्राप्रकरण)

१५ अर्धचन्द्र[2]

कनिष्ठानामिकामध्यामाकुञ्चन् दक्षिणेन तु ।
करस्य तर्जन्यङ्गुष्ठे प्रसार्य क्रियते तु या ॥
सा मुद्रा ह्यर्धचन्द्राख्या ग्रहाणां प्रीतिदायिनी ॥

(कालिकापुराण ६६।६५-६६)

---

१. इस मुद्रा का प्रयोग गणपति के पूजन में किया जाता है। इसके दो प्रकार प्राप्त होते हैं—

(१) दाहिने हाथ की मुट्ठी बाँध कर तर्जनी एवं मध्यमा के संधि स्थान में अङ्गुष्ठ को प्रविष्ट कराना चाहिये। मध्यमा को सीधी एवं अधोमुखी रखना चाहिये। इस प्रकार अङ्गुष्ठ दन्त का तथा मध्यमा शुण्ड का प्रतीक बनता है। इसे दन्त मुद्रा भी कहते हैं।

(२) सभी अङ्गुलियों को मोड़कर मुट्ठी बाँधें पुनः मध्यमा को सीधी अधोमुख करके प्रदर्शित करें। इसमें दन्त का प्रदर्शन नहीं होता।

२. दाहिनी कनिष्ठा, अनामिका तथा मध्यमा को टेढ़ी करके करतल से संयुक्त करना चाहिये। तर्जनी तथा अङ्गुष्ठ को विपरीत दिशा में सीधे फैलाना चाहिये।

इस मुद्रा का प्रयोग ग्रहों के पूजन में, विशेषतः चन्द्रमा के पूजन में किया जाता है।

१६ अर्ध-धेनु[1]

अनामिके कनिष्ठे च संयोज्य वायुना पुनः ।
मध्यमातर्जनीनां तु धेनुमुद्रेव बन्धनम् ॥

(कालिकापुराण ६६।७५-७६)

१७ अलङ्कार

(द्रष्टव्या षोडशोपचार-मुद्रा ।)

१८ अवगुण्ठन[2]

१. सव्यहस्तकृतामुष्टिर्दीर्घाधोमुखतर्जनी ।
अवगुण्ठनमुद्रेयमभितो भ्रामिता सती ॥

(मन्त्रमहोदधि २।७)

२. अन्तरङ्गुष्ठमुष्टिभ्यां सन्निरोधनरूपिणी ।
एतस्या एव मुद्रायास्तर्जन्यौ सरले यदि ॥
अवगुण्ठनमुद्रेयम् अभितो भ्रामिता सती ।

(तन्त्रोक्तनित्यपूजापद्धति धृत कौलावली)

---

१. दोनों हाथों की अनामिकाओं एवं कनिष्ठाओं के अग्र पर्वों को परस्पर संयुक्त करना चाहिये, पुनः बायीं तर्जनी के अग्रपर्व को दायीं मध्यमा से, तथा बायीं मध्यमा को दायीं तर्जनी के अग्रपर्व से मिलाना चाहिये ।

इसका प्रयोग चन्द्रमा के पूजन में होता है ।

२. द्रव्यसंस्कार के अवसर पर प्रयुक्त होने वाली इस मुद्रा के दो प्रकार प्राप्त होते हैं—

(१) दाहिने हाथ को मुष्टिबद्ध करके तर्जनी को दण्डवत् सीधी एवं अधोमुखी करना चाहिये तथा पूजनद्रव्य के चारों ओर घुमाना चाहिये ।

(२) दोनों हाथों की अङ्गुष्ठगर्भा मुट्ठी बाँध कर दोनों तर्जनियों को पूर्ववत् सीधी अधोमुखी रखकर द्रव्य के चारों ओर घुमाना चाहिये ।

१९ आसन[1]

आसनाख्या पद्ममुद्रा सूपविष्टः सुखासने ।
स्व-स्व-जानुस्थितौ हस्तौ कालिकाभावधोमुखम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।८६)

२० आन्त्र[2]

हस्तावधोमुखौ कृत्वा नाभिदेशे प्रसार्य च ।
तर्जनीभ्यां नयेत् स्कन्धौ प्रोक्तैषाऽन्त्राख्य मुद्रिका ॥

(परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ १२०)

२१ ईशान[3]

कनिष्ठानामिके द्वे द्वे अन्तरान्तरयोजिते ।
आकुञ्चितान्तरिते योज्ये शेषे चैव प्रसारिते ।
ईशानस्य भवेन्मुद्रा सर्वकर्मकरी शुभा ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।६१-६२)

२२ ईशानी[4]

मध्ये प्रसारितास्तिस्रो मुद्रेशानी प्रकीर्तिता ।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराणम् ३३।२८)

---

१. सभी देवताओं के पूजन काल में आसन मुद्रा का प्रयोग किया जाता है। चतुर्थ चरण का भाव सभवतः यह है कि काली की भाँति अनन्यमनस्क, सावधान एवं अधोमुख बैठना चाहिये। (यद्यपि इस स्थल पर ग्रन्थ का भाव पाठालोचन के पश्चात् ही स्पष्ट हो पायेगा।)

२. यह वैष्णवी मुद्रा है। भगवान् नृसिंह के पूजन में इस मुद्रा का प्रयोग ध्यान के पश्चात् किया जाता है। दोनों हाथों को अधोमुख करतल करके नाभि के पास फैला कर दोनों तर्जनियों से सम्पूर्ण उदरवक्षादि प्रदेशों का स्पर्श करते हुये कन्धों का स्पर्श करना इस मुद्रा का स्वरूप है।

३. दोनों हाथों की कनिष्ठा एवं अनामिकाओं को परस्पर मिलाकर मोड़ कर करतल लग्न करना चाहिये तथा तर्जनी एवं मध्यमा को प्रसारित रखना चाहिये। यह शैव मुद्रा है।

४. इसका वर्णन कौबेरी मुद्रा के पश्चात् है। अतः कौबेरी मुद्रा प्रदर्शित करते समय

१८ क अस्त्र[1]

अङ्गुष्ठतर्जन्युदितो ध्वनिस्तु विष्वक् वियुक्तः कथितास्त्रमुद्रा ।

(सम्प्रदाय)

अस्त्रमुद्रा करद्वन्द्वं स्फोटे चापि तदुत्तरम् ।
तर्जन्या शब्दयेत्ताभ्यां ज्येष्ठाग्रवलिताग्रया ॥

(मेरुतन्त्र ८।२५)

१८ ख असिवल्ली[2]

तर्जन्यङ्गुष्ठयोरग्रभागौ संयोज्य चाङ्गुलीः ।
अन्या आकुञ्चयेत् तिस्रः साऽसिवल्ली प्रकीर्तिता ॥

(कालिकापुराण ६६।९६)

१८ ग आकर्षिणी।आकर्षणी[3]

मध्यमातर्जनीभ्यांस्तु कनिष्ठानामिके समे ।
अङ्कुशाकाररूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ॥

---

१. उक्त उद्धरण में प्रथम को छोटिका मुद्रा भी कहते हैं। इस मुद्रा का प्रयोग न्यास काल में तथा दिग्बन्ध के अवसर पर किया जाता है।

दिग्बन्ध के अवसर पर दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ एवं तर्जनी द्वारा चुटकी बजाते हुये अपने शिर के चारों ओर घुमाना चाहिये।

न्यास काल में वामकरतल पर दक्षिण हाथ के मध्यमा एवं तर्जनी द्वारा ध्वनि करे। तदनन्तर अङ्गुष्ठ और तर्जनी द्वारा दोनों हाथों से चुटकी बजाना चाहिये।

२. (दाहिनीं) तर्जनीं एवं अङ्गुष्ठ के अग्रभाग को परस्पर संयुक्त करके अन्य तीनों को मोड़कर मुष्टिबद्ध करना चाहिये।

इसका प्रदर्शन पितरों, रुद्रों एवं विश्वकर्मा के लिये किया जाता है—

पितृणामथ साध्यानां रुद्राणां विश्वकर्मणः ।
सर्वदा प्रीति जननी साऽसिवल्ली प्रकीर्तिता ॥

(कालिकापुराण ६६।९७)

३. इसकी तुलना कुण्डली मुद्रा (प्रथम) से की जा सकती है।

दोनों हाथों की कनिष्ठिका एवं अनामिका को अपने-अपने करतल से संयुक्त करें। उनके ऊपर अङ्गुष्ठ को स्थापित करें। दोनों हाथों की तर्जनीं को टेढ़ी एवं

अङ्गुष्ठं तु नियुञ्जीत कनिष्ठानामिकोपरि ।
इयं आकर्षणी मुद्रा त्रैलोक्याकर्षणी परा ।।

(तन्त्रसार पृ० ४३८, मन्त्रमहोदधि तरंग—२)

कनिष्ठामध्यमाङ्गुष्ठो तर्जन्यौ विनतेऽर्धतः ।
मध्यमे सरले शेषा मुखयुक्तानुकर्षिणी ।।

(मेरुतन्त्र ८।१६)

मध्यमातर्जनीभ्यां च कनिष्ठानामिके समे ।
अङ्कुशाकाररूपाभ्यां मध्यमे परमेश्वरि ।।

(परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ ६३६)

१८ च आकाश

देखिये—नभो मुद्रा ।

१८ छ आचमनीय

देखिये—षोडशोपचार मुद्रा

१८ ज आभरण

देखिये—षोडशोपचार मुद्रा

१८ झ आवाहन्यादिपञ्चमुद्राः[1]

[1]ऊर्ध्वाञ्जलिमधः कुर्यात् इयं आवाहनी भवेत् ।
इयं तु विपरीता स्यात् तदा वै स्थापनी भवेत् ।।

मध्यमा को दण्डवत् सीधी रखना चाहिये । (दे० — अङ्कुश) । तदनन्तर दोनों तर्जनियों के अग्रपर्व को अन्योन्याभिमुख रखना चाहिये ।

त्रिपुरा के पूजन में नवमुद्रा प्रदर्शन के अवसर पर इसका प्रयोग होता है ।

१. ये मुद्राएँ सभी सम्प्रदाय में अत्यन्त प्रचलित हैं । इन मुद्राओं के अनेक प्रकार भी तत्तत् ग्रन्थों मे उल्लिखित हैं; जिनका प्रयोग सम्प्रदायानुसार किया जाता है । इनका प्रथम प्रकार उपर्युक्त है । यथा—

१. देवता के सम्मुख बैठ कर दोनों हाथों की अङ्गुलियों को परस्पर संयुक्त

ऊर्ध्वाङ्गुष्ठमुष्टियोगः तदेयं सन्निधापनी ।
आन्तरङ्गुष्ठयुगलं तदेयं सन्निरोधिनी ।।
अनामामूलसंलग्नाङ्गुष्ठाग्राञ्जलिरीरिता ।
देवाह्वानकरी चैषा मुद्रावाहनसंज्ञिका ।।

(मन्त्रमहोदधि तरंग २, श्यामारहस्य, परिच्छेद २)

[३]सम्यक् प्रपुरितः पुष्पैः कराभ्यां कल्पितोऽञ्जलिः ।
आवाहनी समाख्याता मुद्रा देशिक सत्तमैः ।।
अधोमुखी कृता सैव प्रोक्ता स्थापनकर्मणि ।
आश्लिष्टमुष्टियुगला प्रोन्नताङ्गुष्ठयुग्मका ।।
सन्निधाने समुद्दिष्टा मुद्रेयं तन्त्रवेदिभिः ।
अङ्गुष्ठगर्भिणी सैव सन्निरोधे समीरिता ।।
उत्तानौ द्वौ कृतौ मुष्टी सम्मुखीकरणी स्मृता ।

(शारदतिलक २३।१०७-९)

[४]ऊर्ध्वाञ्जलिमधः कुर्यादियमावाहनी मता ।
इयं तु विपरीता स्यात्तदा वै स्थापनी मता ।

करके अङ्गुल्यग्रों को अधोमुख करना 'आवाहनी' मुद्रा है । आवाहन काल में हाथ में कुछ पुष्प भी होने चाहिये ऐसा गन्धर्व तन्त्र का मत है—

आवाहन समयेऽञ्जलौ पुष्पमपि निधापयेत् ।

दोनों हाथ की अंगुलियों को मोड़कर ढीली मुट्ठी बन्द करना 'सन्निधापनी' है ।

अङ्गुष्ठगर्भित मुट्ठी बाँधना 'संन्निरोधिनी' है ।

सन्निरोधिनी के ही अङ्गुष्ठों को दण्डवत् उत्तान करना 'सम्मुखीकरणी' है ।

३. पुष्प भरी हुई अञ्जलि 'आवाहनी' मुद्रा है ।

अन्य पूर्ववत् ।

४. यह 'प्रथम प्रकार' की तरह है ।

मिलितं मुष्टियुगलं सन्निधापनरूपिणी ।
अन्तरङ्गुष्ठमुष्टिभ्यां सन्निरोधनरूपिणी ।
एतस्या एव मुद्रायास्तर्जन्यौ सरले यदा ।
सव्यापसव्यभ्रमणान्मुद्रेयमवगुण्ठनी ॥

(ज्ञानार्णवतन्त्र ४।३१-३४)

[२]हस्तद्वयं वोर्ध्वमुखं ऋज्वङ्गुलियुतं करम् ।
अङ्गुल्यग्राणि भुग्नानि कनिष्ठामूलभागतः ॥
अङ्गुष्ठाग्रसमायोगात् मुद्रेषावाहनी मता ।
अधोमुखी चेयमेव स्थापनाख्या समीरिता ।
मुष्टिद्वयोदरयुता भवेत् सा सन्निधापनी ।
इयमङ्गुष्ठगर्भा तु सन्निरोधनरूपिणी ॥
इयमेवोत्तानरूपा सम्मुखीकरणाभिधा ॥

(परशुरामकल्पसूत्र ७।२१. भाष्य)

इसी अञ्जलि को खोलकर अधोमुख करतल अधोमुखकरना 'स्थापनी' मुद्रा है ।

देवता के सम्मुख दोनों करों को मुष्टिबद्ध करके तथा परस्पर संयुक्त कर अङ्गुष्ठों को दण्डवत् ऊर्ध्व करना 'सन्निधापनी' है ।

अङ्गुष्ठगर्भ मुष्टियुगल 'सन्निरोधिनी' है ।

आवाहन मुद्रा में अञ्जलि बनाते समय अनामिका के मूल पर्व पर अङ्गुष्ठाग्र को स्थापित करना चाहिये ।

इस प्रथम प्रकार में चार ही मुद्राओं का वर्णन है ।

२. दोनो हाथों के करतल को ऊर्ध्व मुख, अङ्गुलियों को सीधी एवं परस्पर सटी हुयी, अङ्गुष्ठाग्र को कनिष्ठा के मूल पर्व पर स्थापित करना चाहिये । यह 'आवाहनी' मुद्रा है ।

इसी को अधोमुख करतल करना 'स्थापनी' मुद्रा है ।

२३ **उन्मादिनी**[1]

सम्मुखौ तु करौ कृत्वा मध्यमामध्यमेऽनुजे ।
अनामिके तु सरले तद्बहिस्तर्जनीद्वयम् ॥
दण्डाकारौ तथाङ्गुष्ठौ मध्यमानखदेशगौ ।
मुद्रेयमुन्मादिनी नाम्ना कर्षिणी सर्वयोषिताम् ॥

(तन्त्रसार, परि० ५ मुद्राप्रकरण)

कनिष्ठाग्रे तु चान्योन्यं सम्प्रसारितहस्तयोः ।
मध्यमाभ्यां दृढं बध्वानामिकाग्रे तु योजयेत् ॥
तर्जन्यऽनामिकाग्रे तु प्रापयेन्मध्यमोपरि ।
अन्योन्याङ्गुष्ठकौ लग्नौ मुद्रा चोन्मादिनी मता ॥

(मेरुतन्त्र ८।४३-४४)

२४ **कण्ठ**[2]

सा कण्ठमुद्रा हस्ताभ्यां सर्वकण्ठो निबध्यते ।
यत्रैकमुष्टिरङ्गुष्ठो दक्षो वामसमाश्रितः ॥

(मेरुतन्त्र ८।४)

हाथों की जो स्थिति होती है; वैसी बनाकर, तीनों अङ्गुलियों को फैलाना चाहिये ।

१. सर्वप्रथम दोनों हाथों को परस्पराभिमुख करके प्रसारित करें, दोनों कनिष्ठाओं को अपने-अपने हाथों की मध्यमा के मध्य-पर्व पर स्थापित करके, दोनों मध्यमाओं से दोनों कनिष्ठाओं को बाँध लेना चाहिये । दोनों अनामिकाओं को सीधी रखते हुये उनके अग्र-पर्वों को परस्पर संयुक्त रखना चाहिये । इसी प्रकार दोनों तर्जनियाँ भी अनामिकाओं के बहिर्भाग अर्थात् नखों से मिली होनी चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठों को दण्डवत् सीधा करके मध्यमा के अग्र-पर्व पर स्थापित करना चाहिये ।

इस मुद्रा का प्रयोग श्रीकुल, काली कुल दोनों में प्रचलित है । किन्तु प्रमुखतः भगवती काली के पूजन क्रम में इसका प्रचलन है ।

२. यह शिवपूजोपयोगिनी मुद्रा है । यह मुद्रा पर्याप्त अभ्यास के बाद ही बन पाती

२५ **कच्छप**

(द्रष्टव्या-कूर्ममुद्रा ।)

२६ **कपाल[1] (कापालिका)**

पात्रवद् वामहस्तं तु कृत्वाङ्गं वामके तथा ।
निधायोच्छ्रितवत् कुर्यान्मुद्रा कापालिका मता ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३५)

२७ **कपिल[2]**

तर्जन्यङ्गुष्ठयोर्मध्ये मध्यमां तु प्रपीडयेत् ।
प्रसारयेदनामाञ्च पश्चात्तस्याः कनिष्ठिकाम् ।
परस्परं च दूरस्थे मुद्रैषा कापिली स्मृता ॥

(जयाख्य-संहिता ८।२६-२७)

२८ **करकच्छप**

(द्रष्टव्या—कूर्ममुद्रा ।)

है । दोनो हाथों से कण्ठ को लपेट कर दाहिने अङ्गुष्ठ को बाँये हाथ से पकड़ना इसका स्वरूप है ।

१. इसे कापालिक, कपाली, कापालिनी आदि विविध नामों से जाना जाता है । काली एवं भैरव के पूजन में इस मुद्रा का प्रयोग होता है ।

२. दाहिने हाथ की मध्यमा को तर्जनी एवं अङ्गुष्ठ से बाँधना चाहिये । अनामिका एवं कनिष्ठा को परस्पर दूर रखते हुये प्रसारित करना चाहिये ।

इस वैष्णवी मुद्रा को अणिमादि-सिद्धिकारिणी कहा गया है ।

सर्व सिद्धिकरी ह्येषा अणिमादिषु साधनी ।

(जयाख्य संहिता ८।२)

२९ **कलश**[1]

दक्षाङ्गुष्ठं कराङ्गुष्ठे क्षिप्त्वा हस्तद्वयेन तु ।
सावकाशां एकमुष्टिं कुर्यात् सा कुम्भमुद्रिका ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

मुष्ट्योरूर्ध्वीकृताङ्गुष्ठे तर्जन्यग्रेषु विन्यसेत् ।
सर्वरक्षाकरी ह्येषा कुम्भमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(श्यामारहस्य, परिच्छेद ३)

वामहस्तकृता मुष्टिर्दक्षहस्तेन वेष्टयेत् ।
कलशाख्या भवेन्मुद्रा सर्वपापहरा शुभा ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति-धृत गौतमीयतन्त्र)

३० **कवच**[2]

कवचाख्या त्विय मुद्रा ह्यङ्गुल्यकृत नालिकाः ।
स्कन्धादानाभिपर्यन्तं पाण्योस्तु प्रक्रमो भवेत् ॥

(मेरुतन्त्र ८।१०)

---

१. यह मुद्रा सर्वदेव साधारणी है । इसके ३ प्रकार बताये गये हैं । यथा—

(१) दोनों हाथों को लपेट कर, ढीली मुट्ठी बनाकर. बाँये अङ्गुष्ठ पर दाँया अङ्गुष्ठ रखना चाहिये ।

(२) सावकाशा-मुष्टि के दोनों अङ्गुष्ठ तर्जनियों के अग्रपर्वों पर स्थापित करना चाहिये ।

(३) बाँये हाथ की ढीली मुट्ठी बाँध कर उसे दाहिने हाथ से लपेटना चाहिये ।

तीनों प्रकारों में स्वरूप कुम्भ सा ही बनता है। सभी देवताओं के अभिषेक कर्म में इसका प्रयोग होता है तथा इसे 'सर्वरक्षाकरी' कहा गया है।

२. दोनों हाथों की सभी अङ्गुलियों को सटा कर परिवर्त क्रम से स्कन्ध का स्पर्श कवच मुद्रा है । इसका प्रयोग न्यास काल में होता है ।

३१ कस्तूरी[1]

कस्तूरी कर संकोची ... ... ।

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति-धृत श्रीतत्त्व चिन्तामणि)

३२ काम[2]

कामाख्या संपुटौ हस्तौ मध्यमे पृष्ठगे यदा ।
तर्जन्यौ मध्यमासंस्थमङ्गुष्ठयुगलं यदि ।।

(मेरुतन्त्र ८।७१)

---

१. यद्यपि कस्तूरी वैष्णवी मुद्राओं में परिगणित है तथा भगवान् वारह के लिये प्रयुक्त होती है, किन्तु इसका प्रयोग अभिचारपरक अनुष्ठानों में हवन के समय किया जाता है। इसीलिये शूकरी नाम से इस मुद्रा की परिगणना हवन मुद्राओं में की गई है। पाँचों अङ्गुलियों के अग्रभाग को मिलाकर शूकराननवत् बनाना इसका स्वरूप है।

'तिस्रो मुद्राः स्मृता होमे मृगी हंसी च कस्तूरी ।'

(तन्त्रोक्तनित्यपूजापद्धति धृत श्रीतत्त्वचिन्तामणि)

तुलनीय—**'तस्रो मुद्राः स्मृता होमे मृगी हंसी च शूकरी ।'**

(आगम रहस्य, पटल २६)

'अभिचारे शूकरी स्यात् विद्वेषोच्चाटनादिषु ।'

(आगम रहस्य, पटल १४)

२. दोनों हाथों को परस्पर अञ्जलि बद्ध करके बाँयीं तर्जनी बायीं मध्यमा के ही पृष्ठ पर स्थापित करना चाहिये। इसी प्रकार दाहिनीं तर्जनी उसी हाथ की मध्यमा पर स्थापित करना चाहिये। दोनों अङ्गुष्ठों को स्व-स्व मध्यमाओं के अग्रभाग पर स्थापित करना चाहिये। यह काम-मुद्रा का स्वरूप है। इसे सर्व-देव प्रियङ्करी कहा जाता है। यथा—

हस्तौ तु सम्पुटौ कृत्वा प्रसृताङ्गुलिकौ तथा ।
तर्जन्यौ मध्यमापृष्ठे अङ्गुष्ठौ मध्यमाश्रितौ ।
काममुद्रेयमुदिता सर्वदेवप्रियङ्करी ।।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३५ तथा आगम रहस्य, पृष्ठ ४१२)

यद्यपि इसे वैष्णवी मुद्राओं में परिगणित किया जाता है।

३३ **कालकर्णी**[1]

कालकर्णी भवेन्मुष्ट्योरङ्गुष्ठावुन्नतौ यदा ।
पार्श्वयोश्चापि संलग्नौ द्वावेवाभिमुखौ तदा ॥

(मेरुतन्त्र ८।१९)

३४ **कुन्त**[2]

मुष्ट्योरूर्ध्वौ कृतोऽङ्गुष्ठौ तर्जन्यग्रे तु विन्यसेत् ।
सर्वरक्षाकरी ह्येषा कुन्तमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(आगम रहस्य, पृष्ठ ४०४)

३५ **कुण्ड**[3]

सर्वाङ्गुलीस्तु संयोज्य दक्षिणस्य करस्य च ।
कियद् भागं तथानम्य तलं कुर्यात् तु कुण्डवत् ।
समाख्याता कुण्डमुद्रा बुधवाणीशिवप्रिया ॥

(कालिका पुराण ६६।७७-७९)

---

१. दोनों हाथों की पृथक्-पृथक् मुट्ठी बाँध कर इन मुट्ठियों को परस्पर मिलना चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठों को दण्डवत् उच्छ्रित एवं स्वाभिमुख रखना चाहिये ।

तुलनीय—तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६-७ ।

'अङ्गुष्ठावुन्नतौ कृत्वा मुष्टिसंलग्नयोर्द्वयोः ।
तावेवाभिमुखौ कुर्यान्मुद्रैषा कालकर्णिका ॥'

इस मुद्रा का प्रयोग विघ्नोत्सारण के समय किया जाता है । यह प्रमुखतया शाक्तसम्प्रदाय में प्रचलित है ।

'कालकर्णी प्रयोक्तव्या विघ्नप्रशमकर्मणि ।'

(आगम रहस्य, पृष्ठ ४०४)

२. रक्षणे कुन्त मुद्रौक्ता ..... ॥ (आगम स्हस्य, पृष्ठ ४०४)

इस सर्वदेवसाधारणी मुद्रा का प्रयोग पूजनारम्भ में किया जाता है ।

३. बुध, सरस्वती एवं शिव के पूजन में प्रयुक्त होने वाली इस मुद्रा को ऊर्ध्व करतल करके प्रदर्शित करना चाहिये ।

३६ कुण्डली[1]

(क) अङ्गुष्ठाग्रं तु तर्जन्या अग्रभागेन योजयेत् ।
आकुञ्च्य मध्यमाद्यास्तु दक्षहस्तस्य चाङ्गुलीः ।
दर्शयेत् कुण्डलाकारं कुण्डलीशक्तितुष्टिदम् ॥

(कालिका पुराण ६६।९१-९२)

(ख) मुष्टिं बध्वा तले मन्त्री तर्जनीं दण्डवत् चरेत् ।
सा कुण्डली नाम .... ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति-धृत श्रीतत्त्व चिन्तामणि)

३७ कुशल[2]

कुशलाख्या भवेन्मुद्रा करावुन्नमितौ यदि ।
आन्दोलितौ फणाकारौ स्व-स्व दिग्भागसंस्थितौ ॥

(मेरुतन्त्र ८।८७)

३८ कूर्म[3]

वामहस्तस्य तर्जन्यां दक्षिणस्य कनिष्ठया ।
तथा दक्षिणतर्जन्या वामाङ्गुष्ठेन योजयेत् ॥

---

१. इस मुद्रा का प्रयोग काली पूजन में होता है। इसके दो रूपों का उल्लेख प्राप्त होता है। प्रथम में दोनों हाथों का प्रयोग होता है तथा सुप्त कुण्डलिनी का प्रतीक बनता है। द्वितीय प्रकार में एक ही हाथ का प्रयोग किया जाता है तथा उच्छ्रित तर्जनी उसके मुख का प्रतीक होती है। यह कुण्डलिनी जागरण की प्रथमावस्था का प्रतिनिधित्व करती है।

२. यह शैव मुद्राओं में परिगणित है।

३. बाँये हाथ की हथेली पर दाहिनी हथेली को धन के आकार का बनाते हुये स्थापित करके दाहिनी कनिष्ठा को बायीं तर्जनी से, दाहिनी तर्जनीं को बाँये अङ्गुष्ठ से संयुक्त करके, दाहिनी मध्यमा एवं अनामिका को बाँयें करतल के तर्जनी एवं अङ्गुष्ठ के मध्य भाग में (जिसे पितृतीर्थ कहते हैं) न्यस्त करके भली भाँति संयुक्त करना चाहिये। पुनः बाँये हाथ की मध्यना अनामिका तथा कनिष्ठा को दाहिने

उन्नतं दक्षिणाङ्गुष्ठं वामस्य मध्यमादिकाः ।
अङ्गुलीर्योजयेत् पृष्ठे दक्षिणस्य करस्य च ॥
वामस्य पितृतीर्थेन मध्यमानामिके तथा ।
अधोमुखे च ते कुर्यात् दक्षिणस्य करस्य च ॥
कूर्मपृष्ठसमं कुर्यात् दक्षपाणिं च सर्वतः ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७; कालिकापुराण, अध्याय ६६)

३९ **क्रोड**[1]

अधो मुखे वामहस्ते मध्यमानामिके यदा ।
अङ्गुष्ठस्य तु संसक्ते कनिष्ठा तर्जनी द्वयम् ॥
प्रसारितं ततः कार्यं मुद्रा क्रोडात्मिका स्मृता ॥

(जयाख्य-संहिता ८।२८-३०)

४० **कौलिकी**[2]

मध्यमाङ्गुष्ठयोगेन मुद्रास्तु कौलिकी स्मृता ।

(कुलार्णव तन्त्र)

हाथ के पृष्ठ भाग पर स्थापित करना चाहिये तथा दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ को सीधा रखना चाहिये । यह कूर्म मुद्रा का स्वरूप है । यह मुद्रा सर्वदेवसाधारणी है तथा इसका प्रयोग ध्यान के समय किया जाता है—

'कूर्मं मुद्रा समाख्याता देवता ध्यान कर्मणि ।'

(आगम रहस्य पृष्ठ ४०६)

इसका स्वरूप नामानुगुण ही होता है ।

१. बाँये हाथ को अधोमुख करके मध्यमा एवं अनामिका को अङ्गुष्ठ से सम्पृक्त करना चाहिये, पुनः कनिष्ठा एवं तर्जनी को फैलाना चाहिये ।

यह वैष्णवी मुद्रा है तथा इसका प्रयोग रक्षार्थ किया जाता है—

'सर्वयन्त्रप्रथनी सर्वदुष्टनिवारिणी ।'

(जयाख्य-संहिता ८।३०)

२. भगवती काली के पूजन में तर्पण के अवसर पर इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता

४१ **कौबेरी**[1]

निकुञ्चिताश्च तास्सर्वाः कौबेरी तु प्रकीर्तिता ।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।२७)

४२ **कौस्तुभ**[2]

अनामापृष्ठसंलग्ना दक्षिणस्य कनिष्ठिका ।
कनिष्ठयान्यया बद्धा तर्जन्या दक्षया तथा ॥
अनामायाञ्च बध्नीयात् दक्षिणाङ्गुष्ठमूलके ।
अङ्गुष्ठमध्यमे वामे संयोज्यसरलाः पराः ॥
चतस्रो व्यग्रसंलग्ना मुद्रा कौस्तुभसंज्ञिका ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३४, आगम रहस्य, पृष्ठ ४११)

कामं उच्चार्य विधिवत् निक्षिपेत् हृदयोपरि ।
कृत्वेतरं करं वामे कृत्वा सम्यक् समाङ्गुलीः ॥
अन्योन्य पृष्ठकरयोः मध्यमानामिकाङ्गुलीः ।
वामकनिष्ठया दक्षतर्जनीं च निपीडयेत् ॥
तथैव वामतर्जन्यां दक्षहस्ताङ्गुलित्रयम् ।
एकत्र योजितां कृत्वा मुद्रा स्यात् कौस्तुभात्मिका ॥
दक्षिणे मणिबन्धे च वामाङ्गुष्ठं नियोजयेत् ।
मुद्रेयं कौस्तुभाख्योक्ता दर्शनीया प्रयत्नतः ॥

(तन्त्रोक्त नित्यपूजापद्धति, मुद्राप्रकरण)

है। दाहिने हाथ की सारी अङ्गुलियों को सीधी करके मध्यमा एवं अङ्गुष्ठ के अग्र-पर्वों को मिलाना इसका स्वरूप है।

१. इसका वर्णन वारुणी तथा मारुती के पश्चात् है। दाहिना हाँथ ऊर्ध्व करके सभी अङ्गुलियों को मोड़ना, मुष्टिबद्ध करना कौबेरी मुद्रा है।

२. कौस्तुभ मुद्रा विष्णु पूजन में प्रयुक्त होने वाली जटिल मुद्रा है। इसका दो स्वरूप प्राप्त होता है।

४३ **क्षीराब्धि**[1]

संश्लेष्य मणिबन्धौ च ह्यङ्गुष्ठं चाङ्गुलीगणम् ।
अन्योन्य सम्मुखं कुर्यान्नखाग्रैः सुषिरं मुने ॥
तन्मध्येऽङ्गुष्ठयुगलं निराधारं प्रचालयेत् ।
एषा सा मुद्रिका प्रोक्ता ... ... ॥

(विश्वामित्र संहिता १३।९७-८९)

---

(१) बायीं अनामिका के पृष्ठ पर दाहिनी अनामिका को संयुक्त करके बायीं कनिष्ठा से दाहिनी तर्जनी को बाँधना चाहिये । बायीं अनामिका दाहिने अङ्गुष्ठ के मूल प्रदेश से संयुक्त करना चाहिये । बायीं मध्यमा दाँयें अङ्गुष्ठ से संयुक्त करना चाहिये । अन्य अङ्गुलियों को ,जैसे बाँयीं तर्जनी, दाहिनीं अनामिका, मध्यमा, अङ्गुष्ठ को अग्रपर्वों से परस्पर संयुक्त कर देना चाहिये ।

(२) दोनों हाथों को इतरेतराभिमुख करके बाँयें हाथ पर दाहिने हाथ को स्थापित करके बाँयीं कनिष्ठा से दक्षिण तर्जनीं बाँध कर बाँयीं तर्जनी, मध्यमा और अनामिका पर दाहिना हाथ इस प्रकार स्थापित करना चाहिये कि बाँयें हाथ की तर्जनीं पर दाहिने हाथ की तर्जनीं, मध्यमा एवं अनामिका स्थित हो सकें । बायें अङ्गुष्ठ को दाहिने हाथ के मणिबन्ध पर युक्तिपूर्वक स्थापित करना चाहिये । यह मुद्रा काम बीज अर्थात् 'क्लीं' का उच्चारण करते हुये हृदय में संलग्न करके प्रदर्शित करना चाहिये । उसकी तुलना शारदा तिलक १५।४९ पर राघवभट्ट की टीका के इस उद्धरण की जा सकती है ।

अनामापृष्ठ संलग्ना दक्षिणस्य कनिष्ठिका ।
कनिष्ठयान्यया बध्नीयादनामादक्षतर्जनीम् ॥
गृहीत्वा दक्षिणाङ्गुष्ठमध्यमानामिकात्रयम् ।
उच्छ्रायित्वा तत्र वामे तर्जनीमध्यमे न्यसेत् ॥
दक्षिणे मणिबन्धे च वामाङ्गुष्ठं, तु योजयेत् ।
मुद्रेयं कौस्तुभस्योक्ता दर्शनीया प्रयत्नतः ॥

१. श्रीमन्नारायण की उपासना में प्रयुक्त होने वाली इस वैष्णवी मुद्रा का स्वरूप इस प्रकार है—

दोनों मणिबन्धों को परस्पर संलग्न करके सभी अङ्गुलियों को परस्पराभिमुख करके उनके नखाग्रों को परस्पर मिला देना चाहिये, तत्पश्चात् मध्य में बने अवकाश में दोनों अङ्गुष्ठों को हिलाना चाहिये ।

४४ **क्षोभ**[1]

मध्यमे मध्यतः कृत्वा कनिष्ठाङ्गुष्ठरोधिते ।
तर्जन्यौ दण्डवत् कृत्वा मध्यमोपर्यनामिके ॥
एषा तु परमा मुद्रा सर्वसंक्षोभकारिणी ।

(तन्त्रसार पृष्ठ ४३७-४३८)

तर्जन्यौ सरले कृत्वा शेषाङ्गुल्यो नखैर्युतः ।
कनिष्ठा मध्यपर्वस्थावङ्गुष्ठौ क्षोभिणीमता ॥

(मेरुतन्त्र ८।१७)

---

१. यह मुद्रा क्षोभ सर्वक्षोभिणी, क्षोभिणी, संक्षोभ, सर्वसंक्षोभिणी, संक्षोभिणी इत्यादि विविध नामों से प्रसिद्ध है । इसका दो स्वरूप प्राप्त होता है ।

(१) दोनों हाथों को परस्पर मिलाकर दोनों मध्यमाओं को स्व-स्व कनिष्ठाओं एवं अनामिकाओं के मध्य में स्थापित करना चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठों को कनिष्ठा के ऊपर स्थापित करना चाहिये । दोनों अनामिकाओं को मध्यमाओं के ऊपर स्थापित करें तथा दोनों तर्जनी दण्डवत् सीधी रखना चाहिये ।

(२) इसका स्वरूप श्लोक से ही स्पष्ट है ।

परशुरामकल्पसूत्र में ललिताक्रम के प्रथमसूत्र के भाष्य में सर्व-संक्षोभिणी पद की व्याख्या इस प्रकार से की गई है—

"सर्वं संक्षोभिणी पदार्थश्च इत्यम्—सर्वान् पदार्थभूतान् क्षोभयति उत्पादयति इति सर्वसंक्षोभिणी । कार्यत्वावच्छिन्नकार्यतानिरूपितकारण-ताश्रयेति यावत् । इयमेव वामा शक्तिरुच्यते । यदुक्तं योगिनीतन्त्रे —

'योनिप्राचुर्यतस्सैषा सर्वसंक्षोभिका पुनः ।
वामाशक्तिप्रधानेयं .... ॥इति॥"

प्रायः 'योनिमुद्रा' की ही भाँति सर्वसंक्षोभिणी का भी स्वरूप है अतः भाष्यकार का कथन है कि—

'योनिः कारणत्वानि तेषाँ प्राचुर्यतो भूयस्त्वेन ।'

अतएव सर्वसंक्षोभिण्या बाह्य स्वरूपे अङ्गुलीग्रथनात्मकोऽपि अङ्गुष्ठे कनिष्ठानामामध्यमाग्राणां योगे योनिभूयस्त्वम् प्रत्यक्षेणानुभूयते । एतेन अदृश्यरूपमपि तथेत्युन्नेयम् ।'

ज्ञानार्णव के प्रमाण से भाष्यकार का मत है कि योनिमुद्रा को ही

४५ **खट्वाङ्ग**[1]

पञ्चाङ्गुल्यो दक्षिणास्तु मिलिताह्यूर्ध्वं मुन्नताः ।
खट्वाङ्गमुद्रा विख्याता देवस्याति प्रिया मता ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३५)

दक्षिणपञ्चाङ्गुलयो मिलितार्धसमुन्नताः कार्याः ।
खट्वाङ्गाख्या मुद्रा प्रियकृत् प्रोक्ता शिवस्यापि ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४०९)

४६ **खड्ग**[2]

कनिष्ठानामिके बध्वा स्वाङ्गुष्ठेनैव दक्षतः ।
शेषाङ्गुली तु प्रसृते संसृष्टे खड्गमुद्रिका ॥

(सम्प्रदाय)

यदि हृदय से संलग्न करके प्रदर्शित किया जाय तो उसे सर्वसंक्षोभिणी की संज्ञा दी जाती है—

'ज्ञानार्णवे—परिवर्त्यकरौ सम्यक् तर्जनी वाहिनी समे ।
मध्यमे कुरु तन्मध्ये योजयेत्तदनन्तरम् ॥
अन्योन्यानामिके देवि कनिष्ठे तु यथास्थिते ।
अङ्गुष्ठाभ्यां योजिताभ्यां योन्याकारं तु कल्पयेत् ॥
योगिमुद्रेयमाख्याता परा त्रैलोक्यमातृका ।
इयमेव हृदि स्थिता त्रैलोक्यक्षोभिणी भवेत् ॥

इति ज्ञानार्णवप्रमाणेन योनिमुद्रैव हृदये स्थिता सती सर्वसंक्षोभिणी संज्ञिका भवेत् ।

त्रिपुरा के पूजन में नवमुद्रा प्रदर्शन के अवसर पर इस मुद्रा का प्रदर्शन किया जाता है । सर्वसंक्षोभिणी का योनिमयी होना 'पञ्चमुद्रामयीयोनिमुद्रा' के प्रसङ्ग पर भी प्रमाणित होता है ।

१. खट्वाङ्ग एक अस्त्र विशेष है, इसे धारण करने वाले देवताओं शिव, भैरव आदि तथा शक्ति के पूजन में इस मुद्रा का प्रदर्शन होता है । यद्यपि इस मुद्रा का वर्णन शैव मुद्राओं में प्राप्त होता है ।

२. इसका प्रयोग दुर्गादेवी के आवरण पूजन के अवसर पर किया जाता है । विष्णु-

बध्वा स्वस्यानामे दक्षाङ्गुष्ठेन यदि कुर्यात् ।
स्यादसिमुद्रा सरले संस्पृष्टे तर्जनीमध्ये ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१३)

४७ खेचरी[1]

१. प्रकोष्ठं वेष्टयित्वा च मणिबन्धौ च कूर्परौ ।
सम्यक् तं योज्य मध्ये च तर्जनीभ्यां सुवेष्टयेत् ॥
योगं मध्यमयोः कृत्वा द्वावङ्गुष्ठौ पराङ्गुलीः ।
अन्योन्यान्तर्गते दक्षकर्णान्ते खेचरी मता ॥

(मेरुतन्त्र ८।६५-६७)

२. सव्यं दक्षिणदेशे तु दक्षिणं वामदेशतः ।
बाहू कृत्वा महेशानि हस्तौ सम्परिवर्त्य च ॥
कनिष्ठानामिके देवि युक्त्या तेन क्रमेण तु ।
तर्जनीभ्यां समाक्रान्ते सर्वोर्ध्वमपि मध्यमे ॥
इयं सा खेचरी मुद्रा नाम्ना सर्वोत्तमा प्रिये ।
रचितेयं महामुद्रा नाम्ना सर्वोत्तमाप्रिये ॥

धर्मोत्तर इस मुद्रा को इसी रूप में दोनों हाथों से निर्मित करने की आज्ञा देता है—

कनिष्ठानामिके द्वे-द्वे अन्तर्याङ्गुष्ठ कुञ्चितौ ।
चत्वारः प्रसृताः युग्मः खड्गमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।३१-३२)

१. इस मुद्रा के दो स्वरूप उद्धृत हैं—(१) दाहिने हाथ को बाँयीं ओर तथा बाँयें हाथ को दाँयीं ओर करके, बाँयें करतल को ऊर्ध्वमुख करके दाहिने हाथ के करतल पर स्थापित करके निम्न क्रम से अङ्गुलियों का ग्रथन करना चाहिये। बायीं अनामिका एवं कनिष्ठा को दायीं मध्यमा के नीचे से लेजाकर दाहिनीं तर्जनीं से बाँधना चाहिये। इसी प्रकार दाहिनीं अनामिका, कनिष्ठा को बाँयीं मध्यमा से बाँधना चाहिये। पुनः दोनों मध्यमाओं को सभी अङ्गुलिओं के ऊपर तथा सीधी रखना चाहिये तथा अङ्गुष्ठों को मध्यमाओं पर स्थापित करना चाहिये। इस प्रकार खेचरी मुद्रा का निर्माण करके दक्षिणकर्ण के पास लाकर समन्त्र प्रदर्शित करना चाहिये।

शिवं चन्द्रं तथा कान्तं पान्तं वह्निसमन्वितम् ।
एकादशस्वरोपेतं बीजं तस्य प्रकीर्तितम् ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३८)

इस मुद्रा की व्याख्या करते हुये परशुराम कल्पसूत्र ललिताक्रम के प्रथम सूत्र के भाष्य में कहा कहा है कि—"सप्तमीखेचरी सर्वबीजानां स्वकर्मजनित रोगादि-दुःखनाशक्षमाशक्तिः । अवएव सर्वरोग हर चक्रस्था भवति । यदप्युक्तं योगिनी तन्त्रे—

धर्माधर्मस्य संघट्टादुत्थिता वित्तिरूपिणी ।
विकल्पोत्थक्रियालोप रूपदोष विघातिनी ॥
विकल्परूपरोगाणां हारिणी खेचरीमता ।

अत्र भाष्यम्—धर्मः शक्तिः परशिववृत्तित्वात् । न विद्यते धर्मो यत्रेति अधर्मः परं ब्रह्म परशिवः । यद्वा न कस्यापि धर्मः अधर्मः इति नञ् तत्पुरुष एव युक्तः, परशिवे शक्तिरूपधर्मसत्त्वेन पूर्वकल्पे स्वोक्त व्याघातात् । तयो संघट्टः मेलन तेन उत्थिताः यावद् विकल्पः, तेनोत्थिताः याः क्रियाः नित्य नैमित्तिकाः, तासां लोपेन यत् पापं तत् सम्भवाः रोगाः, तन्नाशिनी खेचरीति । अत एवैतादृश शक्तिसागरस्य द्योतकं बाह्यरूपे बाहुद्वयपरिवर्तनम् ।"

२. सम्प्रदाय भेद से खेचरी का द्वितीय स्वरूप इस प्रकार है—हाथों को पूर्ववत् स्थिति में करके बाँयीं अनामिका पर दाहिनीं कनिष्ठा तथा दाँयी अनामिका पर बाँयीं कनिष्ठा स्थापित करके, दोनों तर्जनियों को अपनी-अपनी मध्यमाओं से (ऊर्ध्वभाग को) स्पर्श कराना चाहिये, दोनों अङ्गुष्ठों को सीधा रखना चाहिये ।

खेचरी मुद्रा का प्रथम प्रकार ही अधिक प्रचलित है ।

इस मुद्रा का प्रदर्शन सदा मन्त्रोच्चारपूर्वक किया जाता है। इसका मन्त्रोद्धार इस प्रकार है—शिव = हकार, चन्द्र = सकार, कान्त = खकार, पान्त = फकार, वह्नि = रकार, एकादश स्वर = ओकार तथा अनुस्वार, अर्थात् ह्स्फ्रों । इस कूट के उच्चारण पुरस्सर कालीक्रम एवं श्रीक्रम दोनों में, चक्रार्चन काल में इस मुद्रा का प्रदर्शन प्रशस्त है ।

उक्त 'खेचरी मुद्रा' योगवर्णिता खेचरी से नितान्त भिन्न है । योगशास्त्र में खेचरी मुद्रा का प्रयोग अङ्गुलियों द्वारा नहीं होता । उसका स्वरूप निम्नवत् है—

'कपालकुहरे जिह्वा प्रविष्टा विपरीतगा ।
भ्रुवोरन्तर्गता दृष्टिर्मुद्रा भवति खेचरी ॥

(आगम रहस्य, पृष्ठ ४३८)

४८ गजतुण्ड[1]

मुष्टिमध्यस्थितां देवि अङ्गुलिं दण्डवत् कुरु ।
गजतुण्डा महामुद्रा गणपस्य सदाप्रिया ॥

(तन्त्रोक्तनित्यपूजापद्धति, मुद्राप्रकरण)

४९ गणेश[2] (गणेश्वरी)

मुखात् प्रलम्बितं हस्तं कृत्वा संङ्कुचिताङ्गुलिम् ।
मध्यातर्जनिगताङ्गुष्ठं चाधस्थमध्यमम् ॥
कुर्यान्मुद्रां गणेशस्य प्रोक्तेयं सर्वसिद्धिदा ।

(शारदातिलक १३।४ टीका)

कुञ्चिताग्रस्य हस्तस्य मूले नासा नियोगतः ।
गणेश्वरी भवेन्मुद्रा ... ... ॥

(तत्रैव)

यद्यपि दोनों प्रकार की खेचरी मुद्राओं (योगवर्णिता एवं तन्त्रवर्णिता) का फल समान ही वर्णित है। योगवर्णिता खेचरी का फल भी शरीर को अनामय करना है—

'पीड्यते न च रोगाद्यैर्लिप्यते न च कर्मणा ।
बध्यते न च कालेन यो मुद्रां वेत्ति खेचरीम् ॥

(अगमरहस्य, पृष्ठ ४३८)

१. गणपति पूजनोपयोगिनी इस मुद्रा की तुलना अविघ्न मुद्रा (द्वितीय) के साथ की जा सकती है। अन्तर यह है कि उसमें मध्यमा अधोमुखी होती है इसमें ऊर्ध्व-मुखी। गजहस्त, गज तथा दन्त इसका नामान्तर है। तुलनीय आगमरहस्य, पृष्ठ ४१३ धृत ज्ञानार्णव—

'उत्तानोर्ध्वमुखीमध्या सरलाबद्धमुष्टिका ।
दन्तमुद्रा समाख्याता सर्वागम विशारदैः ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

२. इसका प्रयोग भी गणपति पूजन में ही ध्यान के पश्चात् किया जाता है। इसकी तुलना अविघ्न मुद्रा के प्रथम प्रकार से की जा सकती है। ऊपर इसके दो प्रकार उल्लिखित हैं। इसमें द्वितीय प्रकार में मुट्ठी बाँध कर बाहूमूल को

५० **गदा**[1]

वाममुष्ट्यन्तरेऽङ्गुष्ठे दक्षिणे सरलाङ्गुलीः ।
वामाङ्गुष्ठः स्पृशेदग्रे योजितः सरलोदरः ॥
अन्योन्याभिमुखौ हस्तौ कृत्वा तु ग्रथिताङ्गुलीः ।
अङ्गुल्यौ मध्यमे भूयः संलग्ने सुप्रसारिते ॥
गदामुद्रेयमाख्याता भुक्तिमुक्तिकरी मता ।

(शारदातिलक, पटल १५ टीका)

नासिका से युक्त करने का निर्देश है, जबकि प्रथम प्रकार में अविघ्न (प्रथम प्रकार) का निर्माण करके मणिबन्ध देश या करमूल को नासा से संयुक्त करने का निर्देश है ।

१. बाँयें हाथ से अङ्गुष्ठगर्भ मुष्टि बाँध कर दाहिने हाथ की सारी अङ्गुलियों को परस्पर मिलाकर ऊर्ध्वमुख रखते हुये वाम मुष्टि से मिलाकर वामतर्जनीं को ऊर्ध्वमुख एवं दण्डवत् सीधा रखना चाहिये ।

गदा मुद्रा का यह स्वरूप सरस्वती एवं विष्णु के पूजन में प्रशस्त है । यद्यपि वैष्णवी गदा मुद्रा का कुछ भिन्न स्वरूप भी प्राप्त होता है—

अन्योन्याभिमुखौ हस्तौ कृत्वा तु ग्रथिताङ्गुलीः ।
अङ्गुष्ठौ मध्यमे भूयः संलग्ने सुप्रसारिते ॥
गदामुद्रेयमाख्याता विष्णोः संतोषवर्धिनी ।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१०)

दोनों हाथों को परस्पराभिमुख मिलाकर मध्यमाओं और अङ्गुष्ठों को छोड़कर सभी अङ्गुलियों को परस्पर ग्रथित करके मध्यमाओं एवं अङ्गुष्ठों को आपस में सटा कर सीधा उच्छ्रित रखना चाहिये । तुलनीय—

गदा तु सरलौ हस्तौ अन्योन्य ग्रथिताङ्गुलीः ।
अङ्गुल्यौ मध्यमे भूयः संलग्ने सुप्रसारिते ॥

(मेरुतन्त्र ८।५७-८)

अन्योन्याभिमुखौ हस्तौ कृत्वा तु ग्रथिताङ्गुलीः ।
अङ्गुष्ठौ मध्यमे भूयः संलग्ने सुप्रसारिते ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३४)

५१ गन्ध[1]

अङ्गुष्ठौ कनिष्ठामूललग्नौ गन्धमुद्रा ।

(मन्त्रमहोदधि, द्वितीय तरङ्ग)

५२ गरुड[2]

मुद्रा गरुडस्य हस्तकौ विपरीतौ ग्रथिते कनिष्ठिके ।
तर्जन्यपि संयुतामिथः पदतुल्ये उभयाङ्गुली चरेत् ॥

(मेरुतन्त्र ८।७०)

हस्तौ तु विमुखौ कृत्वा ग्रथयित्वा कनिष्ठिके ।
मिथस्तर्जनिके श्लिष्टे श्लिष्टावङ्गुष्ठकौ तथा ॥
मध्यमानामिके द्वे तु द्वौ पक्षाविव चालयेत् ।
एषा गरुडमुद्रा स्यात् विष्णोः सन्तोषवर्द्धिनी ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३४)

५३ गाङ्ग-यामुन[3]

अनामिकां तथा कुर्याद्गाङ्गस्य मुद्रिका ।
इतरस्मान्मुनिस्तस्य (द्यामुनस्य ?) मुद्रेषा परिकीर्तिता ॥

(विश्वामित्र संहिता १३।६६-६७)

---

१. यह मुद्रा सर्वदेवसाधारणी है तथा षोडशोपचारपूजन में प्रयुक्त होती है ।

२. दोनों हाथों के पृष्ठ भाग को परस्पर मिलाकर बाँयीं कनिष्ठा दक्षिण कनिष्ठा से बाँयी तर्जनी दक्षिण तर्जनी से बाँध कर मध्यमा एवं अनामिका को पक्ष की तरह चलाना चाहिये । तुलनीय—

पुनश्चाधो मुखौ कृत्वा तर्जन्यौ योजयेत् तयोः ।
मध्यमानामिके द्वे तु पक्षावि विचालयेत् ॥
मुद्रेषा पक्षिराजस्य सर्वविघ्ननिवारिणी ॥

(मन्त्रमहोदधि, तरङ्ग २)

इसकी गणना वैष्णवी मुद्राओं में है ।

३. इस वैष्णवी मुद्रा का वर्णन जय-विजय मुद्रा के पश्चात् आता है अतः उक्त उद्धरण से इसका स्वरूप अस्पष्ट है । बाँये हाथ की मुट्ठी बाँधकर अनामिका को

५४ **गालिनी**[1]

गालिनी तु कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ युतावितरेतरम् ।
करयोस्तर्जनीमध्यानामायुक्ता न वक्रिताः ॥

(मेरुतन्त्र ८।२६)

कनिष्ठाङ्गुष्ठके सक्तौ करयोरितरेतरम् ।
तर्जनीमध्यमानामाः संहताः भुग्नवर्जिताः ॥
मुद्रैषा गालिनी प्रोक्ता... ... ... ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

५५ **ग्रास**[2]

ग्रासमुद्रा सव्यहस्तं प्रफुल्लकमलाकृतिम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।१०४)

अङ्गुल्यः कुञ्चिताः कार्याः विरलाश्च परस्परम् ।
ग्रासमुद्रा समाख्याता सव्ये पाणौ नियोजयेत् ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति, मुद्राप्रकरण)

वामहस्तेन पद्माभ्यां ग्रासमुद्रां प्रदर्शयेत् ।

(मन्त्रमहोदधि, तरङ्ग २)

ऊर्ध्वमुख करना गाङ्गमुद्रा तथा दाहिनी मुट्ठी बाँध कर अनामिका को ऊर्ध्व करना यामुनमुद्रा है ।

१. दोनों हाथों को परस्पर मिलाकर अञ्जलि की भाँति प्रसारित करके पुनः दायें अङ्गुष्ठ से बायीं कनिष्ठा को तथा बायें अङ्गुष्ठ से दाहिनी कनिष्ठा को बाँध कर अन्य सभी अङ्गुलियों को परस्पर मिला कर सीधी रखना चाहिये ।

यह सर्वदेव साधारणी मुद्रा है । अर्घ्यदान के समय अर्घ्योदक पात्र (शङ्ख) के ऊपर घुमाते हुये प्रदर्शित करना चाहिये ।

२. सभी देवतातों को नैवेद्यार्पण के समय ग्रासमुद्रा का प्रयोग किया जाता है श्रीप्रश्न-संहिता (५३।१११) इस मुद्रा का भिन्न स्वरूप प्रस्तुत करती है—

५६ गुरु[1]

सम्मुखौ संपुटौ कृत्य द्वौ हस्तौ संप्रसारितौ ।
विनियोज्यौ ललाटोर्ध्वे शिरसाऽवनतेन तु ॥
गुरोर्गुरुतरस्यापि मुद्रा ह्येषा पितुः पितुः ॥

(जयाख्य-संहिता ८।९८)

५७ गोमुख[2]

भगमुद्रा कर्णमूले गोमुख्याख्या प्रकीर्तिता ।

(कालिकापुराण ६६।८५ पूर्वार्ध)

५८ गोयोनि[3]

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति, मुद्राप्रकरण)

पञ्चाङ्गुलीनामग्रं तु योजयेद्ग्रासमुद्रिका ।
निवेदने देवदेव्योः .... ॥

१. इसकी तुलना प्रणाम मुद्रा से की जा सकती है ।

२. भग मुद्रा का वर्णन यथा क्रम किया गया है । यह भग मुद्रा प्रसिद्ध योनि मुद्रा से भिन्न है; इस मुद्रा को स्थान भेद से प्रदर्शित करने पर इसका नामान्तरण हो जाता है । ऐसी 'योनि प्रकारक' सभी मुद्राओं की स्थिति देखी जाती है । गोमुख का प्रदर्शन विष्णु, काली तथा राहु के पूजन में किया जाता है—

'मम विष्णोः तथा राहोः सर्वदा प्रीतिदायिनी ॥'

(कालिकापुराण ६६।८५ उत्तरार्ध)

३. यह मुद्रा गौड संप्रदाय में कालीपूजन में प्रयुक्त होती है । इसके स्वरूप के विषय में कोई प्रमाणवाक्य नहीं उपलब्ध हो सका है । पूर्णानन्द के 'तन्त्रोक्त नित्य-पूजापद्धति' के मुद्रा प्रकरण में इसका स्वरूप इस प्रकार है—'दाहिनी मुट्ठी बाँधकर ऊर्ध्व मुख करके खोलना एवं बन्द करना गोयोनि मुद्रा है । (बँगला मूल से अनूदित)

५९ **गोवृष**

अङ्गुल्यः प्रसृताः सर्वा वर्तुलाः शृङ्गरूपकाः ।
मूर्ध्नि कृत्वा तु तां मुद्रां गोवृषं तु विनिर्दिशेत् ।।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।५)

६० **घृत**

तर्जन्यौ कुञ्चितौ कृत्वा मध्यमापृष्ठतो न्यसेत् ।
कनिष्ठोपरि चाङ्गुष्ठौ घृतमुद्राप्रकीर्तिता ।।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।४०)

६१ **चक्र**[1]

चक्रमुद्रा करतले विपरीते विधाय च ।
अङ्गुष्ठौ वेशयेच्चैव कनिष्ठाऽनामिकान्तरे ।।

(मेरुतन्त्र ८।५६-५७)

हस्तौ तु सम्मुखौ कृत्वा सुलग्नौ सुप्रसारितौ ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ लग्नौ मुद्रैषा चक्र संज्ञिता ।।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१०)

---

१. इस मुद्रा के दो प्रकार उपलब्ध होते हैं । यद्यपि दोनों में कोई मौलिक भेद नहीं है । प्रथम प्रकार में सभी अङ्गुलियों को सीधी रखते हुये अङ्गुष्ठों को कनिष्ठा एवं अनामिका के मध्य में स्थापित करना होता है, जबकि द्वितीय प्रकार में दोनों अङ्गुष्ठों को कनिष्ठाओं से मिला देना होता है । मेरुतन्त्र के उद्धरण में 'विपरीते' का अर्थ परस्पराभिमुखीकरण ही समझना चाहिये । प्रथम प्रकार की चक्रमुद्रा की तुलना कौलावली के इस उद्धरण से की जा सकती है—

'दक्षिणेतरहस्तस्य वृद्धागर्भकनिष्ठिका ।
दक्षिणे योजयित्वा तु कनिष्ठागर्भकं बुधः ।।
वामे च दक्षिणाङ्गुष्ठं साधको विनियोजयेत् ।
अन्योन्ययोगतश्चैव चक्रमुद्रा प्रकीर्तिता ।।

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजापद्धति, मुद्राप्रकरण)

६२ चण्ड-प्रचण्ड[1]

वामेन तर्जनीमूर्ध्वं संस्थाप्याङ्गुष्ठकं पुनः ।
कनिष्ठादित्रयस्याग्रे स्थापयेच्चण्डमुद्रिका ।।
तथेतरकरे कुर्यात् प्रचण्डस्य च मुद्रिका ।।

(विश्वामित्र संहिता १३।६४-६५ पूर्वार्ध)

६३ चण्डीश

वण्डीशमुद्रा कथिता अञ्जलिः कुब्जतर्जनी ।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।५४)

६४ चतुरस्रा[2]

अधोमुखौ समौ कृत्वा भूमौ पाणितलद्वयम् ।
सकलाङ्गुलिभिः सम्यङ्मुद्रेयं चतुरस्रिका ।।

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति, मुद्राप्रकरण)

६५ चन्द्र

बन्धस्यास्य प्रकुर्वीत चाङ्गुष्ठं प्रसृतं तथा ।
उत्तानं मूर्ध्नि संयोज्य शशाङ्कं तु विनिर्दिशेत् ।।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।४)

---

१. ये वैष्णवी मुद्रायें हैं । दोनों मुद्रायें एक साथ ही प्रदर्शित की जाती हैं । बायें हाथ की तर्जनी के अग्रभाग पर अङ्गुष्ठ स्थापित करके शेष तीन अङ्गुलियों के अग्रभाग को अङ्गुष्ठ से मिलाना चण्ड तथा ठीक इसी प्रकार की मुद्रा दाहिने हाथ हाथ से बनाना प्रचण्ड मुद्रा है ।

२. इसका प्रयोग शाक्त संप्रदाय में अधिक होता है तथा इस मुद्रा का प्रदर्शन 'द्रां' इस बीज का उच्चारण करते हुये किया जाता है । यह अत्यन्त प्रसिद्ध मुद्रा है ।

६६ **चर्म**[1]

चर्ममुद्रा वामहस्तं तिर्यक् च संप्रसार्य हि।

(मेरुतन्त्र ८।५१)

वामहस्तं तद्वत् तिर्यक् कृत्वा प्रसारयेत् पश्चात्।
आकुञ्चिताङ्गुलिं चेत् कुर्यादिति चर्ममुद्रा स्यात्॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६ एवं आगम रहस्य, पृष्ठ ४१३)

६७ **चाप**[2]

यथा हस्तगतं चापं तथा हस्तं कुरु प्रिये।
चापमुद्रेयमाख्याता वामहस्ते अवस्थिता॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१२ धृत ज्ञानार्णव)

वामस्य मध्यमाग्रं तु तर्जन्यग्रेण योजयेत्।
अनामिकां कनिष्ठां च तस्याङ्गुष्ठेन पीडयेत्॥
दर्शयेद्वामके स्कंधे धनुर्मुद्रेयमीरिता॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

६८ **चिन्मुद्रा**

(द्रष्टव्या-ज्ञानमुद्रा।)

---

१. चर्म अस्त्र विशेष का नाम है जो भगवती दुर्गा धारण करतीं हैं। इस मुद्रा का स्वरूप चर्मास्त्रवत् है तथा दुर्गा देवी के पूजन में इसका प्रदर्शन किया जाता है।

२. बाँयें हाथ की मध्यमा के अग्र पर्व को तर्जनी के अग्र पर्व से मिला कर अनामिका तथा कनिष्ठा के ऊपर अङ्गुष्ठ को स्थापित करना चाहिये। पुनः इस हाथ को बाँये स्कन्ध पर स्थापित करना चाहिये; अथवा जिस प्रकार हाथ से धनुष पकड़ा जाता है उसी प्रकार से हाथ की मुद्रा बनानी चाहिये।

इस मुद्रा का प्रयोग वैष्णव एवं शाक्त दोनों सम्प्रदायों में समान रूप से राम एवं दुर्गा के लिये किया जाता है।

६९ छोटिका (स्फोटिका)[1]

अङ्गुष्ठतर्जनी स्फोटं छोटिका मुद्रा।

(मन्त्रमहोदधि तरङ्ग २)

७० जटा

अङ्गुल्यस्त्रयः [तिस्रः] संकोच्य अङ्गुष्ठोपरि सञ्चिताः।
तर्जनीं प्रसृतां कृत्वा जटामुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।२)

७१ जय-विजय[2]

उत्थापयेद्वामहस्तं मध्यमां जयमुद्रिका।
तथेतरकरे कुर्यान्मुद्रिका विजयाह्वया ॥

(विश्वामित्रसंहिता १३।६५-६६)

७२ जया[3]

अधोमुखाद्वामहस्तान्मध्यमां ग्राहयेन्मुने।
कनिष्ठया दक्षिणस्य तिस्रोऽन्या मुष्टिवत् स्थिताः ॥
अङ्गुष्ठमुभयं कृत्वा मुद्रेयं तु जयास्मृता।
अधस्ताद् गरुडं तस्या वामहस्ते विचिन्तयेत् ॥

---

१. इस मुद्रा का स्वरूप अस्त्रमुद्रा की भाँति है तथा दिग्बन्ध के समय इसका प्रयोग अस्त्रमुद्रा के साथ ही होता है। सर्वदेव साधारणी इस मुद्रा का प्रयोग विघ्नोत्सारणार्थ किया जाता है।

२. ये मुद्रायें विष्णु के पूजन में युग्मरूप में ही प्रदर्शित की जाती हैं।

३. वाहन सहित विष्णु या श्रीमन्नारायण के लिये जयामुद्रा का प्रदर्शन किया जाता है। इसका निर्माण निम्नवत् करना चाहिये। अधोमुखवामकर की मध्यमा को दाहिनीं कनिष्ठा से बाँधकर दोनों अङ्गुष्ठों को परस्पर संयुक्त करना चाहिये। दोनों हाथों की अवशिष्ट अङ्गुलियों को अपने अपने करतल से संपृक्त करना चाहिये।

पृष्ठे स्याद्दक्षिणे हस्ते ध्यायेद्विष्णुं सनातनम् ।
एषा मुद्रा जयानाम सर्वकार्यार्थिसाधनी ॥
योजयेद्देवदेवस्य तार्क्ष्येण सहितस्य च ।

(जयाख्य-संहिता ८।६-८)

७३ ज्ञान[1]

ज्ञानमुद्रा हृदिन्यस्तौ तर्जन्यङ्गुष्ठकौ युतौ ।
वामहस्ताम्बुजं वा तु यदि मूर्द्धनि विन्यसेत् ॥

(मेरुतन्त्र ८।६३-६४)

तर्जन्यङ्गुष्ठकौ सक्तावग्रतो विन्यसेत् सुधी ।
वामहस्ताम्बुजं वामजानुमूर्द्धनि विन्यसेत् ॥
ज्ञानमुद्रा भवेदेषा रामचन्द्रस्य प्रेयसी ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३४)

ज्ञानाख्यमुद्रया चैव पूजयेत् परमेश्वरीम् ।
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु ज्ञानमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति-धृत कौलावली)

७४ ज्वालिनी[2]

१. मणिबन्धौ समौकृत्वा करौ तु प्रसृताङ्गुली ।
मध्यमे मिलिते कृत्वा तन्मध्येङ्गुष्ठकौ क्षिपेत् ॥
इयं स्यात् ज्वालिनी मुद्रा परमा होमकर्मणि ।

(शारदातिलक १५।५१ पदार्थादर्श)

इस प्रकार जया मुद्रा का निर्माण करके अधः स्थित वामहस्त में गरुड का तथा दक्षिण हाथ के पृष्ठ में विष्णु का ध्यान करना चाहिये ।

१. भगवान् राम एवं सरस्वती के पूजन क्रम में ज्ञान मुद्रा का प्रयोग होता है । सुखासन से बैठकर दाहिने हाथ की तर्जनीं एवं अङ्गुष्ठ के अग्र पर्वों को मिलाकर, हृदय पर स्थित करके, बाँये हाथ को वामजानु पर स्थापित करना ज्ञान-मुद्रा है ।

२. मुख्यतः इस मुद्रा के दो प्रकार है । प्रथम प्रकार भी दो स्वरूपों में उपलब्ध है ।

मणिबन्धौ युतौ कृत्वा प्रसृताङ्गुलिकौ करौ ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयुगले मिलित्वान्तः प्रसारिते ॥
ज्वालिनी नाममुद्रेयं वैश्वानरप्रियङ्करी ।

(मन्त्रमहोदधि टीका)

२. पद्माकारौ करौकृत्वा अङ्गुष्ठौ योजयेदुभौ ।
वाममध्यानामिकयोर्युग्मेनेतर मध्यया ॥
संयोज्याङ्गुलयः शेषाः शरलाः ज्वालिनी भवेत् ।

(परशुरामकल्पसूत्र धृत, गायत्री-पुरश्चरण- पद्धति)

७५ डमरू[1]

मुष्टिं च शिथिलां बध्वा ईषदुच्छ्रितमध्यमाम् ।
दक्षिणान्तूर्ध्वमुन्नम्य कर्णदेशे प्रचालयेत् ॥
एषा डमरूका मुद्रा सर्वविघ्नविनाशिनी ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

दक्षिणमुष्टिं शिथिलां किञ्चित् सर्वां समुच्छ्रितां मध्याम् ।
सञ्चालयेच्च कर्णे प्रभवति खलु डमरूमुद्रेयम् ।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१०)

राघवभट्ट का उद्धरण मध्यमाओं को मिला कर मध्य पर्वों पर अङ्गुष्ठों के स्थापन का उल्लेख करता है, किन्तु मन्त्रमहोदधि के अनुसार कनिष्ठाओं को परस्पर मिलाना चाहिये । द्वितीय प्रकार का स्वरूप (शङ्करसूरि के अनुसार)—अञ्जलि-करों के वाम अनामिका एवं मध्यमा को दक्षिण मध्यमा के संयुक्त करने से सम्पादित होता है ।

हवन के समय अग्निप्रज्वालन कर्म में इस मुद्रा को विनियोग किया जाता है ।

१. 'डमरुका' एवं 'डमरू' को दोनों उद्धरण पर्यायसिद्ध करते हैं। इसीलिये दो उद्धरण दिये गये ।

वस्तुतः यह मुद्रा शैवी है । शिव पूजन में ही इसका प्रयोग करना चाहिये ।

७६ **तत्त्व**[1]

अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु वामहस्तस्य सर्वदा ।
कथितं तत्त्वमुद्रेयं योजिता तर्पणे बुधैः ॥

(श्यामारहस्य, परिच्छेद ३)

७७ **तर्जनी**[2]

वाममुष्टिं विधायाथ तर्जनीमध्यमे ततः ।
प्रसार्य तर्जनीमुद्रा निर्दिष्टा वज्रपाणिना ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३८)

७८ **तर्पण**[3]

अनामाङ्गुष्ठयोगेन वश्यकर्मणि तर्पयेत् ।
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु तर्पयेदभिचारके ॥
कनिष्ठाङ्गुष्ठयोगेन तर्पयेत् स्तम्भने सुधीः ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१५)

७९ **त्रिखण्डा**[4]

पाणिद्वये महेशानि परिवर्तनयोगतः ।
योजयित्वा तर्जनीभ्यामनामे धारयेत् प्रिये ॥

---

१. आगम-रहस्य धृत, मन्त्रदर्पण के अनुसार—'कथिता तत्त्व संज्ञा तु मुद्रा बहुषु कर्मसु ।' सर्वदेव साधारणी इस मुद्रा का प्रयोग तर्पण के अतिरिक्त देवताओं को गन्ध अर्पण के लिये तथा काली-पूजन में 'बिन्दु स्वीकार' के अवसर पर भी किया जाता है । गन्धर्वतन्त्र इसकी व्याख्या इस प्रकार करता है—

अङ्गुष्ठं शिवमित्याहुः अनामा शक्तिरुच्यते ।
तर्पणं तु तयोर्योगात् अमृतेर्वामपाणिना ॥

२. भूतोत्सारण क्रम में इस मुद्रा का प्रयोग होता है ।

३. यद्यपि तर्पण के लिये तत्त्व मुद्रा का ही प्रयोग होता है, किन्तु मारणादि अभिचार कर्मों के लिये भिन्न-भिन्न तर्पण मुद्राओं का प्रयोग प्रशस्त है ।

४. इस मुद्रा के विषय में परशुराम कल्पसूत्र, ललिताक्रम, सूत्र-१ में भाष्यकार कहते

मध्यमे योजयेन्मध्ये कनिष्ठे तदधस्तथा ।
अङ्गुष्ठावपि संयोज्य त्रिधायुग्मक्रमेण तु ॥
त्रिखण्डेयं समाख्याता ... ... ।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४३७)

परिवर्त्य करौ स्पृष्ट्वाङ्गुष्ठकौ कारयेत् समौ ।
अनामान्तर्गते कृत्वा तर्जन्यौ कुटिलाकृती ॥
कनिष्ठिके नियुञ्जीत निजस्थाने महेश्वरि ।
त्रिखण्डेयं समाख्याता ... ... ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

८० त्रिनेत्र[1]

त्रिनेत्रमुद्रा ख्यातेयं तर्जनी दक्षनेत्रगा ।
भाले मध्या त्वनामा तु वामे त्र्यक्षदिवौकसाम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।११)

हैं—"त्रिखण्डामुद्रा त्रीन् जन्ममृत्युजराः । यद्वा सत्त्वरजस्तमो गुणान्, खण्डयतीति त्रिखण्डा । केवलमोक्षप्रदेत्यर्थः । यद्वा त्रीणिखण्डानि कलाः इच्छाज्ञानक्रियात्मिकाः तत्स्वरूपा त्रिखण्डा ।

तदुक्तं योगिनीतन्त्रे—

मुद्राख्या सा यदा देवि संविदात्मिका कलामयी ।
त्रिखण्डारूपमापन्ना सदासन्निधिकारिणी ॥
सर्वस्य चक्रराजस्य व्यापिका परिकीर्तिता ॥इति॥"

इस मुद्रा का प्रयोग श्रीकुल एवं काली कुल दोनों में श्रीचक्र पूजन के समय किया जाता है । इसे अत्यन्त महत्त्वपूर्ण गोपनीय तथा रहस्यमयी माना जाता है । इस मुद्रा के निर्माण में तीन 'खण्डों' का निर्माण होता है—(१) ऊपर दोनों अङ्गुष्ठों का योग । (२) उसके नीचे दोनों मध्यमाओं का योग । (३) उसके नीचे कनिष्ठाओं को योग । इसी कारण इसका नाम 'त्रिखण्डा' है ।

उद्धरण में प्रयुक्त 'परिवर्तन' या 'परिवर्त्य करौ' का अर्थ—'दोनों हाथों को 'परस्पराभिमुख मिलाना' समझना चाहिये ।

१. जिन देवताओं का ध्यान त्रिनेत्र युक्त किया जाता है, उनके अङ्गन्यासकाल में इस मुद्रा का प्रयोग होता है ।

८१ **त्रिमुख**[1]

अङ्गुष्ठतर्जनी मध्या अग्रभागे नियोज्य च ।
मध्यमां च कनिष्ठां च आकुञ्च्य दक्षिणे करे ॥
त्रिमुखाख्या समाख्याता विश्वदेवप्रिया सदा ।

(कालिकापुराण ६६।९३-९४)

८२ **त्रिशूल**[2]

अङ्गुष्ठेन कनिष्ठां तु बध्वा श्लिष्टाङ्गुलित्रयम् ।
प्रसारयेत् त्रिशूलाख्या मुद्रैषा परिकीर्तिता ॥

(तन्त्रसार पृष्ठ ४३५)

त्रिस्त्रः प्रसारयेच्चेदङ्गुष्ठेन च कनिष्ठिकां बध्वा ।
एषा त्रिशूलमुद्रा दक्षिणहस्तस्थिता कथिता ॥

(आगमरहस्य पृष्ठ ४०९)

८३ **त्रैलोक्यमोहिनी**[3]

उच्छ्रिताङ्गुठमुष्ठी द्वे मुद्रा त्रैलोक्यमोहिनी ॥

८४ **दण्ड**[4]

(क) उत्तानोर्ध्वमुखी मध्या सरलाबद्ध मुष्टिका ।
दण्डमुद्रा समाख्याता सर्वागम विशारदैः ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

---

१. यद्यपि मुख्यतः इस मुद्रा का प्रयोग विश्वेदेवाः के पूजन में शस्त है किन्तु मातृकाओं एवं केतु के पूजन में भी इसका प्रयोग करना चाहिये—

केतोः प्रियेयं सततं मातृणामपि तुष्टिदा ।

(कालिका पुराण ६६।८४)

२. 'त्रिशिख' इस मुद्रा का नामान्तर है । यह शैव मुद्रा है । शिव के अतिरिक्त दुर्गा पूजन में भी इसका प्रयोग होता है ।

३. 'जगन्मोहन' इसका नामान्तर है । यह मुद्रा परशुराम को प्रिय है । परशुराम के पूजन में इसका प्रयोग किया जाता है ।

४. इस मुद्रा की 'गजतुण्ड' एवं दन्त मुद्रा से तुलना की जा सकती है । दन्त मुद्रा का स्वरूप आगम रहस्य के अनुसार निम्नवत् है—

(ख) करौ बाहुद्वयं चैव दण्डमुद्रा प्रसारिता।

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण २३।३१)

८५ **द्रंष्ट्रा**[1]

वक्त्रमुद्रा तथा कृत्वा तर्जनीभ्यां तु मध्यमे।
पीडयेद् दंष्ट्र मुद्रैषा सर्वपापप्रणाशिनी॥

(परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ ६२०)

८६ **द्रव्यरूपा**

नित्यं प्रसारयेद्धस्तं स्वस्त्याकारं तु योजयेत्।
मध्यमे कन्यसे द्वे द्वे प्रसृताग्रे नियोजयेत्॥
तर्जनीद्वयं सङ्कुच्य मध्यमा पृष्ठसंस्थिता।
द्रव्यरूपा स्मृता ह्येषा आत्मभावे नियोजयेत्॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।३७-३८)

८७ **दानवधूमिका**[2]

परिवर्त्यकरौ स्पृष्टौ कनिष्ठाकृष्टमध्यमे।
अनामायुगलं चाधः तर्जनीयुगलं पृथक्॥
अन्योन्यं निबिडं बध्वाङ्गुठाग्रेऽनामिकेततः।
दानवधूमिकेत्याख्या मुद्रैषा कथिता प्रिये॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

उत्तानोर्ध्वमुखौ मध्या सरला बद्धमुष्टिका।
दन्तमुद्रा समाख्याता सर्वागमविशारदैः॥

इसका प्रयोग गणेश के पूजन में किया जाता है।

१. यह मुद्रा वैष्णवी है। इसका प्रयोग नृसिंह के पूजन में होता है।

२. दोनों हाथों को परस्पराभिमुख करके दाहिने हाथ की मध्यमा से बाँयी कनिष्ठा को, बाँयी मध्यमा से दाहिनी कनिष्ठा को बाँधना चाहिये। इनके नीचे स्थित अनामिकाओं को परस्पर मिलाकर दोनों तर्जनियों को भी उनके नीचे अलग से परस्पर स्पर्श कराना चाहिये। दोनों अनामिकाओं के अग्र पर्व पर दोनों अङ्गुष्ठों को स्थापित करना चाहिये।

८८ **दारण**[1]

मिथः संस्पृष्ट संमुख्योऽङ्गुलयो ऋज्वधोऽग्रकाः ।
स्वस्थानसरलाङ्गुष्ठौ मुद्रेयं दारणा मता ॥

(शारदातिलक, १५।११ टीका)

८९ **द्विनेत्र**[2]

द्विनेत्रमुद्राख्यातेयं तर्जनीदक्षनेत्रगा ।
मध्यमा वामनेत्रे च सूर्यविष्ण्वादि भेदयोः ॥

(मेरुतन्त्र ८।१२)

९० **दिव्य (दिव्यदृष्टि)**[3]

अनिमेष दृष्ट्या विलोकनम् ।

(सम्प्रदाय)

९१ **दीप**

(देखिये—षोडशोपचार मुद्रा ।)

आगम रहस्य पृस्ठ ४१४ के निम्न उद्धरण से इसका स्वरूप स्पष्टतर होता है—

संयोज्याथ कनिष्ठे पृष्ठेऽन्योन्यं त्वनामायाः ।
अङ्गुष्ठाभ्यां बध्वा तौ बध्नीयात् स्व मध्यमाभ्याम् ॥
क्षिप्त्वाऽनामे वक्त्रे वृद्धा मूले च तर्जन्यौ ।
सरले मिलिते कुर्यात् स्याद् दानवधूमिनी ॥

इस मुद्रा का प्रयोग तारा महाविद्या के पूजन में किया जाता है। इसे दानवधूमिनी, दैत्यधूमिनी भी कहा जाता है।

१. इस मुद्रा को नृसिंह के ध्यान के पश्चात् अधोमुख करके प्रदर्शित करना चाहिये।

२. सूर्य, विष्णु आदि द्विनेत्र देवताओं के न्यास में इसका प्रयोग होता है।

३. ध्यान, पूजन के पश्चात् देवता को निर्निमेष देखना दिव्यदृष्टि मुद्रा का स्वरूप है, ऐसा साधकों में प्रसिद्ध है।

९२ दुर्गा (दौर्गी)[1]

हस्तयोर्मुष्टियुगलं कुर्याद्विघ्नविनाशनम् ।
दुर्गामुद्रा तु करयोर्मुष्टिं कृत्वा नियोजयेत् ॥

(मेरुतन्त्र ८ ५४)

मुष्टिं कृत्वा कराभ्यां च वामस्योपरिदक्षिणम् ।
कृत्वाशिरसि संयोज्य दुर्गामिद्रेयमीरिता ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ २३६)

९३ देवी

उत्तानौ तु करौ कृत्वा अङ्गुष्ठाङ्गुलि कुञ्चितौ ।
करमध्यस्थिताह्येता नखाँस्तासां तु गोपयेत् ॥
पृष्ठं पृष्ठे तु संयोज्य त्वङ्गुष्ठौ विन्यसेत्समम् ।
मालाकारं ततः कृत्वा देव्या मुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।१०-१९)

९४ द्राविणी[2]

सरले तर्जनीमध्ये कनिष्ठानामिके युते ।
अग्रयोश्च कनिष्ठास्थावङ्गुष्ठौ द्राविणी भवेत् ॥

(मेरुतन्त्र ८।१८)

सर्वसंक्षोभमुद्रायाः मध्यमे सरले यदा ।
क्रियते परमेशानि सर्वविद्राविणी तदा ॥

(मन्त्रमहोदधि, तरंग २)

---

१. यह मुद्रा सर्वविघ्नविनाशिनी है। दुर्गादेवी को प्रणाम करते समय इसका प्रयोग किया जाता है।

२. इस मुद्रा को विद्राविणी, सर्वद्राविणी, सर्वविद्राविणी आदि नामों से भी जाना जाता है। मेरुतन्त्र ८।१२ के अनुसार इस मुद्रा का प्रयोग काम्य कर्मों में होता है। मुख्यतः इसका प्रयोग श्रीविद्योपासना में किया जाता है।

द्राविणी का प्रदर्शन बीजमन्त्र के उच्चारण के साथ किया जाता है। इसका उद्धार निम्नवत् है—

९५ **धनुः**

(देखिये—चापमुद्रा)

९६ **धर्मज्ञ**

अधोमुखास्तु वै तिस्रस्तिर्यक् ताश्च सुसंस्थिताः।
कनीयस्युपरि त्वासां ताश्च सर्वा अधोमुखाः॥
तासामुपरि चाङ्गुष्ठं दक्षिणं सम्प्रयोजयेत्।
वामे धर्मज्ञ मुद्रेषा कथिता पिङ्गलस्य तु॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।६८-६९)

९७ **धर्मादि**

उत्तानं दक्षिणं हस्तं त्वधोवामं तथोपरि।
करजान्योन्य संयोगाद्धर्मस्य परिकीर्तिता॥
सा चैव विपरीता तु ज्ञानस्य परिकीर्तिता।
कनिष्ठिके द्वे चाङ्गुष्ठौ युग्मे कृत्वा प्रसारयेत्॥
वैराग्यस्य भवेन्मुद्रा सर्वकर्मकरी शुभा॥
पृष्ठे पृष्ठं तु संयोज्य करयोरुभयोरपि।
कनीन्यङ्गुष्ठयोगेन भवत्यैश्वर्यमेव च॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।९-१२)

९८ **धर्मादिमुद्राचतुष्टय**[1]

करद्वयमसंलग्ने कृत्वा तदनु योजयेत्।
मुखे मुखं तर्जनीभ्यां तं मुञ्चेदथ मध्ययोः॥
कुर्यात्तादृग्विधं बन्धं तं त्यक्त्वाऽनामिकाद्वये।
उपसंहृत्य तं चापि द्वे कनिष्ठे नियोजयेत्॥

धान्तं वह्नि समारूढं तुरीयस्वर भूषितम्।
नादविन्दुकलायुक्तं द्राविणीबीजमुत्तमम्॥

(मन्त्रमहोदधि, तरङ्ग २ अथात्—द्री)।

१. दोनों हाथों को परस्पर मिलाकर—(१) तर्जनियों एवं अङ्गुष्ठों के अग्रभाग को परस्पर मिलाना चाहिये। (२) मध्यमाओं और अङ्गुष्ठों को (३) अनामिकाओं

प्रत्येकबन्धे संलग्नमङ्गुष्ठयुगलं न्यसेत् ।
धर्माद्यस्य चतुष्कस्य विद्ध मुद्रागणं क्रमात् ॥

(जयाख्यसंहिता, ८।७२-७५)

९९ धान्य-हवन[1]

दीर्घीकृत्य कनिष्ठां च तर्जनी चाप्युभे इमे ।
अङ्गुष्ठं मध्यमानामामूर्ध्नि संयोजयेदपि ॥
मुद्रैषा व्रीहिमुख्यानां धान्यानां हवने बुधैः ।

(विश्वामित्रसंहिता १३।८०-८१)

१०० धूप[2]

(क) तर्जनीमूलयोरङ्गुष्ठयोगेन धूपमुद्रा ।

(मन्त्रमहोदधि टीका)

(ख) अङ्गुष्ठ तर्जनी लग्नः तिस्रः संकुचिताः पराः ।
मुद्रा धूपप्रदानास्यात् देवानां तुष्टिकारिणी ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति धृत, श्रीतत्त्वचिन्तामणि)

१०१ नवग्रह

रवि—सम्मुखौ तु करौ कृत्वाश्लिष्टौ चैव प्रसारितौ ।
इयं मुद्रा नमस्कारे रविसान्निध्यकारिणी ॥
अनामिकायाः सन्दशो रविमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

सोम, भौम, बुध, जीव—

सोममुद्रा मध्यमया भौममुद्राह्यनामया ।
कनीयस्या बुधे मुद्रा तन्मूले जीवसंज्ञिता ॥

को (४) कनिष्ठाओं एवं अङ्गुष्ठों के मध्य पर्वों को परस्पर मिलाना चाहिये । ये क्रमशः धर्म, ज्ञान, वैराग्य एवं ऐश्वर्य की मुद्रायें हैं । इनका प्रयोग विष्णुपूजन में किया जाता है ।

१. इस वैष्णवी मुद्रा की तुलना 'मृगी' मुद्रा से की जा सकती है ।

२. यह मुद्रा सर्वदेव साधारणी है । सम्प्रदाय भेद से दो प्रकार का स्वरूप प्राप्त होता है जो कि उपर्युक्त उद्धरणों से स्पष्ट है ।

शुक्र, शनि—अनामिकामूललग्ना तु शुक्र मुद्रा प्रकीर्तिता ।
मध्यमामूलगाङ्गुष्ठा शनिमुद्रा प्रकीर्तिता ॥
राहु, केतु—तर्जनीमूलगाङ्गुष्ठे राहुमुद्रा प्रकीर्तिता ।
तर्जनी चलनाज्ज्ञेया केतुमुद्रा नराधिप ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।९१-९५)

१०२ नभोमुद्रा[1]

(क) ऊर्ध्वं जिह्वः स्थिरो भूत्वा धारयेत् पवनं सदा ।
नभो मुद्रा भवेदेषा योगिनां रोगनाशिनी ॥

(योगशास्त्रीय सम्प्रदाय)

(ख) अन्तः कपालकुहरे जिह्वामाकुञ्च्य धारयेत् ।
भ्रूमध्यदृष्टिरमृतं पिबेत् खेचरिमुद्रया ॥

(आगम रहस्य, पृष्ठ ४३७)

---

१. यद्यपि यह मुद्रा योगशास्त्र की है, किन्तु तन्त्र के साधकगणों में अत्यन्त प्रसिद्ध होने से इसका उल्लेख तन्त्रग्रन्थों में प्राप्त होता है। इसका प्रयोग साधना की मनो भूमि निर्माण के लिये किया जाता है। इस मुद्रा के प्रयोग के पूर्व 'महाबन्ध' की साधना की जाती है। महाबन्ध का स्वरूप इस प्रकार है—

पर्ष्णिर्वामस्य पादस्य योनिस्थाने नियोजयेत् ।
वामोरूपरि संस्थाप्य दक्षिणं चरणं पुनः ॥
पूरयेन्मुखतो वायुं हृदये चिबुकं दृढम् ।
निभृत्य योनिमाकुञ्च्य मनो मध्ये नियोजयेत् ॥
रेचयेच्च शनैरेवं महाबन्धोऽयमुच्यते ।
अयं योगी महाबन्धं सर्वसिद्धिप्रदायकम् ॥
सव्याङ्गे च समभ्यस्य दक्षिणाङ्गे समभ्यसेत् ।
अयं च सर्वनाडीनां गतिमूर्ध्वविबोधकः ॥
त्रिवेणी सङ्गमं धत्ते केदारं प्रापयेत् पुनः ।
रूपलावण्यसम्पन्ना यथा स्त्री पुरुषं विना ॥

महाबन्ध सिद्ध करने के पश्चात् ही नभोमुद्रा का साधन किया जाता है।

१०३ नाद[1]

नादमुद्रा तु तर्जन्या मुष्टावङ्गुष्ठको यदि ।
निबद्धो यतिनां सेव्या ब्रह्माभिव्यक्तिकारिणी ॥

(मेरुतन्त्र ८।१२१)

मुष्टिरुर्ध्वीकृताङ्गुष्ठा दक्षिणा नादमुद्रिका ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४२१)

१०४ नारसिंही[2] (नृहरि, नृसिंह)

जानु मध्ये करौ कृत्वा चिबुकोष्ठौ समावुभौ ।
हस्तौ तु भूमिसंलग्नौ कम्पमानः पुनः पुनः ॥
मुखं विवृतकं कुर्यात् लेलिहानाञ्च जिह्विका ।
नारसिंही भवेदेषा मुद्रा तत् प्रीतिवर्धिनी ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३५)

अङ्गुष्ठाभ्यां तु करयोस्तथाक्रम्य कनिष्ठिके ।
अधोमुखाभिः सर्वाभिः मुद्रेयं नृहरेर्मता ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति धृत, अन्नसार)

ब्रह्मरन्ध्र से च्यवमान अमृतधारा का खेचरी मुद्रा द्वारा पान किया जाता है। नभोमुद्रा साधना क्रम में महाबन्ध एवं खेचरी सहायक या अङ्ग के रूप में साध्य हैं।

इस मुद्रा के साधन से शरीर आमय रहित होकर गहन साधना के योग्य बनाया जाता है।

१. नादमुद्रा चित्तशुद्धि में सहायक होती है। इसीलिये इसे 'ब्रह्माभिव्यक्तिकारिणी' कहा गया है।

२. इस मुद्रा के दो प्रकार उद्धृत किये गये हैं। प्रथम, ध्यान के पश्चात् प्रदर्शित की जाती है, तथा द्वितीय प्रकार का प्रयोग प्रणति के अवसर पर किया जाता है।

१०५ नाराच[1] (बाण)

वृद्धाभ्यामङ्गुलीर्बध्वा तर्जन्यौ दण्डवत् सृजेत् ।
अग्रेवामां ततः पृष्ठे दक्षमाकर्षयेत् शनैः ॥
नाराच मुद्रा संप्रोक्ता ... ... ।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४२०)

अङ्गुष्ठाग्रे तु तर्जन्याः संयोज्या दोर्ध्वरेखया ।
अन्याङ्गुलीस्तथोर्ध्वं च नाराचं स्यात् प्रचार्य ताः ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति धृत, कौलावली)

दक्षमुष्ठेस्तु तर्जन्याः दीर्घया बाणमुद्रिका ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ३७)

यथा हस्तगतो बाणः तथा हस्तं कुरु प्रिये ।
बाणमुद्रेयमाख्याता रिपुवर्गनिकृन्तनी ॥

(सम्प्रदाय)

१०६ निःसङ्ग[2]

कनिष्ठानामिकाङ्गुष्ठाङ्गुलीनां योजयेद् बुधः ।
अग्राण्येकत्र मध्यां तु तर्जनीं च प्रसार्य वै ॥
कुब्जीकृत्य करद्वन्द्वं पृथगग्रे निदर्शयेत् ।
निःसङ्गनामा मुद्रेयं नरसिंहवराहयोः ॥

(कालिकापुराण ६६।६३-६४)

त्रयः सङ्कुचिताः यत्र कनिष्ठाङ्गुष्ठ केवलाः ।
उत्तानं दक्षिणाङ्गुष्ठं वामाङ्गुष्ठेन वेष्टयेत् ॥

---

१. ऊपर 'नराच' के मुख्यतः दो प्रकार उद्धृत हैं, प्रथम का प्रयोग बलि विसर्जन के अवसर पर किया जाता है । द्वितीय प्रकार का प्रयोग विष्णु पूजन में होता है ।

२. 'निःसङ्ग' की तुलना नृहरि (द्वितीय प्रकार) से की जा सकती है । यह वैष्णवी मुद्रा है । इसका प्रयोग नृहरि एवं वराह के पूजन में किया जाता है ।

१०७ **निष्कल**

दक्षिणाङ्गुलिभिश्चात्र वामाङ्गुष्ठं तु वेष्टयेत् ।
वामस्याङ्गुलिभिश्चात्र त्वङ्गुलीः परिवेष्टयेत् ॥
तर्जन्यौकुञ्चितौ कृत्वा मुद्रा निष्कलरूपिणी ।
उत्तानौ तु करौ कृत्वा अङ्गुष्ठाङ्गुलिकुञ्चितौ ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।१५-१७)

१०८ **नैवेद्य**

(देखिये—षोडशोपचार मुद्रा)

१०९ **नेत्र**[1]

(क) नेत्रमुद्रा तु सरलामध्या तर्जन्यनामिके ।
धनुषाभे संयुक्ताग्रावङ्गुष्ठककनिष्ठिके ॥

(मेरुतन्त्र ८।२४)

(ख) नेत्रमुद्रा यदा तस्यां नेत्रान्ते तर्जनी भवेत् ।

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३।३३)

११० **पञ्चबलि**[2]

अङ्गुष्ठानामिकाभ्यां तु बटुकस्य बलिः स्मृतः ।
तर्जनीमध्यमाङ्गुष्ठैः स्याद् योगिनो बलिः ॥
अङ्गुलीभिश्च सर्वाभिरुक्तो भूतबलिः प्रिये ।
अङ्गुष्ठतर्जनीभ्यां तु क्षेत्रपालबलिर्भवेत् ॥
अङ्गुष्ठमध्यमाभ्यां तु राजराजेश्वरस्य च ।
इयमेव गणेशस्य बलिमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(आगमरहस्य, मुद्रा प्रकरण)

---

१. तर्जनी मध्यमा एवं अनामिका को परस्पर मिला कर सीधी रखें तथा अङ्गुष्ठ एवं कनिष्ठा को धनुष की भाँति टेढ़ा करके दोनों के अग्र भाग को परस्पर मिला कर प्रदर्शित करना चाहिये । द्वितीय रूप स्पष्ट है ।

२. ये सर्वकर्मकाण्डसाधारणी मुद्राये हैं । सभी प्रकार के याग में पञ्चबलि को जाती है । उस अवसर पर योगिनी, भूत, क्षेत्रपाल, यक्ष, गणपति के लिये बलि-समर्पण उक्त मुद्राओं से बलि द्रव्य लेकर समर्पित करना चाहिये ।

१११ पञ्चमुख[1]

मणिबन्धकरौ युक्तावङ्गुल्यग्राणि मेलयेत् ।
मुद्रा पञ्चमुखाख्येयं दर्शिता शिवतोषिणी ॥

(मन्त्रमहोदधि, तरङ्ग २)

११२ पञ्चमुद्रामयी योनि[2]

परिवर्त्य करौ सम्यक् तर्जनीवाहिनी समे ।
मध्यमे कुरु तन्मध्ये योजयेत्तदनन्तरम् ॥
अन्योन्यानामिके देवि कनिष्ठे तु यथास्थिते ।
अङ्गुष्ठाभ्यां योजिताभ्यां योन्याकारं तु कल्पयेत् ॥
योनिमुद्रेयमाख्याता परा त्रैलोक्य मातृका ।
इयमेव हृदि क्षिप्ता त्रैलोक्यक्षोभिणी भवेत् ॥
त्रैलोक्यद्राविणी नाम मुखस्था परमेश्वरि ।
भ्रूमध्यस्था महादेवि त्रैलोक्याकर्षिणी भवेत् ॥
ललाटस्था महादेवि त्रैलोक्यवशकारिणी ।
ब्रह्मरन्ध्रस्थिता देवि त्रैलोक्योन्मादकारिणी ॥
पञ्चमुद्रामयीं मुद्रां योनिमुद्रां च दर्शयेत् ॥

(परशुरामकल्पसूत्र वृत्ति धृत, ज्ञानार्णवतन्त्रम् ४।५१-५६)

---

१. मणिबन्धों को परस्पराभिमुख सटा कर पाँचों अङ्गुलियाँ विरल एवं सीधी करके उनके अग्रपर्वों को परस्पर मिलाना चाहिये। ध्यान रखना चाहिये कि करतल परस्पर संस्पृष्ट न हो। शैव सम्प्रदाय में प्रयुक्त होने वाली यह मुद्रा शिव के पूजनोपरान्त प्रणाम निवेदन के समय प्रदर्शित की जाती है।

२. योनि मुद्रा के ३ प्रकार आगे उल्लिखित हैं। प्रकृत योनि मुद्रा का उन्हीं रूपो में से 'दूसरे प्रकार' की है किन्तु प्रदर्शनस्थान के भेद से इसका नामान्तरण होता है। अतः श्रीविद्योपासना में प्रयुक्त होने वाली इस मुद्रा को 'पञ्चमुद्रामयी योनि' कहा जाता है। यद्यपि त्रैलोक्याकर्षिणी आदि मुद्राओं का स्वतन्त्र स्वरूप भी होता है, किन्तु शाक्त सम्प्रदाय में योनि मुद्रा का अति महत्व होने से योनि मुद्रा से ही त्रैलोक्याकर्षिणी आदि सम्पादन किया जाता है।

११३ पट्टि

तिर्यक् कृत्वा तु तं हस्तं सर्वसंकुचिताङ्गुलिम् ।
अङ्गुष्ठं मध्यमावेष्ट्य पर्यस्तं तु विनिर्दिशेत् ॥
कनिष्ठां संकुचितामङ्गुठोपरि विन्यसेत् ।
प्रसारयेत्ततस्तिस्रः पट्टिसंज्ञं प्रकीर्तितम् ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।७)

११४ पद्म[1]

हस्तौ तु सम्मुखौ कृत्वा उन्नतप्रणताङ्गुलीः ।
तलान्तर्मिलिताङ्गुष्ठौ कृत्वैषा पद्ममुद्रिका ॥

(परशुरामकल्पसूत्र धृत, मुद्राप्रकार श्लोक १४२; तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

११५ परमीकरण[2]

अन्योन्य ग्रथिताङ्गुष्ठा प्रसारित पराङ्गुलीः ।
महामुद्रेयमुदिता परमीकरणे बुधैः ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

करावेकत्रसंयोज्य अधोभूतमिव प्रिये ।
परमीकरणो नाम मुद्रेयमिति कथ्यते ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति, मुद्राप्रकरण)

११६ परशु[3]

तले तलन्तु करयोः तिर्यक् संयोज्य चाङ्गुलीः ।
संहताः प्रसृताः कुर्यात् मुद्रा परशुसंज्ञिका ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

---

१. यह मुद्रा वैष्णवी है । विष्णु के आवरण पूजन काल में इसका प्रयोग प्रशस्त है ।

२. उपर्युक्त दोनों प्रमाण एक दूसरे के पूरक हैं । प्रथम, अङ्गुष्ठों को परस्पर ग्रथित करने का संकेत देता है; तथा द्वितीय हाथों की स्थिति स्पष्ट करता है । इसका नामान्तर महामुद्रा भी है । सर्वदेव साधारणी यह मुद्रा परमीकरण के प्रसङ्ग में प्रयुक्त होता है ।

३. यह वैष्णवी मुद्रा है । प्रथम उद्धरण में दोनों हाथों से 'धन' का आकार बनाने

परशोश्च भवेन्मुद्रा उर्ध्वास्यं दक्षिणं करम् ।
प्रसृता संयुता हस्ता तलं हस्ततलान्वितम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।४६-४७)

११७ पातालभञ्जिनी

हस्तावधोमुखौ यत्र दृष्टिश्चाधस्तथा भवेत् ।
पातालभञ्जिनी नाम मुद्रैषाकथिता नृप ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।६८)

११८ पाद्य

(देखिये—षोडशोपचार मुद्रा ।)

११९ पानपात्र[1]

(देखिये—कपाल मुद्रा ।)

१२० पाश[2]

पाशाह्वया तु वामस्य तर्जन्यां दक्षतर्जनीम् ।
क्षिप्त्वा बध्वा मुष्टियुगं तर्जन्यङ्गुष्ठयोर्युतिः ॥

(मेरुतन्त्र ८।४१)

वाममुष्टेस्तु तर्जन्या दक्षमुष्टेस्तु तर्जनीम् ।
संयोज्याङ्गुष्ठकाग्राभ्यां तर्जन्यग्रे स्वके क्षिपेत् ॥
एषा पाशह्वयामुद्रा विद्वद्भिः परिकीर्तिता ॥

(तन्त्रसार पृष्ठ ४३६)

का क्रम अस्पष्ट है, जिसे मेरुतन्त्र का उद्धरण स्पष्ट करता है। उसके अनुसार दाहिना हाँथ ऊर्ध्व मुख तथा बायाँ तिरछा रहता है।

१. काली पूजन में उपर्युक्त इस मुद्रा से विन्दु स्वीकार किया जाता है।

२. दोनों हाथों की मध्यमाओं, अनामिकाओं और कनिष्ठाओं से मुट्ठी बाँध कर, दोनों तर्जनी सीधी रखना चाहिये। दोनों अङ्गुष्ठों को अपनी-अपनी तर्जनियों के अग्र भाग से परस्पर अभिमुख करके मिलाना चाहिये। इस मुद्रा का प्रयोग दुर्गा पूजन में किया जाता है।

१२१ **पुटक**[1]

सर्वाङ्गुलीनामग्रौघं दक्षिणस्य करस्य च ।
संयोज्यैकत्र पुरतो निर्देशः पुटकः स्मृतः ॥

(कालिकापुराण ६६।६२)

१२२ **पुटाञ्जलि**

(देखिये—सम्पुटाञ्जलि मुद्रा ।)

१२३ **पुनराचमनीय**

(देखिये—षोडशोपचार मुद्रा ।)

१२४ **पुष्प**

(देखिये—षोडशोपचार मुद्रा)

१२५ **पुस्तक**[2]

वाममुष्टिः स्वाभिमुखी करस्था पुस्तक मुद्रिका ।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१८)

१२६ **प्रणाम**

(देखिये—षोडशोपचार मुद्रा ।)

१२७ **प्राणादिपञ्चमुद्रा**[3]

प्राण-मुद्रामथो वक्ष्ये भोजनादौ प्रदर्शयेत् ।
कनिष्ठानामिके सम्यगङ्गुष्ठाग्रेण योजयेत् ॥

---

१. इस शाक्त की मुद्रा की तुलना ग्रास मुद्रा एवं कस्तूरी मुद्रा से की जा सकती है।

२. इस शाक्त मुद्रा का प्रयोग सरस्वती के पूजन में किया जाता है ।

३. इन मुद्राओं का प्रयोग नित्य कर्म में होता है । भोजन काल में शरीरस्थ पञ्च प्राणों के समान एवं संतुलित क्रियाशीलता के लिये इन मुद्राओं को 'ॐ प्रणाय नमः'

मुद्राऽपानस्य विज्ञेया तर्जनीमध्यमयोर्युती ।
एतद्दर्शनतो वायुरोधाद्योगी विमुच्यते ॥
व्यानमुद्रा तु सा ज्ञेया मध्यमानामिके युते ।
समस्तदेहगो वायुः दृष्ट्वा तां सुप्रसीदति ॥
उदानवायोर्मुद्रा स्यादङ्गुष्ठेन समन्विता ।
तर्जनीमध्यमानामास्सर्वरोगापनोदिनी ॥
समानवायोर्मुद्रास्यादधो पञ्चाङ्गुलीर्युतिः ।
प्रणवादि चतुर्थ्यन्ता नमोऽन्ता नाम मन्त्रका ॥

(मेरुतन्त्र ८।१०५-१०९)

वृद्धानामाकनिष्ठाभिः प्राणमुद्रा समीरता ।
वृद्धमध्यतर्जनीभिरपानस्य प्रकीर्तिता ॥
वृद्धानामामध्यमाभिर्व्यानमुद्रा प्रकीर्तिता ।
कनिष्ठवर्जं सर्वाभिरुदानस्य प्रकीर्तिता ॥
समानमुद्रा सर्वाभिरङ्गुलीभिरुदीरिता ।

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजापद्धति धृत, क्रमदीपिका)

इत्यादि मन्त्रों को बोलते हुये ग्रास समर्पण किया जाता है। उक्त दोनों उद्धरणों मे मुद्राओं का स्वरूप भिन्न है, जिसे एक दृष्टि में इस प्रकार देखा जा सकता है—

मुद्रा नाम	मेरुतन्त्र	क्रमदीपिका
प्राण	अङ्गुष्ठ, अनामिका एवं कनिष्ठा का योग।	अङ्गुष्ठ, मध्यमा एवं अनामिका का योग।
अपान	अङ्गुष्ठ, मध्यमा एवं तर्जनी का योग।	अङ्गुष्ठ, कनिष्ठा एवं अनामिका का योग।
व्यान	अङ्गुष्ठ, मध्यमा एवं अनामिका का योग।	अङ्गुष्ठ, मध्यमा एवं तर्जनी का योग।
उदान	कनिष्ठा के अतिरिक्त अन्य चारों अङ्गुलियोंका योग।	तर्जनी को छोड़कर अन्य चारों अङ्गुलियों का योग।
समान	सभी अङ्गुलियों का योग।	

१२८ पितृगणमुद्रा[1]

प्रोत्तानं दक्षिणं पाणिं कृत्वाङ्गुलिगणं ततः ।
संलग्नं कुञ्चयेत्किञ्चिदङ्गुष्ठं संप्रसार्य च ॥
तिर्यग्भवं शनैः किञ्चित् कुर्याद्वाऽधोमुखं ततः ।
मुद्रा पितृगणस्यैषा नित्यतृप्तिकरी स्मृता ॥

(जयाख्यसंहिता ८।९९-१०१)

१२९ पृथ्वी[2]

कराभ्यां मुष्टियुग्मं तु लग्नं कृत्वाङ्गुलित्रयम् ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं प्राप्तलग्नं च मीलयेत् ॥
पृथिवीमुद्रिकैषा स्यात् .... ।

(विश्वामित्रसंहिता १३।८६-८७)

१३० प्रार्थना[3]

प्रसृताङ्गुलिकौ हस्तौ मिथः श्लिष्टौ च सम्मुखे ।
कुर्यात् स्व-हृदये सेयं मुद्रा प्रार्थनसञ्ज्ञिका ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

---

१. पितरों के तर्पण के समय इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है। यह अत्यन्त प्रचलित है। इसके विषय में कहा गया है कि—

यो वै नैमित्तिकाच्छ्राद्धात् परितोषस्तु जायते ।
स पितॄणां शतगुणो मुद्राबन्धाच्च पूजनात् ॥

(जयाख्यसंहिता ८।१०२)

२. दोनों हाथों की मध्यमा, अनामिका एवं कनिष्ठा को स्व-स्व करतलों से संयुक्त करके दोनों मुट्ठियों को परस्पर सटा देना चाहिये। अङ्गुष्ठों को तर्जनी से संलग्न करके प्रदर्शित करना चाहिये।

इस मुद्रा का प्रयोग वैष्णव संप्रदाय में किया जाता है।

३. यह मुद्रा सर्वदेवसाधारणी है। सभी देवताओं के पूजन में इसका प्रयोग प्रार्थना के अवसर पर किया जाता है—

५६ ख

गो[1]

तर्जन्यादि चतुष्कं तु प्रोतं हस्तद्वयस्थितम् ।
दक्षतर्जन्यनामायां वाममध्यकनिष्ठिके ॥
वामतर्जन्यनामायां दक्षमध्यकनिष्ठिके ।
अधोमुखी धेनुमुद्रा ।

(परशुरामकल्पसूत्र, खण्ड ६, सूत्र भाष्य)

परिवर्त्य करौ पश्चात् तर्जनीमध्यमायुगम् ।
कनिष्ठानामिकायुग्मं परस्परयुतं कुरु ॥
धेनुमुद्रेयमाख्याता अमृतीकरणं भवेत् ।

(ज्ञानार्णव ४।३७)

वामाङ्गुलीनां मध्ये तु अङ्गुष्ठं त्वथ दक्षिणम् ।
नियोज्य तर्जनीं दक्षां मध्यमा वामतर्जनीम् ॥
वामयाऽनामया दक्षां कनिष्ठां च नियोजयेत् ।
ततस्त्वधोमुखाः कुर्याद्धेनुमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(गायत्रीपुरश्चरणपद्धति पृष्ठ ९)

अन्योन्याभिमुखाश्लिष्टा कनिष्ठानामिका पुनः ।
तथा च तर्जनीमध्या धेनुमुद्रा समीरिता ॥

(शारदातिलक २३।११२)

---

१. धेनु या गो मुद्रा साधकों में अत्यधिक प्रचलित है । विशेषतः शाक्त सम्प्रदाय में इसका बहुशः प्रयोग होता है । स्पष्टता के लिये इस मुद्रा के ४ उद्धरण दिये हैं । इसका प्रयोग द्रव्यशोधन के अवसर पर अमृतीकरण के लिये होता है । अतः इसका नामान्तर अमृतीकरण मुद्रा भी है ।

बाईं कनिष्ठा का अग्रपर्व दाईं अनामिका से दाईं कनिष्ठा का बाईं अनामिका से इसी प्रकार बाईं मध्यमा का अग्रपर्व दाईं तर्जनी से तथा दाईं मध्यमा का बाईं तर्जनी से जोड़कर अधोमुख करके द्रव्य के ऊपर प्रदर्शित किया जाता है।

इसी प्रकार गायत्री पुरश्चरण पद्धति में आवाहनी, स्थापनी सन्निधापनी, सन्निरोधिनी मुद्राएँ 'द्वितीय प्रकार' की तरह वर्णित हैं। पञ्चम मुद्रा को 'स्थान मुद्रा' कहा गया है—

अङ्गुष्ठ तर्जन्यग्रं तु मिलितं स्वहृदिस्थितम् ।
स्थान मुद्राभवेदेवं ॥

(गायत्रीपुरश्चरणपद्धति)

दक्षिण हाथ के अङ्गुष्ठाग्र एवं तर्जन्यग्र को परस्पर संयुक्त करके हृदय पर स्थापित करना 'स्थान' मुद्रा है।

ये मुद्राएँ सभी देवताओं की पूजा में प्रयुक्त होती है, प्रत्येक मुद्रा के प्रदर्शन के अवसर पर तत्तत् देवताओं के मूलमन्त्रों का भी प्रयोग करना चाहिये। क्योंकि मूलमन्त्र उन मुद्राओं के अङ्ग हैं। 'प्रति प्रधानमङ्गावृत्तिः' इस नियम के अनुसार जितनी मुद्राएँ प्रदर्शित को जायँ उतनी बार मन्त्रोच्चारण करना चाहिये।

शारदातिलक पदार्थादर्शटीका ४।८९-८० में

आवाहन, स्थिरीकरण (स्थापनी), सन्निध्य (सन्निधापनी), सन्निरोध इन चार शब्दों का सुन्दर निर्वचन प्राप्त होता है।

स्वत एवाभिपूर्णस्य तत्त्वस्येहार्चनादिषु ।
सादरं सम्मुखी भावस्तदावाहनमुच्यते ॥
शिवस्यावाहितस्यास्य विद्यादेहे तु संततम् ।
स्थिरीकरणमुद्दिष्टं स्थापनं भक्तितोऽर्चने ॥
पूजां प्रयोज्यमानां तु गृहीत्वाऽनुग्रहादिकम् ।
कर्तुं सामर्थ्यमस्येह तत् सान्निध्यं प्रचक्षते ॥
आममाप्तेस्तु पूजाया सान्निध्यं हि शिवस्य यत् ।
स सन्निरोध उद्दिष्टो विभोरस्यापि शक्तितः ॥

१३१ **बिल्व**[1]

अङ्गुष्ठं वामोद्दण्डिमितरकराङ्गुष्ठकेनापि बध्वा ।
तस्याग्रं पीडयित्वाङ्गुलिभिरपि च ता वामहस्ताङ्गुलीभिः ॥
बध्वा गाढं हृदि स्थापयतु विमलधीर्व्याहरन्मारबीजम् ।
बिल्वाख्यामुद्रिकैषा स्फुटमिहगदिता गोपनीया विधिज्ञैः ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३८)

१३२ **बीज**[2]

परिवर्त्य करौ स्पृष्ट्वा अर्धचन्द्राकृतिः प्रिये ।
तर्जन्यङ्गुष्ठयुगलं युगपत् कारयेत् बुधः ॥
अधः कनिष्ठावष्टब्धे मध्यमे विनियोजयेत् ।
तथैव कुटिले योज्ये सर्वाधस्तादनामिके ॥
बीज मुद्रेयमचिरात् सर्वसिद्धि विवर्धिनी ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३८)

'प्रार्थनायां तु विज्ञेया मुद्रा प्रार्थन नामिका ।'

(आगम रहस्य, पृष्ठ ४२०)

१. बाँये हाँथ के अङ्गुष्ठ को उत्तान करके दाँहिने अङ्गुष्ठ से बाँधना चाहिये । पुनः दाहिने अङ्गुष्ठ के अग्रभाग पर दाहिने हाथ की सभी अङ्गुलियों को स्थापित करना चाहिये । इन अङ्गुलियों के ऊपर बाँये हाथ की शेष चारों अङ्गुलियों को स्थापित करना चाहिये । इस विधि से निर्मित बिल्व मुद्रा को कामबीज (क्लीं) । का उच्चारण करते हुये प्रदर्शित करना चाहिये । यह वैष्णवी मुद्रा है ।

२. दोनों हाथों को परस्पर कनिष्ठा मूल से मिलाना चाहिये । दोनों हाथों की तर्जनी को अङ्गुष्ठ से मिलाना चाहिये । तदनन्तर दोनों कनिष्ठाओं को संयुक्त करना चाहिये । फिर मध्यमाओं को तथा सभी के नीचे अनामिकाओं को कुछ टेढ़ी करके संयुक्त करना चाहिये ।

यह मुद्रा सर्वदेव साधारणी है ।

१३३ बीजपूर[1]

बीजपूरं यथा हस्ते तथा हस्तं कुर्यात् ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

१३४ भग[2]

द्वयोऽस्तु मूलेऽङ्गुष्ठाग्रमङ्गुलीं च कनिष्ठयोः ।
नियोज्य प्रसृती कृत्य द्वौ पाणी योजयेत् पुनः ।।
भगमुद्रा समाख्याता लक्ष्मीवाणीशिवप्रिया ।।

(कालिकापुराण ६६।६०-६१)

१३५ भस्म[3]

उत्तानं तु करं कृत्वा चतस्रोऽङ्गु[ल्यः]कुञ्चिताः ।
अङ्गुष्ठः पार्श्वतो योज्यो भगमुद्रा प्रकीर्तिता ।।

(विष्णुधर्मोत्तर पुराण ३३।१)

१३६ भूतिनी[3]

बध्वा तु योनिमुद्रां वै मध्यमे कुटिले कुरु ।
अङ्गुष्ठे तु तदग्रे तु मुद्रेयं भूतिनी मता ।।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

---

१. दाहिने हाथ को इस अवस्था में करके प्रदर्शित करना चाहिये जैसे कि हाथ में लड्डू हो ।

यह गणपति पूजनोपयोगिनी मुद्रा है, शक्तिपूजन में भी इसका प्रयोग होता है ।

२. दोनों हाथों की अङ्गुलियों को परस्पर संयुक्त करके फैलाना चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठों को कनिष्ठाओं के मूलदेश में स्थापित करना चाहिये । इसका प्रयोग लक्ष्मी, सरस्वती एवं शिव के पूजन में ध्यान के पश्चात् किया जाता है ।

३. योनि मुद्रा बनाकर मध्यमाओं को स्वाभिमुख वक्र करके उनके अग्रपर्वों पर अङ्गुष्ठों को स्थापित करना चाहिये । इस मुद्रा का प्रयोग शाक्त साधक तारा महाविद्या के पूजन में करते हैं ।

१३७ **मत्स्य**[1]

मत्स्यमुद्राधोमुखं तु वामहस्तं तदूर्ध्वतः ।
तादृशं दक्षिणं न्यस्याङ्गुष्ठौ चालयेदिति ॥

(मेरुतन्त्र ८।३०)

१३८ **महाजया**[2]

हृल्लग्नं वामहस्तं तु कृत्वोत्तानं प्रसारितम् ।
पृष्ठे तु मुष्टिबन्धं तु दक्षिणेन करेण तु ॥
मुष्टेरुर्ध्वस्थितोऽङ्गुष्ठं चक्षुर्भ्यामवलोकितम् ।
दैवी ह्येषा भवेन्मुद्रा मन्त्रराजस्य सुव्रत ॥
महाजयेति विख्याता सर्वयोगप्रसाधनी ।

(जयाख्यसंहिता ८।५४-५५)

१३९ **महाङ्कुशा**[3]

मध्यमाभ्यां दृढं बध्वा कनिष्ठाङ्गुलयः पराः ।
संयोज्यानामिका मुख्यौ सरलौस्यान्महाङ्कुशा ॥

(मेरुतन्त्र ८।४५)

---

१. इस मुद्रा का प्रयोग तत्त्व शुद्धि के अवसर पर शाक्त सम्प्रदाय में किया जाता है ।

२. बाँये हाथ को फैला कर हृदय के पास स्थापित करना चाहिये उसके ऊपर अर्थात् करतल पर दाहिने हाथ को मुष्टिबद्ध करके स्थापित करना चाहिये तथा अङ्गुष्ठों को दण्डवत् सीधा रखना चाहिये । दाहिने हाथ के इस उच्छ्रित अङ्गुष्ठ को अनिमेष दृष्टि से देखना चाहिये ।

यह श्रीमन्नारायण की दैवी मुद्रा कही जाती है । जयाख्य संहिता (८।५६-५७) का उल्लेख इसकी प्रशंसा में महत्त्वपूर्ण है—

सर्वसिद्धिकरी शश्वत् सर्वमुद्राप्रपूरणी ।
अनयामुद्रितं विश्वमाब्रह्म भवनान्तिमम् ॥
सर्वाङ्गशक्ति युक्तस्य सर्वमन्त्रालयस्य च ।
निष्कलस्याविकारस्य ब्रह्मन् सप्ताक्षरस्य च ॥

३. श्रीविद्योपासनाक्रम में प्रयुक्त होने वाली इस मुद्रा के दो प्रकार प्राप्त होते हैं—

अस्यास्त्वनामिकायुग्ममधः कृत्वाङ्कुशाकृतो ।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत् ॥
इयं महाङ्कुशा मुद्रा सर्वकामार्थसाधिनी ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

१४० महामुद्रा[1]

(देखिये—परमीकरण मुद्रा ।)

---

(१) मेरुतन्त्र के अनुसार इसका स्वरूप इस प्रकार होगा—दोनों हाथों के मध्यमाओं के मध्य में दोनों कनिष्ठाओं को परिवर्तक्रम से स्थापित करके मध्यमाओं से उन्हें बाँध लेना चाहिये। अन्य सभी अङ्गुलियों को सीधी रखना चाहिये।

(२) तन्त्रसार के अनुसार उन्मादिनी मुद्रा बनाकर, दोनों अनामिकाओं को अङ्कुशाकार टेढ़ा करके दोनों तर्जनियों को उनके अधोदेश में स्थापित करना चाहिये।

१. महामुद्रा योगशास्त्र में भी प्रसिद्ध है जिसका प्रयोग साधकगण शरीर शोधन के लिये करते हैं। किन्तु उसका स्वरूप तान्त्रिक महामुद्रा से पृथक् है। यथा—

महामुद्रां प्रवक्ष्यामि वसिष्ठेनोदितां पुरा ।
पादमूलेन वामेन योनिं संपीड्य दक्षिणम् ॥
पादं प्रसारितं कृत्वा स्वराभ्यां पूजयेन्मुखम् ।
कण्ठे बन्धं समारोप्य पूरयेद्वायुमूर्ध्वतः ॥
यथा दण्डाहतः सर्पो दण्डाकारः प्रजायते ।
ऋज्वीभूता तथा शक्तिर्कुण्डली सहसाभवेत् ॥
तदा सा गरणावस्था जायते द्विपुटीस्थिता ।
न हि पथ्यमपथ्यं वा रसाः सर्वेऽपि नीरसाः ॥
अपि भुक्तं विषं घोरं पीयूषमिव जायते ।
क्षयकुष्ठगुदावर्तगुल्मप्लीहपुरोगमाः ॥
तस्य दोषा क्षयं यान्ति महामुद्रां तु योऽभ्यसेत् ।
कथितेयं महामुद्रा जरामृत्युविनाशिनी ॥

(आगम रहस्य, पृष्ठ ४३५-४ ६)

१४१ महामुद्रा (वैष्णवी)

सम्पुटं प्राञ्जलिं वापि यदिशीर्षे प्रदर्शयेत् ।
वन्दनीया समाख्याता मुद्रा विष्णुप्रमोदिनी ॥
सैव चेच्छ्रवणासक्ता महामुद्राप्रकीर्तिता ।

(कालिकापुराण ६६।५७-५८)

१४२ महायोनि[1]

कनिष्ठाङ्गुष्ठसंयोगे सरलं चाङ्गुलित्रयम् ।
महायोन्यभिधामुद्रा सुन्दर्यानन्ददायिनी ॥

(मेरुतन्त्र ८।११०)

---

१. प्रायः सभी साधक इस मुद्रा से परिचित होते हैं; किन्तु इसके भेद अप्रचलित हैं। श्री कुल एवं काली कुल के भेद से इस मुद्रा का स्वरूप भेद होता है। काली कुल में भी सम्प्रदाय भेद से इसके दो प्रकार प्रचलित हैं। इस प्रकार इस मुद्रा के तीन प्रकार प्राप्त होते हैं। चूँकि इसका निर्माण कुछ जटिल होता है; अतः तीनों प्रकारों के निर्माण विधि का ज्ञान भी अवश्य कर लेना उचित है।

(१) मेरुतन्त्र श्रीकुलोपयोगिनी मुद्रा का विवरण देता है कि—दोनों हाथों की कनिष्ठाओं पर अङ्गुष्ठों को स्थापित करके, अन्य सभी अङ्गुलियों को सीधी एवं निश्छिद्र रखनी चाहिये। दोनों हाथों को भी अञ्जलिवत् परस्पर संयुक्त करना चाहिये।

(२) मन्त्रमहोदधि के अनुसार दोनों तर्जनियों को अपनी-अपनी मध्यमाओं के पृष्ठ पर स्थापित करना चाहिये। दोनों कनिष्ठाओं के पृष्ठ पर अनामिकाओं को स्थापित करना चाहिये। कनिष्ठा एवं अनामिका को हाथों के मध्य भाग में रखना चाहिये, तथा स्थिति कुछ इस प्रकार की होनी चाहिये कि करतल की ओर से देखने पर कनिष्ठा सबसे ऊपर दिखाई दे तथा कर पृष्ठ भाग से देखने पर तर्जनी सबसे ऊपर दिखाई दे। इस प्रकार सभी अङ्गुलियों को यथा निर्दिष्ट क्रम से संयुक्त करके अङ्गुष्ठों को स्व-स्व कनिष्ठाओं पर स्थापित करना चाहिये।

(३) तन्त्रसार का कथन है कि दोनों हाथों को अञ्जलि की भाँति पुटाकार करके, अनामिका को अनामिका से मिलाना चाहिये। उसके अधोभाग में कनिष्ठाओं को परस्पर संयुक्त करना चाहिये। पुनः दोनों तर्जनियों को अपनी-अपनी

मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते ।
अनामिके मध्यगते तथैव हि कनिष्ठिके ॥
सर्वा एकत्र संयोज्य अङ्गुष्ठपरिपीडिताः ।
एषा तु प्रथमामुद्रा महायोन्यभिधा मता ॥

(मन्त्रमहोदधि, तरङ्ग २)

तर्जन्यनामिके मध्ये कनिष्ठादिक्रमेण तु ।
करयोर्योजयित्वैवं कनिष्ठा मूलदेशतः ॥
अङ्गुष्ठाग्रे तु निक्षिप्य महायोनिः प्रकीर्तिता ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६ तथा श्यामा रहस्य, परिच्छेद १)

१४३ मातृका-न्यास[1]

ललाटेऽनामिकामध्ये विन्यसेन्मुखपङ्कजे ।
तर्जनी मध्यमानामा वृद्धानामे च नेत्रयोः ॥
अङ्गुष्ठं कर्णयोर्न्यस्य कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ नसोः ।
मध्यास्तिस्रो गण्डयोश्च मध्यमां चौष्ठयोर्न्यसेत् ॥
अनामां दन्तयोर्न्यस्य मध्यमां चोत्तमाङ्गके ।
मुखेऽनामां मध्यमां च हस्ते पादे च पार्श्वयोः ॥
कनिष्ठानामिकामध्यास्तासु पृष्ठे च विन्यसेत् ।
ताः साङ्गुष्ठा नाभिदेशे सर्वा कुक्षौ च विन्यसेत् ॥

अनामिकाओं के अग्रभाग पर रखना चाहिये । इसी प्रकार अधोदेश में ही दोनों मध्यमाओं को कनिष्ठाओं के अग्रभाग पर स्थापित करके परस्पर मिलाना चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठों के अग्रभाग को अपनी-अपनी कनिष्ठाओं के मूलदेश में स्थापित करना चाहिये ।

१. मातृकान्यास प्रायः सर्वदेव सामान्य है । सभी मातृकाक्षरों का उच्चारण करते हुये निम्न क्रम से शरीर के अङ्गों पर न्यास करना चाहिये । क्योंकि—

अज्ञात्वा विन्यसेद्यस्तु न्यासः स्यात् तस्य निष्फलः ।

(तत्रैव)

हृदये च तलं सर्वमंसयोश्च ककुत् स्थले ।
हृतपूर्वहस्तपत्कुक्षिमुखेषु तलमेव च ॥
एताश्च मातृकामुद्राः क्रमेण परिकीर्तिताः ॥

(आगमरहस्य, मुद्राप्रकरण)

१४४ मारुती[1]

तामेव तु यदा तिर्यक् भवति मारुति ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३१।२७)

१४५ मालिनी[2]

अङ्गुल्यग्राणि संमुखं संयोजितानि मालिनी मुद्रा ।

(मन्त्रमहोदधि मुद्राप्रकरण, टीका)

क्रम :—

स्थान	अङ्गुलियाँ	स्थान	अङ्गुलियाँ
ललाट	अनामिका, मध्यमा ।	हस्त	कनिष्ठा, अनामा, मध्यमा ।
मुख	तर्जनी, मध्यमा, अनामिका ।	पाद	,, ,, ,,
नेत्रद्वय	अङ्गुष्ठ, अनामिका ।	पार्श्व	,, ,, ,,
कर्ण	अङ्गुष्ठ ।	पृष्ठ	,, ,, ,,
नासापुट	कनिष्ठा, अङ्गुष्ठ ।	नाभि	कनिष्ठा, अनामा, मध्यमा, अङ्गुष्ठ ।
गण्ड	कनिष्ठा, अङ्गुष्ठ, मध्यमा ।	कुक्षि	सभी अङ्गुलियाँ ।
ओष्ठ	मध्यमा ।	हृदय	करतल ।
दन्त	अनामिका	कन्धे	सभी अङ्गुलियाँ
शिर	मध्यमा ।	ककुत्	,, ,,
मुख	अनामिका, मध्यमा ।		

१. यह मुद्रा वारुणी मुद्रा के पश्चात् वर्णित है । उसका स्वरूप है—दाहिने हाँथ की अङ्गुलियाँ फैलाकर ऊपर करना इसी मुद्रा को तिरछा करने से मारुती मुद्रा बनती है ।

२. इस मुद्रा की तुलना कस्तूरी या शूकरी मुद्रा से करना चाहिये ।

१४६ माला[1]

मालामुद्राङ्गुष्ठतर्जन्यग्रं तु ग्रथयेद् दृढम् ।
प्रसारयेदङ्गुलीनां त्रयं जपसुसिद्धये ॥

(मेरुतन्त्र ८।५१)

१४७ मुण्ड[2]

अन्तरङ्गुष्ठमुष्टिस्तु कृत्वा वामकरस्य च ।
मध्यमाग्रं दक्षिणस्य तथालम्ब्य प्रयत्नतः ॥
मध्यमेनाथ तर्जन्या अङ्गुष्ठाग्रेण योजयेत् ।
दक्षिणं योजयेत् पाणिं वाममुष्टौ तु साधकः ॥
दर्शयेत् दक्षिणे भागे मुण्डमुद्रेयमुच्यते ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

१४८ मूषल/मूशल[3]

मुषलख्या भवेन्मुद्रा वामस्योपरि दक्षिणम् ।
हस्तयोर्मुष्टियुगलं कुर्याद्विघ्नविनाशनम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।५६-५७)

मुष्टिं कृत्वा तु हस्ताभ्यां वामस्योपरिदक्षिणम् ।
कुर्यान्मूषलमुद्रेयं सर्वविघ्नविनाशिनी ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

---

१. शिव पूजनोपयोगी इस मुद्रा का स्वरूप अक्षमाला मुद्रा की भाँति है ।

२. बाँये अङ्गुष्ठ को अन्दर करते हुये मुट्ठी बाँधकर दाहिनी मध्यमा, तर्जनी एवं अङ्गुष्ठ के अग्रपर्वों को संयुक्त करके वाममुष्टि पर स्थापित करते हुये अपने दोनों हाथों को स्थापित करके प्रदर्शित करना चाहिये । भगवती काली के पूजन में इसका प्रयोग किया जाता है ।

३. मूसल धारण करने वाले देवों एवं देवियों के लिये इस मुद्रा का प्रदर्शन किया जाता है । इसका प्रयोग विघ्न निवारणार्थ नहीं अपितु पूजनाङ्गत्वेन किया जाता है । मेरुतन्त्र द्वारा 'सर्वविघ्नविनाशिनी' पद का प्रयोग किया जाना प्रशंसा परक अर्थवाद है ।

१४९ **मुष्टि**[1]

मुष्ठिं दक्षिणहस्तेन विधायोर्ध्वं समुन्नयेत् ।
मुद्रा मुष्ट्यभिधा ख्याता सर्वविघ्न विनाशिनी ॥

(मन्त्रमहोदधि मुद्राप्रकरण, टीका)

१५० **मृगी**[2]

दक्षस्यानामिकाङ्गुष्ठमध्यमाग्राणि योजयेत् ।
शिष्टे द्वे उच्छ्रिते कुर्यात् मृगमुद्रेयमीरिता ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

१५१ **योग**[3]

कृत्वा सव्यकरं नाभेरधस्तात् प्रसृतं पुनः ।
उत्तानीकृत्य विन्यस्येत् तस्योपरि च दक्षिणम् ॥
योगमुद्रेति विख्याता .... ॥

(विश्वामित्र संहिता १३।१६-१७)

१५२ **योगसम्पुट**[4]

.... सव्यं करतलं पुनः ।
नाभेरथोर्ध्वं विधिभिरन्तरं च करं पुनः ॥
समाङ्गुष्ठं तदुपरि स्थापयेद् द्विजपुङ्गव ।
योगसम्पुटमुद्रा स्यादियं मुद्रायुगं त्विदम् ॥

(विश्वामित्रसंहिता १३।१७-१९)

---

१. इस मुद्रा को विघ्नशमनार्थ प्रयोग किया जाता है ।

२. इसका प्रयोग भगवान् शिव के पूजन में होता है । यद्यपि इसकी तुलना 'मृगी' हवन मुद्रा से भी की जा सकती है ।

३-४. ये दोनों ही मुद्रायें युग्म रूप में प्रदर्शित होती है । वैष्णव सम्प्रदाय में इसका प्रचलन अधिक है, किन्तु यह सर्वसम्प्रदायसाधारणी मानी जा सकती है । इन मुद्राओं को आसन भी कहना अनुचित नहीं है, क्योंकि इसमें अङ्गुलि बन्धन न होकर सम्पूर्ण शरीर के विशेष प्रकार की स्थिति का प्रदर्शन किया जाता है ।

१५३　योग

ज्ञानमुद्रायदेव स्यात् स्वाभिमुख्येन संस्थिता ।
हृत्प्रदेशे सुसम्बद्धा योगमुद्रेति कथ्यते ॥

(सम्प्रदाय)

१५४　योनि[1]

योनिमुद्राऽन्योन्यकरकनिष्ठातर्जनीयुतिः ।
व्यस्ते तले तु शेषाङ्गुल्यावङ्गुष्ठावनामिके ॥

(मेरुतन्त्र ८।२८)

मिथः कनिष्ठिके बध्वा तर्जनीभ्यामनामिके ।
अनामिकोर्ध्वसंश्लिष्टदीर्घमध्यमयोरधः ॥
अङ्गुष्ठाग्रद्वयं न्यस्येत् योनिमुद्रेयमीरिता ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

इसकी उपयोगिता के विषय में विश्वामित्र संहिता १३।१९-२० का वचन इस प्रकार है—

... ... मुद्रायुगं त्विदम् ।
योगिनां तत्त्वसंहारे समुत्पादन कर्मणि ॥
योगाभ्यास विधौ शस्तं कुर्यात्तत्रैव कर्मणि ।
कुम्भमुद्रेति कथिता योगसम्पुटमुद्रिका ॥

१. जिस प्रकार साहित्य में उपमा अलङ्कार सभी अलङ्कारों का प्राण है या सभी अलङ्कारों में उपमिति अनुस्यूत रहती है, उसी प्रकार सभी मुद्राओं में योनि-मुद्रा अनुस्यूत रहती है। मुख्यतः शाक्त सम्प्रदाय की प्रायः सभी मुद्रायें योनि मुद्रा से ही अनुप्राणित रहती हैं। तन्त्रोपासना में इस मुद्रा का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इसके तीन प्रकार किञ्चित् भेद के साथ प्राप्त होते हैं। इनका स्पष्ट स्वरूप निम्नवत् है—

(१) अन्योन्य क्रम से दाहिनी कनिष्ठा को बायीं अनामिका तथा मध्यमा के पीछे से, तथा बाँयी कनिष्ठा को, दाहिनी अनामिका एवं मध्यमा के पीछे से लाकर, अन्योन्य तर्जनियों से बाँधना चाहिये। दोनों अनामिकाओं को तथा मध्यमाओं को परस्पर सटा देना चाहिये। अपनी-अपनी अनामिकाओं के अग्रपर्वों को स्पर्श कराते हुये दोनों अङ्गुष्ठों को मध्यमाओं के ऊपर स्थापित करना चाहिये।

मध्यमे कुटिले कृत्वा तर्जन्युपरि संस्थिते ।
अनामिके मध्यगते तथैव हि कनिष्ठिके ॥
सर्वा एकत्र संयोज्य अङ्गुष्ठपरिपीडिताः ।
एषा तु परमा मुद्रा योनिमुद्रेयमीरिता ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति, गन्धर्वतन्त्र)

१५५ **रिपुजिह्वाग्रहा**[1]

अङ्गुष्ठ गर्भितां मुष्टिं बध्नीयात् दक्षपाणिना ।
रिपुजिह्वाग्रहाख्येयं मुद्रोक्ता शत्रुनाशिनी ॥

(मन्त्रमहोदधि टीका)

१५६ **लक्ष्मी**[2]

चक्रमुद्रां तथा बध्वा मध्यमे द्वे प्रसार्य च ।
कनिष्ठिके तथानीय तदग्रेऽङ्गुष्ठकौ क्षिपेत् ॥

(शारदातिलक ८।४, पदार्थादर्श)

---

(२) दोनों हाथों को परस्पर स्वाभिमुख मिलाकर, दाहिने हाथ की मध्यमा के पीछे से दाहिनी अनामिका को अन्योन्य तर्जनियों से बाँध कर, दोनों मध्यमाओं को हाथों के बीच में परस्पर संस्पृष्ट रखना चाहिये । मध्यमाओं के ऊपर (बीच में) कनिष्ठाओं को परस्पर सटाते हुये स्थापित करना चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठों को अपनी-अपनी कनिष्ठाओं के अग्र पर्व से स्पर्श कराते हुये मध्यमा के ऊपर स्थापित करना चाहिये ।

(३) दोनों हाथों को अञ्जलिबद्ध करके मध्यमाओं को स्व-स्व तर्जनियों पर स्थापित करना चाहिये, अनामिकाओं को अञ्जलि के मध्य में करके उनके ऊपर कनिष्ठाओं को स्थापित करना चाहिये । इसी क्रम से सभी अङ्गुलियों को एकत्र संयुक्त करके अङ्गुष्ठों को अपनी-अपनी अनिष्ठाओं पर स्थापित करना चाहिये ।

इसका प्रयोग शाक्त सम्प्रदाय में अनेक अवसरों पर होता है । प्रायः पूजनोपरान्त प्रणाम के अवसर पर भी इस मुद्रा का प्रदर्शन किया जाता है ।

१. यह मुद्रा मुख्यतः बगलामुखी की उपासना में प्रयुक्त होती है ।

२. चक्रमुद्रा बनाकर, मध्यमाओं को सीधी फैलाकर, अङ्गुष्ठों को स्व-स्व कनिष्ठाओं पर स्थापित करके लक्ष्मी के पूजन में इसका प्रदर्शन किया जाता है ।

१५७ लड्डुका[1]

लड्डुकाख्या भवेन्मुद्रा ऊर्ध्वास्यं दक्षिणं करम् ।
अङ्गुल्यो विरला नम्रा निम्नं करतलं तथा ।।

(मेरुतन्त्र ८।४७)

१५८ लिङ्ग

लिङ्गमुद्रा दक्षिणाख्यं वामाङ्गुष्ठेन वेष्टयेत् ।
वामाङ्गुल्यो दक्षिणाभिर्वेष्टयेत् च शिवप्रिया ।।

(मेरुतन्त्र ८।७९)

उच्छ्रितं दक्षिणाङ्गुष्ठं वामाङ्गुठेन बन्धयेत् ।
वामाङ्गुलिदक्षिणाभिरङ्गुलीभिश्च बन्धयेत् ।।
लिङ्गमुद्रेयमाख्याता शिवसान्निध्यकारिणी ।।

(आगमरहस्य, मुद्राप्रकरण)

१५९ लेलिहाना[2]

वक्त्रं विस्तारितं कृत्वा अधोजिह्वां च चालयेत् ।
पार्श्वस्थं मुष्टियुगलं लेलिहानेति कीर्तिता ।।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३८)

---

१. यह गणपति पूजनोपयोगिनी मुद्रा है ।

२. लेलिहा या लेलिहाना मुद्रा तारा महाविद्या के लिये प्रयुक्त होती है । इसके दो प्रकार प्राप्त होते हैं, प्रथम प्रकार तारा के लिये तथा द्वितीय प्रकार जीव-न्यास के अवसर पर प्रयुक्त होती है ।

द्वितीय प्रकार का स्वरूप कुछ इस प्रकार है—

अधोमुखकरतल दाहिने हाथ की तर्जनी, मध्यमा, अनामिका को परस्पर सटा कर अनामिका के अग्रभाग पर स्थापित करना चाहिये तथा कनिष्ठा को अलग सीधी प्रसृत रखना चाहिये ।

तर्जनीमध्यमानामा समं कृत्वा अधोमुखम् ।
अनामायां क्षिपेत् वृद्धां ऋजुं कृत्वा कनिष्ठिकाम् ।।
लेलिहा नाम मुद्रेयं जीवन्यासे प्रकीर्तिता ।।

(श्यामारहस्य, परिच्छेद ३)

१६० **वक्त्र**[1]

हस्तावूर्ध्वमुखौ कृत्वा तले संयोज्य मध्यमे ।
अनामायां तु वामायां दक्षिणां तु विनिक्षिपेत् ।।
तर्जन्यौ पृष्ठतो लग्ने अङ्गुष्ठौ तर्जनीश्रितौ ।
वक्त्रमुद्रा भवेदेषा नृहरेः सन्निधौ मता ।।

(परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ ६२०)

१६१ **वज्र**[2]

(क) अनामिकाद्वयंवेष्टयचाकुञ्च्य तर्जनीद्वयम् ।
कनिष्ठामध्यमाञ्चैव ज्येष्ठाङ्गुष्ठेन च क्रमात् ।।
वज्रमुद्रेयमाख्याता ... ... ।।

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजापद्धति-धृत, कौलावली)

---

१. दोनों हाथों को ऊर्ध्वकरतल करके मध्यमाओं को स्व-स्व करतलों पर स्थापित करना चाहिये । पुनः बाँयी अनामिका को सीधी करके उसके पृष्ठ भाग में दायीं अनामिका को संयुक्त करते हुये दोनों तर्जनियों को भी अनामिकाओं के पृष्ठ भाग में अन्योन्य क्रम से संयुक्त करना चाहिये । अङ्गुष्ठों को स्व-स्व तर्जनियों से सम्पृक्त करके प्रदर्शित करना चाहिये ।

श्री नृसिंह के पूजन क्रम में इस मुद्रा का प्रयोग प्रशस्त है ।

२. (क) दोनों हाथों से अञ्जलिपुट बनाकर, दोनों अनामिकाओं को परस्पर संग्रथित करें, दोनों तर्जनियों को स्व-स्व अङ्गुष्ठ एवं तर्जनी के मध्यभाग (पितृतीर्थ) में स्थित करें, कनिष्ठाओं तथा मध्यमाओं को एकत्र करके करतल मध्य में स्थापित करते हुये उनके ऊपर दोनों अङ्गुष्ठों को स्थापित करें ।

इस वज्र मुद्रा का प्रयोग शाक्त सम्प्रदाय में प्रचलित है ।

(ख) उत्तानौ तु करौ कृत्वा अनामाद्वयकुञ्चितौ ।
तस्यामुपरि चाङ्गुष्ठौ तर्जन्यौ द्वे च कुञ्चिते ॥
मध्यानामे तु ते द्वे तु कनिष्ठामेकतो न्यसेत् ।
मुद्रैषा वज्रसंज्ञस्य सर्वदुष्टनिवारिणी ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।५९-६१)

१६२ वनमाला[1]

वनमालाह्वया मुद्रा तर्जन्यङ्गुष्ठमुष्टिका ।
करद्वयेन मालावत् स्पृशेदाकण्ठपादकम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।६२)

स्पृशेत् कण्ठादि पादान्तं तर्जन्यङ्गुष्ठया तथा ।
करद्वयेन मालावत् मुद्रेयं वनमालिका ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३४)

१६३ वर[2]

अधःस्थित दक्षहस्तप्रसृतावरमुद्रिका ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

१६४ वरयोनि[3]

आद्यपर्वणि चान्योन्यं सम्यक् योज्य कनिष्ठिके ।
अनामिके च तदधो मध्यपर्वणि योजयेत् ॥

(ख) यह मुद्रा वज्राख्या शिव का प्रतिनिधित्व करती है, शस्त्र विशेष वज्र का नहीं । दोनों हाथों को ऊर्ध्वाङ्गुलीक करके अनामिकाओं को करतलाभिमुख मोड़ कर उनपर अङ्गुष्ठों को स्थापित करें । तर्जनियों को भी मोड़ लें । मध्यमाओं एवं कनिष्ठाओं को परस्पर सटाकर प्रदर्शित करें ।

१. यह अत्यन्त प्रसिद्ध वैष्णवी मुद्रा है । श्री कृष्ण एवं विष्णु के पूजन में इसका प्रदर्शन होता है ।

२. प्रधानतः शक्ति के पूजन में, किन्तु अन्य अनेक देवों के पूजन में इसका प्रयोग होता है ।

३. दोनों हाथों की कनिष्ठाओं के आदि पर्वों को परस्पर संयुक्त करना चाहिये, दाहिनी अनामिका को दाहिनी कनिष्ठा के मध्यपर्व पर बाँयी अनामिका को बाँयीं कनिष्ठा

तासामुर्ध्वमनामे च नखाग्रे सन्नियोजयेत् ।
सान्तरौ करभौ कृत्वा तर्जन्यङ्गुष्ठयोर्युतिः ॥
एषा तु वरयोन्याख्या मुद्रा बीजाह्वया मता ।
बीजविद्यां विना सर्वं वृथा पूजाजपादिकम् ॥

(मेरुतन्त्र ८।६८-७०)

१६५ **वशिनी**[1]

अन्योन्यान्तर्गता लग्नाः कराङ्गुल्यस्त्वधोमुखाः ।
अङ्गुष्ठौ चोत्थितौ लग्नौ मुद्रावश्यकरी मता ॥

(मेरुतन्त्र ८।४२)

पुटाकारौ करौ कृत्वा तर्जन्यावङ्कुशाकृती ।
परिवर्तक्रमेणैव मध्यमे तदधोगते ॥
क्रमेण देवि तेनैव कनिष्ठानामिके तथा ।
संयोज्य निविडाः सर्वाः अङ्गुष्ठावग्रदेशतः ॥
मुद्रेयं परमेशानि सर्ववश्यकरी मता ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३८)

१६६ **वह्निप्राकार**[2]

वह्निप्राकार मुद्रा त्रिशूलाग्रावुभौ करौ ।
व्यत्यस्तावभितो वह्नेर्नयेदस्त्राह्वयाणि च ॥

(मेरुतन्त्र ८।४)

के मध्यपर्व पर स्थापित करके दोनों अनामिकाओं के नखों को परस्पर मिलाना चाहिये । अङ्गुष्ठों को स्व-स्व तर्जनियों से संयुक्त करना चाहिये ।

शाक्तसम्प्रदाय की इस मुद्रा को बीज मन्त्रोच्चारपूर्वक प्रदर्शित करना चाहिये ।

१. दोनों हाथों को अञ्जलिबद्ध करके, सभी अङ्गुलियों को परस्पर ग्रथित करके अधोमुख करतल में स्थापित करके उनके, ऊपर अङ्गुष्ठों को स्थापित करना चाहिये ।

इस मुद्रा की गणना शाक्तमुद्राओं में है ।

२. यह सर्वदेवसाधारणी मुद्रा है । इसका प्रयोग याग काल में रक्षार्थ किया जाता है । इसे अस्त्र मुद्रा का ही प्रकार विशेष माना जाता है ।

त्रिशूलाग्रकरौ कृत्वा व्यत्यस्तावभितो नयेत् ।
अस्त्रमुद्रेयमाख्याता वह्निप्राकारलक्षणा ॥
परद्रोहोपशमनी नागाशनिभयापहा ॥

(शारदातिलक ४।२४ पदार्थादर्श)

१६७ वाण[1]

वाणमुद्रा दक्षमुष्टेस्तर्जन्यादीर्घया भवेत् ।

(मेरुतन्त्र ८।५५)

१६८ वामदेव[2]

इयमेव विपरीतास्ता वामदेवस्य कीर्तिता ।

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।५७)

१६९ वाराह[3]

वामहस्तमथोत्तानं कृत्वा देवस्य चोपरि ।
नामयेदिति सम्प्रोक्ता मुद्रा वाराहसंज्ञिका ॥

(तन्त्रोक्तनित्यपूजापद्धति, मुद्राप्रकरण)

दक्षहस्तं चोर्ध्वमुखं वामहस्तमधोमुखम् ।
अङ्गुल्यग्रं तु संयुक्तं मुद्रा वाराहसंज्ञिका ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१६)

---

१. इस मुद्रा का प्रयोग वैष्णव एवं शाक्त दोनों सम्प्रदायों में सामान्य है ।

२. इस मुद्रा का वर्णन सद्योजात मुद्रा के अनन्तर किया जाता है । बायीं मुष्टि को दाहिनीं अङ्गुलियों से वेष्टित करना चाहिये ।

३. प्रथम उद्धरण के वाराह मुद्रा की तुलना शूकरी/कस्तूरी होम मुद्रा से की जा सकती है । द्वितीय उद्धरण की मुद्रा का स्वरूप विशेष है ।

इस मुद्रा का प्रयोग वैष्णव सम्प्रदाय में भगवान् वराह के लिये किया जाता है । विधि प्रथम उद्धरण से स्पष्ट है । अपि च तुलनीय—

देवस्योपरि वामकरं मुद्रा वाराह संज्ञिका ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७)

१७० वागीश्वरी[1]

सुश्लिष्टौ मणिबन्धौ तु कृत्वा पाणिद्वये पुरा ।
संलग्नमग्रदेशस्तु प्रोन्नतं मध्यमायुतम् ॥
प्रदेशिनीद्वयं तद्वत्कृत्वाऽनामायुगं तथा ।
अचलं द्विगुणीकृत्य नमयेत्तदधोमुखम् ॥
शनैः शनैः स्पृशेद्यावत्स्वं-स्वं पाणितलं द्विज ।
स्पष्टं सुविरलं कुर्यादङ्गुष्ठद्वितयं द्विज ॥
तद्वत्कनीयसीयुग्मं समेन धरणेन तु ।
मुद्रैषा वाग्विभूत्यर्थी यो बध्नाति दिने-दिने ॥
जपमानस्तु तद्भावी तस्य चावतरेत्तु धीः ।

(जयाख्यसंहिता ८।९३-९७)

१७१ वारुणी

उत्ताने प्रसृताङ्गुल्यः करे भवति वारुणी ।

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।२६)

१७२ वासुदेव

द्रष्टव्य—अञ्जलिमुद्रा ।

१७३ विरूपाक्ष

अधोमुखं करं कृत्वा यस्य स्यात् कुञ्चिताङ्गुलिः ।
विरूपाक्षस्य मुद्रैषा भवेन्मध्याप्रसारिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।२५-२६)

---

१. इस मुद्रा को वाग्देवता के जप-काल में प्रदर्शित करने से विमलबुद्धि की प्राप्ति होती है। इसका स्वरूप इस प्रकार है—दोनों हाथों के मणिबन्धों को परस्पर सम्पृक्त करके तर्जनी, मध्यमा एवं अनामिका के अग्रपर्वों को परस्पर संयुक्त करना चाहिये; तत्पश्चात् धीरे-धीरे तीनों अङ्गुलियों को मोड़ते हुये करतल से स्पर्श कराना तथा दोनों अङ्गुष्ठों एवं कनिष्ठाओं को पृथक्-पृथक् सीधा रखना चाहिये ।

१७४ **विन्दु**[1]

तर्जन्यङ्गुष्ठसंयोगात् अग्रतो विन्दुमुद्रिका।

(तन्त्रसार, पृष्ठ, ४३६)

१७५ **विधु**

विधुमुद्रा करौ पद्मनिभौ श्लिष्टे च मध्यमे।
अङ्गुष्ठौ धारयेत्तस्मिंश्चन्द्राग्रे सम्प्रदर्शयेत्॥

(मेरुतन्त्र ८।७७)

१७६ **विश्व**[2]

विश्वाख्या दक्षिणाङ्गुष्ठवेष्टितं वाममुच्छ्रितम्।
अन्योन्य हस्ताङ्गुलयस्तन्निष्ठाः स्थापयेद् हृदि॥

(मेरुतन्त्र ८।६४-६५)

१७७ **विस्मय**[3]

मुद्राविस्मय संज्ञा स्याद् विस्मयावेशकारिणी।
दक्षिणा निबिडामुष्टिर्नासिकार्पिततर्जनी॥

(मेरुतन्त्र ८।१२०)

१७८ **विसर्जन**[4]

खड्गधारासमाकारा विरलाङ्गुलिकावुभौ।
अङ्गुष्ठौ दण्डवत् कृत्वा मुष्टिबन्धं शनैः शनैः॥
कुर्यात्कनिष्ठिकादिभ्यो मुद्रैषा स्याद्विसर्जने।

(जयाख्यसंहिता ८।११२)

---

१. काली पूजन में 'विन्दुस्वीकार' के समय इसका प्रयोग किया जाता है। अभिचार-तर्पण मुद्रा के समान है।

२. इस मुद्रा का स्वरूप पूर्णतया बिल्व मुद्रा के समान है।

३. तुलनीय—दक्षिणा निबिडामुष्टिर्नासिकार्पित तर्जनी।
मुद्रा विस्मयसंज्ञा स्यात् विस्मयावेशकारिणी॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४७३)

४. दोनों करतलों को परस्पराभिमुख करके, सभी अङ्गुलियों को विरल करके अङ्गुष्ठों

१७९ **विष्वक्सेन**[1]

कनिष्ठाऽनामिकामध्यावामाच्च करमध्यगाः ।
तासामङ्गुष्ठकः पृष्ठे तर्जनी प्रोन्नता भवेत् ॥
नासावंशप्रदेशस्था ततो दक्षिणपाणिना ।
अङ्गुलित्रितयेनैवं मुष्टिं बध्वा तु पूर्ववत् ॥
तर्जनीद्विगुणं कृत्वा अङ्गुष्ठाग्रे निरोधयेत् ।
प्रोद्यतो बाहुदण्डः स्याच्चक्रक्षेपे यथोद्यतः ॥
विष्वक्सेनस्य मुद्रेयं विश्वकर्मनिकर्तनी ।

(जयाख्यसंहिता ८।१०७-११०)

१८० **वीणा**[2]

वीणावादनवद्धस्तौ कृत्वा संचालयेच्छिरः ।
वीणामुद्रेयमाख्याता सरस्वत्या प्रियङ्करी ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३०)

१८१ **वेणु**

वेणुमुद्रा वामदक्षकनिष्ठाङ्गुष्ठयोगतः ।
वामाङ्गुष्ठोऽधरे शेषा वक्राश्चोर्ध्वं कनिष्ठिका ॥

(मेरुतन्त्र ८।५९-६०)

को ऊर्ध्वमुख दण्डवत् रखते हुये धीरे-धीरे मुट्ठी बाँधना चाहिये। इस विसर्जन मुद्रा का प्रयोग विष्णु के पूजन में किया जाता है।

१. इस वैष्णवी मुद्रा के दो भाग हैं—

(१) बाँयें हाथ की मध्यमा, अनामिका एवं कनिष्ठा को करतल से संयुक्त करके उनके ऊपर अङ्गुष्ठ स्थापित करना चाहिये, तर्जनी को सीधी करके नासिका के ऊपर के भाग में (भ्रू मध्य के ठीक नीचे) स्थापित करना चाहिये।

(२) इसी प्रकार दाहिने हाथ की तीन अङ्गुलियों से मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को सीधी करके हाथ को ऊपर उठा कर इस प्रकार प्रदर्शित करना चाहिये जैसे चक्र का प्रक्षेप हो रहा हो।

विष्वक्सेन देवता के पूजन में इस मुद्रा का प्रयोग किया जाता है।

२-३. दोनों उद्धरणों से मुद्राओं का स्वरूप एवं देवता दोनों स्पष्ट हैं।

ओष्ठे वामकराङ्गुष्ठौ लग्नस्तस्य कनिष्ठिका ।
दक्षिणाङ्गुष्ठसंयुक्ता तत् कनिष्ठा प्रसारिता ।।
तर्जनीमध्यमानामाः किञ्चित् संकोच्य चालिताः ।
वेणुमुद्रा भवत्येषा सुगुप्ता प्रेयसी हरेः ।।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३६)

१८२ वैष्णवी[1]

दक्षिणाङ्गे तु सा सक्ता वैष्णवी परिकीर्तिता ।

(कालिकापुराण ६६।५९)

१८३ व्याख्यान[2]

दक्षिणाङ्गुष्ठतर्जन्यावग्रलग्ने कराङ्गुली ।
प्रसार्य संहतोत्ताना एषा व्याख्यान मुद्रिका ।।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४२१)

१८४ व्योम[3]

तर्जन्यौ कुञ्चिते कृत्वा तथैव च कनीयसी ।
अधोमुखां स्पृष्टनखां स्थितां मध्ये करस्य तु ।।

---

१. दोनों हाथों को अञ्जलिबद्ध करके दक्षिण अङ्ग में स्थापित करना वैष्णवी मुद्रा है । इसका प्रयोग विष्णु के पूजन में किया जाता है ।

२. दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ को तर्जनी के अग्रभाग से संयुक्त करके अन्य सभी अङ्गुलियों को निश्छिद्र तथा उन्नत रखना चाहिये । इसका प्रयोग श्रीराम एवं सरस्वती के पूजन में होता है—

'श्रीरामस्य सरस्वत्याः अत्यन्तप्रेयसी मता ।'

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४२१)

३. हाथों को परस्पराभिमुख करके तर्जनियों एवं कनिष्ठाओं को मोड़ कर परस्पर संस्पृष्ट करके स्व-स्व अङ्गुष्ठों को उनपर स्थापित करते हुये दोनों मध्यमाओं एवं अनामिकाओं को उच्छ्रित एवं विरल करके प्रदर्शित करना व्योम मुद्रा है ।

यह मुद्रा नभो मुद्रा से पूर्णतः भिन्न स्वरूपा है ।

चतस्रश्चोच्छ्रिताः पृष्ठे त्वङ्गुष्ठावेकतः कुरु ।
नालव्यवस्थितौ द्वौ तु मुद्राव्योम्नः प्रकीर्तिता ॥
(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।६३-६४)

१८५ **शक्र**

उत्तानौ प्रसृतौ हस्तौ तर्जन्यङ्गुष्ठ संयुतौ ।
अस्यवामौ तु संयोज्य शक्रमुद्रा प्रकीर्तिता ॥
(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।२३-२४)

१८६ **शक्ति**[1]

(क) प्रसार्य वाममुत्तानमङ्गुल्यो विरलाः स्थिताः ।
कार्यास्त्वाकुञ्चिताः प्रान्तादङ्गुष्ठं सेतुवद् भवेत् ॥
सम्मुखं तासु संलग्नं करशाखासु मध्यतः ।
हृत् संमुखं तु बध्नीयाच्छक्ति मुद्रां सुखप्रदाम् ॥
(जयाख्यासंहिता, ८।१०-११)

मुष्टि करे विधाय द्वौ वामस्योपरिदक्षिणम् ।
कृत्वा शिरसि युञ्जीत शक्तिमुद्रेयमीरिता ॥
(मन्त्रमहोदधि, टीका)

---

१. (क) बायें हाथ को ऊर्ध्व करतल करके सभी अङ्गुलियों को विरल एवं सीधी करके मोड़कर पृथक् पृथक् अङ्गुष्ठ से संलग्न करना चाहिये । इसे हृदय में स्थापित करके प्रदर्शित करना चाहिये । इस मुद्रा के प्रदर्शन से देह में शक्ति एवं प्रतिष्ठा की स्थापना होती है । तथा इसका प्रयोग लक्ष्मी-पूजन में किया जाता है—

"शक्तियुक्तस्य देहस्य मुद्रा वै सन्निधापनी ।
प्रदेशिन्या ततो विद्धि लक्ष्मीपूजासु शक्तिषु ॥"
(जयाख्यसंहिता ८।१२)

(ख) दोनों हाँथों की मुट्ठी बाँध कर बाँयीं मुट्ठी के ऊपर दाहिनी मुट्ठी रखकर शिर से लगा कर प्रदर्शित करना चाहिये ।

इस मुद्रा का प्रयोग शक्ति-पूजन के अवसर पर करना चाहिये ।

१८७

शक्त्युत्थापन[1]

कनिष्ठानामिकामध्या व्यत्यस्ता पृष्ठतः क्रमात् ।
चलितामूर्ध्वयोगेन ऋजुतर्जनिकौ करौ ॥
शक्त्युत्थापन मुद्रैषा जपपूजासमाधिषु ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१७)

१८८

शङ्ख[2]

(क) संयोज्य करयोः पृष्ठे तथावर्त्य तु वै समम् ।
प्रसार्य तर्जनीयुग्मं संयुक्तं सर्वतः पुनः ॥
अङ्गुष्ठौ च तथा सक्तौ शङ्खमुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(कालिकापुराण ६६।७१-७२)

(ख) वामाङ्गुष्ठं च संगृह्य दक्षिणेन तु मुष्टिना ।
कृत्वोत्तानं ततो मुष्टिमङ्गुष्ठं तु प्रसारयेत् ॥
वामाङ्गुल्यस्तथाश्लिष्टाः संयुक्ताः सुप्रसारिताः ।
दक्षिणाङ्गुष्ठ संस्पृष्टा ज्ञेयैषा शङ्खमुद्रिका ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१०)

---

१. दोनों हाथों की कनिष्ठा, अनामिका, मध्यमा अन्योन्य पृष्ठलग्न करके सभी के अग्रभाग को संयुक्त करना चाहिये । दोनों तर्जनी सीधी रखनी चाहिये । इसका प्रयोग मूर्तीकरण के अवसर पर होता है—

'मूर्तीकरणमेतस्याः रचनेन समीरितम् ।'

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१७)

२. इस मुद्रा के दो स्वरूप होते हैं—

(क) बायें हाथ की ढीली मुट्ठी बाँध कर उसके अनामिका एवं कनिष्ठा के ऊपर, उसी प्रकार दाहिने हाथ की मध्यमा, अनामिका, कनिष्ठा को स्थापित करे । दोनों तर्जनियों को सीधी करके परस्पर संयुक्त करके अङ्गुष्ठों को सीधा करके तर्जनियों से संयुक्त करना चाहिये ।

(ख) बायें हाथ के अङ्गुष्ठ को दाहिने हाथ की मुट्ठी से बाँधकर दाहिने अङ्गुष्ठ को

१८९ **शिक्षा**[1]

मुष्टिं बध्वैव चाङ्गुष्ठे तिर्यग्गं कारयेच्छिरः ।
स्पृष्टा तु तर्जनी मुष्टौ शिक्षामुद्रा प्रकीर्तिता ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।११३)

१९० **शिखरिणी**[2]

मुष्टिर्दक्षिणहस्तस्य यदोर्ध्वाङ्गुष्ठिका भवेत् ।
सा स्यात् शिखरिणीमुद्रा ब्राह्मीसूर्यप्रिया च सा ॥

(कालिकापुराण ६६।७४-७५)

१९१ **शिखा**[3]

ज्येष्ठावधः प्रसक्ताग्रौ कनिष्ठामूर्ध्वतस्तथा ।
कुर्यात् सेयं शिखामुद्रा सर्वोपद्रवनाशिनी ॥

(शारदातिलक ४।३४, पदार्थादर्श)

ऊपर उच्छ्रित करना चाहिये, बायें हाथ की सभी अङ्गुलियों को ऊपर की ओर उठाकर दाहिने अङ्गुष्ठ से स्पर्श कराना चाहिये ।

सम्प्रदाय भेद से इन दोनों प्रकारों का प्रयोग विष्णु पूजावसर पर ध्यान के पश्चात् होता है ।

१. दाहिने हाथ की मुट्ठी बाँधकर अङ्गुष्ठ में तर्जनी को सटाना चाहिये तथा शिर कुछ तिरछा रखना चाहिये । जैसा कि किसी को शिक्षा देते समय हो जाया करता है ।

२. इस मुद्रा का प्रयोग ब्राह्मी (अष्ठमातृका में प्रथम) तथा सूर्य के पूजन में किया जाता है ।

३. दोनों हाथों को परस्पराभिमुख करके दोनों अङ्गुष्ठों को अधोमुख करके परस्पर संयुक्त करें तथा दोनों कनिष्ठाओं को ऊर्ध्वमुख करके परस्पर संयुक्त करना चाहिये ।

यह सर्वसाधारणी मुद्रा है तथा इसका प्रयोग भूतोत्सारण के अवसर पर होता है ।

१९२ **शिव**[1]

वामाङ्गुष्ठौ तथाङ्ष्ठं दक्षिणं प्रक्षिपेद् बुधः ।
करजः पृष्ठतो योज्या मुद्रैषा शिवसंज्ञिका ।।

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।६६)

१९३ **श्रीः**[2]

उत्तानौ तु करौ कृत्वा निकटस्थौ तु नारद ।
तदङ्गुलीगणं सर्वं कुञ्चितं मध्यसंस्थितम् ।।
अङ्गुष्ठौ पतितौ कृत्वा क्रमशः स्पष्टतां नयेत् ।
श्रीबीजस्य तु मुद्रैषा प्रथमं कथिता तव ।।

(जयाख्यसंहिता ८।८२-८३)

१९४ **श्रीवत्स**[3]

श्रीवत्स मध्यमानामेऽङ्गुष्ठबद्धौ करौ युतौ ।
कनिष्ठयोर्मूलगते तर्जन्यौ भवतो यदि ।।

(मेरुतन्त्र ८।३०-६१)

---

१. दोनों हाथों की सभी अङ्गुलियों को पीछे की ओर से संस्पृष्ट करके बाँयें अङ्गुष्ठ पर दाहिना अङ्गुष्ठ स्थापित करना चाहिये । दोनों अङ्गुष्ठ तर्जनियों के ऊपर रहेंगे ।

२. दो हाथों को ऊपर सीधे उठाकर अङ्गुष्ठातिरिक्त अङ्गुलियों को स्व-स्व करतल से संलग्न करके अङ्गुष्ठों को अङ्गुलियों पर स्थापित करके दोनों हाथों में किञ्चित् दूरी बनाकर प्रदर्शित करना चाहिये । यह मुद्रा लक्ष्मी के लिये प्रदर्शित करना चाहिये ।

३. यह अत्यन्त प्रसिद्ध वैष्णवी मुद्रा है । इसका स्वरूप इस प्रकार है—दोनों हाथों को परस्पराभिमुख करके मध्यमा अनामिका एवं अङ्गुष्ठ परस्पर मिला दिये जाँय, तर्जनियों को अङ्गुष्ठ के नीचे दबाकर कनिष्ठाओं के मूलपर्व से मिलाई जाय तथा दोनों कनिष्ठायें पृथक् ही रहें ।

१९५ **शूल**[1]

अङ्गुष्ठं मध्यमां चैव नामयित्वा करस्य तु ।
दक्षिणस्य परास्तिस्रो योजयेदग्रतः पुनः ॥

(कालिकापुराण ६६।८१-८२)

१९६ **षोडशोपचार**[2]

१. ईषन्नम्राङ्गुलीर्ज्ञेया संवृताङ्गुष्ठकन्धवत् ।
नम्रे कनिष्ठतर्जन्यौ करयोरग्रसंगते ॥
मध्यमानामिके कुर्यादियत्यासनमुद्रिका ॥

२. ईषन्नम्राङ्गुलीर्दक्षा संवेष्ट्याङ्गुष्ठकं करम् ।
स्वागतं स्वस्तिकामुद्रा मध्यमूलागताङ्गुलिः ॥

३. द्वौ च प्रसारितौ हस्तौ पाद्य मुद्रा समीरिता ।

---

१. दाहिने हाँथ की मध्यमा को करतल की ओर झुका कर उसके ऊपर अङ्गुष्ठ स्थापित कर देना चाहिये शेष तीनों अङ्गुलियों के अग्रभाग को परस्पर संयुक्त कर देना चाहिये । इसका प्रयोग काली एवं शुक्र ग्रह के लिये किया जाता है—

"शूल मुद्रिका समाख्याता मम शुक्रग्रहप्रिया ।"

(कालिकापुराण, ६६।८१-८)

२. ये मुद्रायें सर्वदेव साधारणी है । यदि पूजोपयोगी उपचार सामग्री का अभाव हो तो उपचार मुद्राओं का प्रदर्शन करना चाहिये, अथवा उपचार सामग्री होने पर भी उपचार सम्पादन के पश्चात् मुद्रा प्रदर्शन किया जा सकता है । मुख्यतः १६ उपचारों से पूजन किया जाता है उनके प्रतीक मुद्राओं का स्वरूप क्रमशः इस प्रकार है—

१. दोनों हाथों को ऊर्ध्व करतल करके सभी अङ्गुलियों को स्वाभिमुख मोड़ कर अङ्गुष्ठ को आवृत करे । तत् पश्चात् कनिष्ठा एवं तर्जनी को कुछ ढीली करके मध्यमा एवं अनामिका को परस्पर संयुक्त करे । यह आसन मुद्रा है ।

२. दाहिने हाथ की सभी अङ्गुलियों को कुछ ढीली करके अङ्गुष्ठ को वेष्टित करके अङ्गुष्ठ को मध्यमा के मूल पर्व पर स्थापित करना स्वागत मुद्रा है । इसे स्वस्तिका भी कहते हैं ।

३. दोनों हाथों को सम्मुख करके प्रसारित करना पाद्य मुद्रा है ।

४. स्वस्ति मुद्राद्विहस्तेन मुद्रात्वर्घ्यं प्रकीर्तिता ॥

५. तर्जनी मूलगाङ्गुष्ठा दक्षिणाधः कनीयसी ।
प्रसार्य मध्यमास्तिस्रो मुद्राचामेप्रकीर्तिता ॥

६. युक्तावनामिकाङ्गुष्ठौ तिस्रोङ्गुल्यः प्रसारिताः ।
मधुपर्के तु सा मुद्रा संकल्प्य करसंकरे ॥

७. पुनराचमनीये तु विज्ञेयाचाम मुद्रिका ।

८. कृत्वा मुष्टिं तथा स्नाने मध्यमाङ्गुष्ठकौ युतौ ।

९. मध्यमाङ्गुष्ठकौ लग्नावन्यास्तिस्रः प्रसारिताः ।
वस्त्रमुद्रा समाख्याता सर्वतन्त्रविशारदैः ॥

१०. कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ लग्नौ तिस्रोऽन्यः संप्रसारिताः ।
यज्ञोपवीतमुद्रेयं कथितागमपारगैः ॥

११. मधुपर्की समुत्ताना मुद्रालंकरणी मता ।

---

४. स्वागत या स्वस्तिका मुद्रा यदि दोनों हाथों से बनाई जाय तो उसे **अर्घ्य** मुद्रा कहते हैं ।

५. दाहिने हाथ के अङ्गुष्ठ को तर्जनी के मूलपर्व पर स्थापित करके तर्जनी मध्यमा एवं अनामिका को फैलाना चाहिये कनिष्ठा को कुछ नीचे की ओर झुका कर फैलाना चाहिये । यह **आचमन** मुद्रा है ।

६. दाहिने हाथ की अनामिका को अङ्गुष्ठ से मिलाकर अन्य तीनों अङ्गुलियों को प्रसारित करना चाहिये यह **मधुपर्क** मुद्रा है ।

७. आचमन मुद्रा ही **पुनराचमनीय** मुद्रा है ।

८. मध्यमा एवं अङ्गुष्ठ को परस्पर संयुक्त करके शेष अङ्गुलियों से मुट्ठी बाँधना **स्नान** मुद्रा है ।

९. मध्यमा एवं अङ्गुष्ठ को परस्पर संयुक्त करके अन्य तीनों अङ्गुलियों को प्रसारित रखना **वस्त्र** मुद्रा है ।

१०. कनिष्ठा एवं अङ्गुष्ठ को संयुक्त करके अन्य तीनों अङ्गुलियों को प्रसारित करना **यज्ञोपवीत** मुद्रा है ।

११. मधुपर्क मुद्रा को ऊपर उठाकर प्रदर्शित करना **अलङ्कार** या **आभरण** मुद्रा है ।

१२. निर्मुक्तानामिकामुष्टि गन्धमुद्रा प्रकीर्तिता ।
१३. उत्थिताधोमुखीमध्या बद्धाङ्गुष्ठायदीतराः ।
पुष्पमुद्रा समाख्याता पुष्पदानविवर्धिनी ॥
१४. अङ्गुष्ठतर्जनीलग्नातिस्रः संकोचिताः पराः ।
मुद्रा धूपप्रदाने स्यात् देवतानां प्रियासदा ॥
१५. उत्ताना पौष्पिकीमुद्रा दीपमुद्रेति कीर्तिता ।
१६. पञ्चाङ्गुल्यग्रसंलग्ना प्रोत्थितोर्ध्वमुखी यदि ।
त्रिधा निबद्धा मुद्रेयं नैवेद्ये परिकीर्तिता ॥

(तान्त्रिकनित्यपूजापद्धति, मुद्राप्रकरण)

१९७ **स्कन्द**[1]

अङ्गुष्ठोऽङ्गुष्ठके योज्यः कनिष्ठायां कनिष्ठिका ।
करमध्ये तुतां (ताः ?) कृत्वा षडाभ्यामेकतः कुरु ॥
सकोच्य तु षडेतानि शम्याकारं तु कारयेत् ।
स्कन्दस्य तु स्मृता मुद्रा अभेद्या त्रिदशैरपि ।

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण, ३३।१९-२१)

१९८ **स्थान**

(द्रष्टव्य—आवाहन्यादि पञ्चमुद्रा)

---

१२. दाहिने हाथ की अनामिका को छोड़ कर अन्य अङ्गुलियों से मुट्ठी बाँधना **गन्ध** मुद्रा है ।
१३. मध्यमा को ऊर्ध्व मुख सीधी रखते हुये अन्य ३ अङ्गुलियों को करतल से संपृक्त करके उनके ऊपर अङ्गुष्ठ को स्थापित करना चाहिये । यह **पुष्प** मुद्रा है ।
१४. अङ्गुष्ठ एवं तर्जनी को परस्पर संयुक्त करके अन्य अङ्गुलियों को मोड़ कर मुट्ठी बाँधना **धूप** मुद्रा है ।
१५. पुष्प मुद्रा को ऊपर उठाकर प्रदर्शित करना दीप मुद्रा है ।
१६. पाँचो अङ्गुलियों के अग्रभाग को परस्पर संयुक्त करके ऊर्ध्व मुख प्रदर्शित करना **नैवेद्य** मुद्रा है ।

१. दोनों अङ्गुष्ठों को एवं दोनों कनिष्ठाओं को सीधे फैला कर परस्पर मिला लेना चाहिये । दोनों हाथों को करतल की ओर मोड़ कर परस्पर सटा देना चाहिये ।

१९९ **सकल**[1]

पद्माकारो भवेद्धस्तः कनिष्ठातर्जनीयुतः ।
चतस्रः उच्छ्रिताः कृत्वा प्रणालं चैवं कारयेत् ।
सकलस्य भवेन्मुद्रा दुष्टानां शमनी शुभा ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण, ३३।१३-१४)

२०० **सत्यादि पञ्चमुद्राः**[2]

दक्षिणस्य तु हस्तस्य अग्रतोऽङ्गुलिपञ्चकम् ।
परस्परं स्पृशेत् कार्यं प्रोन्नतं मुखसम्मुखम् ॥
सत्यस्यैषा भवेन्मुद्रा प्रागुपाङ्गोद्भवस्य च ।
अङ्गुष्ठतर्जनीयोगाद् द्वितीयस्य प्रकीर्तिता ॥
अङ्गुष्ठमध्यमायोगात् तृतीयस्य प्रकीर्तिता ।
अङ्गुष्ठानामिका योगाच्चतुर्थस्य तु नारद ॥
कनिष्ठाङ्गुष्ठ संयोगात् पञ्चमस्य तु जायते ।

(जयाख्य संहिता, ८।५१-५३)

२०१ **सद्योजात**[3]

दक्षिणेन तु हस्तेन मुष्टिबध्वा प्रयत्नतः ।
अङ्गुष्ठमुन्नतं कृत्वा वामाङ्गुष्ठे तु निक्षिपेत् ॥
दक्षिणां च तथा मुष्टिं वामाङ्गुल्या तु वेष्टयेत् ।
सद्योजातस्य मुद्रैषा कथिता पापनाशिनी ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।५५-५६)

---

१. दोनों हाथों को मणिबन्ध से मिला कर तर्जनियों को एवं कनिष्ठाओं को परस्पर मिला कर प्रदर्शित करना चाहिये ।

२. इन मुद्राओं का प्रचलन वैष्णव सम्प्रदाय में है तथा इनका स्वरूप निगद सिद्ध है ।

३. दाहिनी मुट्ठी बाँध कर दायें अङ्गुष्ठ को बाँयें के साथ मिलाना चाहिये तथा बाँयीं अङ्गुलियों से दाहिनी मुट्ठी को बाँधना चाहिये ।

यह मुद्रा सम्भवतः शैव संप्रदायानुमता है ।

२०२ सप्तजिह्वा[1]

(क) मणिबन्धस्थितौ कृत्वा प्रसृताङ्गुलिकौ करौ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयुगले मिलित्वाऽन्याः प्रसारयेत् ॥
सप्तजिह्वाख्यमुद्रेयं वैश्वानरवशङ्करी ।

(मन्त्रमहार्णव पृष्ठ २१; शारदातिलक १४।९५)

(ख) मणिबन्धस्थितौ कृत्वा प्रसृताङ्गुलिकौ करौ।
कनिष्ठाङ्गुष्ठयुगले मिलित्वान्तः प्रसारयेत् ॥
कनिष्ठाङ्गुष्ठकौ सक्तौ कारयेदितरेतरम् ।
सप्तजिह्वाख्यमुद्रेयं वैश्वानरप्रियङ्करी ॥

(परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ ६५३)

२०३ सम्मीलनी[2]

करयोरङ्गुलीनां तु सर्वाग्राण्येकतः स्थिताः।
नियोज्य द्वे तले चैव तदधोऽपि नियोज्य सा ॥
अग्रैरग्रैर्योजयेत् मुद्रा सम्मीलनी मता ।
भौममूमिमुनीशानामियं प्रीतिविवर्धिनी ॥

(कालिकापुराण, ६६।६६-७७)

---

१. याग काल में इस मुद्रा का प्रदर्शन अग्नि के ध्यान के पश्चात् होता है, इसके दो स्वरूप क्रमशः इस प्रकार हैं—

(क) दोनों हाथों को परस्पराभिमुख करके मणिबन्ध स्थान में मिला कर कनिष्ठाओं को स्व-स्व अङ्गुष्ठों से संयुक्त करना चाहिये। अन्य अङ्गुलियों को सीधी प्रसारित करना चाहिये।

(ख) पूर्ववत् मुद्रा निर्माण करके दोनों अङ्गुष्ठों एवं कनिष्ठाओं को दोनों हाथों के बीच में परस्पर सम्पृक्त रखना चाहिये।

२. दोनों हाथों की हथेलियों को परस्पर संस्पृष्ट करके सभी अङ्गुलियों के अग्र पर्वों को परस्पर संयुक्त करके प्रदर्शित करना चाहिये। इस मुद्रा का प्रयोग मङ्गल, भूमि एवं नारद के लिये किया जाता है।

२०४ सम्मोहन[1]

अङ्गुष्ठे द्वे तु निक्षिप्य करयोरुभयोरपि ।
अग्रेण योजयेत् पश्चात् कनिष्ठायुगलं ततः ॥
उभयोर्हस्तयोश्चान्यास्तर्जन्याद्याश्च योजयेत् ।
अग्राग्रैस्तु पृथक् कृत्य दर्शयेत् तु कनिष्ठिकाम् ॥
मुद्रा सम्मोहनं नाम ... ... ॥

(कालिकापुराण ६६।१०१-१०३)

२०५ सर्वमहाङ्कुशा[2]

अस्यात्वनामिका युग्ममधः कृत्वाङ्कुशाकृती ।
तर्जन्यावपि तेनैव क्रमेण विनियोजयेत् ॥
इयं (सर्व) महाङ्कुशा मुद्रा सर्व कार्यार्थसाधिनी ।

(परशुरामकल्पसूत्र ५।१५ भाष्य)

---

१. दोनों हाथों को परस्पराभिमुख करके अङ्गुष्ठों के अग्रपर्वों को परस्पर मिलाना चाहिये । पुनः दोनों कनिष्ठाओं को उसी प्रकार मिलाना चाहिये । पुनः अन्य अङ्गुलियों को सीधी रखते हुये उनके अग्र पर्वों को भी परस्पर मिलाकर प्रदर्शित करना चाहिये ।

इसका प्रदर्शन काम, दुर्गा एवं लक्ष्मी के लिये विशेषतः होता है । यद्यपि इसे सभी देवताओं के लिये प्रीतिदायक कहा गया है । जैसा कि कालिका-पुराण ६६।१०३ से स्पष्ट है—

मुद्रा सम्मोहनं नाम कामदुर्गारमाप्रिया ।
सर्वेषामेव देवानां मोहनं प्रीतिदं स्मृतम् ॥

२. श्रीक्रम में इस मुद्रा का अत्यन्त महत्त्व है । परशुराम कल्पसूत्र ५।१ के भाष्य में सर्वमहाङ्कुश की व्याख्या अत्यन्त मार्मिक रीति से की गई है । यथा—

इदमेव पूर्वोक्तं शिखाद्वयं यदा वामाप्रधानं तदा सर्वमहाङ्कुशा । सूक्ष्म रूपेण परमशिव कुक्षौ स्थितं जगत् । यथा अन्तस्थो गजः अङ्कुशेन बहिराकृष्यते तथा सर्वस्य बहिराकर्षणात् सर्वमहाङ्कुशेत्युच्यते । परमशिव कुक्षिस्थजगतोवमनात् वामा तत्प्रधाना शिखा सर्वमहाङ्कुशेत्युच्यते । तदप्युक्तं योगिनीतन्त्रे—

२०६ सर्वद्रव्यप्रपूरणी महामुद्रा[1]

अङ्गुष्ठौ चंकतः कृत्वा अनामा च कनीयसी ।
मध्यमे द्वे च सङ्कोच्य अनामापृष्ठतो न्यसेत् ॥
दत्वा चैव तु तर्जन्यौ मध्याः परिविन्यसेत् ।
महामुद्रा भवत्येषा सर्वद्रव्यप्रपूरणी ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।५०-५१)

वामाशक्ति प्रधाना तु महाङ्कुशमयी पुनः ।
तद्वद्विश्वं वमन्ती सा द्वितीये तु दशारके ॥

अतएव पूर्व—(उन्मादिनी) मुद्रायां सरलयोरनामयोर्वक्रता दृश्यते । लोके वमनवेलायां मानवो धनुराकारो वक्रो भवति । प्रसिद्धमेतत् । अत्रायं विवेकः—केवल वामात्वं सर्वसंक्षोभिणीपदप्रवृत्तिनिमित्तम् । ज्येष्ठात्वविशिष्ट—वामात्वं सर्वाकर्षिणीपदप्रवृत्तिनिमित्तम्, सूक्ष्माकाशान्तर्वृत्तिबिन्दुद्वयं सर्ववश्यकरपदप्रवृत्तिनिमित्तम्, ज्येष्ठाशक्तिप्रधानकबिन्दुद्वयमध्यवृत्तिरेखात्वं सर्वोन्मादिनीपदशक्यतावच्छेदकम्, वामाशक्तिप्रधानत्वं सर्वमहाङ्कुशापदशक्यतावच्छेदकं एवं रीत्या वैलक्षण्यं सूक्ष्मधिया द्रष्टव्यम् ।

परशुरामकल्पसूत्र द्वितीयावृत्तिकार ने इसके ३ प्रकारों का उल्लेख किया है । प्रथम दो अङ्कुश मुद्रावत् हैं । तृतीय—

ऋज्वीं च मध्यमां कृत्वा तर्जनीमध्यपर्वणि ।
संयोज्याकुञ्चयेत् किञ्चित् मुद्रैषाङ्कुशसंज्ञिका ॥

चतुर्थ प्रकार ऊपर उद्धृत है तथा यही श्रीक्रम में खेचरी आदि मुद्राओं के साथ प्रयुक्त होती है । प्रत्येक के विषय में परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ १५२-१५३ द्रष्टव्य है । इसका स्वरूप निम्नवत् है—

उन्मादिनी मुद्रा का निर्माण करके दोनों अनामिकाओं एवं तर्जनियों को अङ्कुश की भाँति वक्र करना महाङ्कुशा है ।

१. सर्वप्रथम दोनों अङ्गुष्ठों को तथा अनामिका एवं कनिष्ठाओं के अग्रपर्वों को परस्पर मिलाइये । पुनः दोनों मध्यमाओं को अनामिकाओं के पीछे स्थापित करके प्रदर्शित कीजिये ।

२०७ सर्वात्मनः मुद्रा[1]

मुष्टिं बध्वा तु वामेन तर्जनीं सम्प्रसारयेत् ।
ग्राह्या दक्षिणमुष्ट्या तु मुद्रा सर्वात्मनो भवेत् ॥

(विष्णुधर्मोत्तरपुराण ३३।६५)

२०८ सिद्ध[2]

करद्वयं समुत्तानं नाभि देशे नियोजयेत् ।
वामस्य दक्षिणे पृष्ठे मुद्रैषा सिद्धसंततेः ॥

(जयाख्यसंहिता, ८।१०३)

२०९ सिंहमुखी[3]

निकुब्जी कृत्य तु करौ वामाङ्गुलिगणस्य तु ।
अग्राणि योजयेन्मध्ये तलस्यासव्य हस्ततः ॥
अधः कृत्वा वामहस्तं मुद्रा सिंहमुखी स्मृता ।
इयं प्रीत्यै तु दुर्गायाः सूर्यपुत्रस्य चक्रिणः ॥

(कालिकापुराण ६६।८२-८४)

---

१. बाँईं मुट्ठी बाँध कर तर्जनी को उच्छ्रित करें तथा इसे दाहिनी मुट्ठी में गर्भित करें ।

२. इस मुद्रा की तुलना योगमुद्रा से की जा सकती है (स्वरूपसाम्यात्) ।

३. दोनों हाथों की अङ्गुलियों को तलाभिमुख करते हुये तलों को किञ्चित् तिर्यक् करना चाहिये । बाँये हाथ की अङ्गुलियों के अग्रभाग को दाहिने करतल के मध्य में लगाना चाहिये । इस अवस्था में बायाँ हाथ नीचे तथा दायाँ हाथ ऊपर होना चाहिये ।

इस मुद्रा का प्रदर्शन दुर्गा, शनि तथा विष्णु के पूजन में किया जाता है ।

२१० सूर्येन्द्राग्निलक्षणधामत्रयमुद्रा[1]

दक्षिणस्य तु हस्तस्य तर्जन्यङ्गुष्ठ मेलनम् ।
कृत्वा तदनु तद्बन्धं विकास्य च शनैः शनैः ॥
समुत्तानं पुनः कुर्याच्छाखासङ्घं पृथक् स्थितम् ।
धामत्रयस्य मुद्रैषा हंसाख्यां तु निबोध मे ॥

(जयाख्यासंहिता ८।७६-६७)

२११ सौभाग्यदण्डिनी

वामहस्तेन मुष्टिं तु बध्वा कर्णप्रदेशकम् ।
तर्जनीं सरलां कृत्वा भ्रामयेन्मनुवित्तमम् ॥
सौभाग्यदण्डिनीमुद्रा न्यासकालेऽपि सूचिता ॥

(परशुरामकल्पसूत्र, पृष्ठ ६५४)

२१२ संवृता[2]

भूमौ पुटाकारं करतलद्वयं दत्त्वा ।
ह्रीं नमः इयं संवृताख्या मुद्रा ॥
अधोमुखं मुष्टियुग्मं संवृतं परिकीर्तितम् ।
ह्रीं नमः संवृतस्तथा इति च ॥

(तन्त्रोक्त-नित्य-पूजा-पद्धति, मुद्राप्रकरण)

---

१. विष्णु पूजोपयोगिनी इस मुद्रा का स्वरूप निम्नवत् है—दाहिने हाथ की तर्जनी को अङ्गुष्ठ से मिला कर धीरे-धीरे बाँधना चाहिये तत्पश्चात् अन्य तीनों अङ्गुलियों को विरल करके ऊपर फैलाना चाहिये ।

इस मुद्रा को हंसमुद्रा भी कहा जाता है ।

२. इस मुद्रा के दो प्रकार उद्धृत हैं तथा दोनों का स्वरूप पूर्ण स्पष्ट है । यह सर्वदेव-साधारणी मुद्रा है ।

२१३ संहार[1]

अधोमुखे वामहस्ते ऊर्ध्वं स्याद् दक्षहस्तकम् ।
क्षिप्त्वाङ्गुलीरङ्गुलीभिः संग्रथ्य परिवर्तयेत् ॥
एषा संहार मुद्रास्याद्विसर्जनविधौ स्मृता ॥

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४३७; मन्त्रमहर्णव, पृष्ठ २१)

२१४ हयग्रीव[2]

वामहस्ततले दक्षा अङ्गुल्यस्तास्त्वधो मुखी ।
संरोप्य मध्यमां तासामन्यस्याधो विकुञ्चयेत् ॥
हयग्रीवप्रिया मुद्रा तन्मूर्तेरनुकारिणी ।

(तन्त्रसार, पृष्ठ ४१६)

२१५ हृत्, हृदया[3]

हृन्मुद्रा स्यादियं काम्ये तथा शैवागमेषु च ।
कृतमुष्टिपदौ हस्तौ कृत्वाङ्गुष्ठौ हृदिन्यसेत् ॥

(मेरुतन्त्र ८।२०)

---

१. यद्यपि इस मुद्रा का परिगणन शैव मुद्राओं में है तथापि प्रायः सभी देवताओं (प्रमुखतः शाक्त संप्रदाय में) के पूजन में विसर्जन के समय इसका प्रदर्शन होता है । इसका स्वरूप इस प्रकार है—

दोनों हाथों को पृष्ठ भाग की ओर से मिलाकर सभी अङ्गुलियों को एक दूसरे से संग्रथित करके हाथों को उलट देना चाहिये अङ्गुलियों को परस्पर मिली हुयीं एवं सीधी रखनी चाहिये ।

२. बाँये करतल को सीधा, ऊर्ध्वमुख करके उस पर दाहिने हाथ की सभी अङ्गुलियों को अधोमुख स्थापित करे तथा मध्यमा को बाँयें हाथ की अङ्गुलियों के नीचे स्थापित कर देना चाहिये ।

३. यद्यपि हृत् एवं हृदय शब्दों का अर्थ समान है । किन्तु दोनों मुद्राओं के स्वरूप में तथा प्रयोग में भेद है । प्रथम हृत् मुद्रा शैव सम्प्रदाय में प्रयुक्त होती है । जबकि हृदय मुद्रा न्यास काल में प्रयुक्त होती है तथा सर्वदेव साधारणी है । दोनों का स्वरूप उद्धरणों से पूर्णतः स्पष्ट है ।

हृदयाख्या भवेन्मुद्राङ्गुष्ठवर्जाः प्रसारिताः ।
चतस्रोऽङ्गुलयो व्यस्ता हृदये तस्य मन्त्रतः ॥

(मेरुतन्त्र ८।७)

२१६ **होम मुद्रा**[1]

तर्जन्यङ्गुष्ठयोगाद्धि शान्त्यर्थं जुहुयात् सदा ।
दाहज्वराभिचाराणामनामाङ्गुष्ठ मुद्रया ॥
विद्वेषोच्चाटने च मारणे च प्रशस्यते ।
प्रदेशिनी मध्यमाभ्यां बाधोपशमनं भवेत् ॥

---

१. तन्त्रशास्त्र में भिन्न-भिन्न काम्य कर्मों के हवन-कर्म के समय द्रव्य प्रक्षेप के लिये भिन्न-भिन्न मुद्राएँ उल्लिखित हैं । यथा—

(१) शान्ति कर्म के लिये हवन द्रव्य तर्जनी एवं अङ्गुष्ठ के योग से प्रक्षिप्त करना चाहिये ।

(२) दाह, ज्वर, विद्वेष, उच्चाटन, मारण आदि अभिचारों के अनुष्ठान के लिये अनामिका एव अङ्गुष्ठ के योग से ;

(३) बाधानिवारणार्थ अङ्गुष्ठ एवं मध्यमा के योग से ;

(४) शरीर, मेधा, कान्ति, नीति, पुष्टि, आकर्षण आदि कर्म की सिद्धि के लिये तर्जनी एवं अनामिका के योग से ;

(५) मोहन, वशीकरण, प्रेमसंवर्धन के लिये अङ्गुष्ठ एवं कनिष्ठा के योग से ;

(६) मोहन, आकर्षण, क्षोभण, उच्चाटन की सिद्धि के लिये कनिष्ठा, मध्यमा एवं अङ्गुष्ठ के योग से हवन द्रव्य का प्रयोग करना चाहिये ।

सामान्यतः हवनकर्म के लिये मृगी, हंसी, शूकरी या कस्तूरी मुद्राएँ प्रसिद्ध हैं । प्रायः उक्त सभी कर्मों के अवसर पर इन तीनों का प्रयोग यथाक्रम प्रशस्त है ।

तथा—होमे मुद्रात्रयं प्रोक्तं मृगी हंसी च शूकरी ।
शूकरीहस्त संकोची मृगी मुक्तकनिष्ठिका ॥

वपुर्मेधा तथा कान्तिर्नीतिपुष्ट्यादिके तथा ।
आकर्षणानि सर्वाणि दूरादनुगतानि च ॥
तर्जन्यनामिका योगात् सद्य एव भवन्ति हि ।
मोहनाकर्षणौ चैव क्षोभणोच्चाटने तथा ॥
कनिष्ठामध्यमाङ्गुष्ठयोगेन तु लीलया ।

(आगमरहस्य, पृष्ठ ४१९-२०)

हंसी स्यात् तर्जनी मुक्ता त्रिधा मुद्रा प्रकीर्तिता ।
शान्तिके च मृगी ज्ञेया हंसी च पौष्टिककर्मणि ॥
अभिचारे शूकरी स्याद् विद्वेषोच्चाटनादिषु ॥

(आगमरहस्य, पृष्ठ २२३)

मुद्राचित्रावली

१

२



३



४ अङ्कुश प्रथम



४ अङ्कुश द्वितीय



५



६ प्रथम



६ चतुर्थ



६ द्वितीय



७ प्रथम

६ तृतीय



७ द्वितीय



८



१४ प्रथम

१२



१४ द्वितीय

१५

१६



१८झ आवाहनी (प्रथम)



१८झ आवाहनी (द्वितीय)



१८ झ सन्निधापनी (द्वितीय)

१८ झ सन्निरोधिनी



१८झ स्थापनी



१८झ स्थान

१८ ख



१८ झ सम्मुखीकरणी



१८ झ आवाहनी (तृतीय)



२०



२०



२१

२२



२३ प्रथम

२३ (द्वितीय)

२६



२७

२८।१



२८।३



३१



३३



३४

३५



३६।



३६।२

३७

३८

३९

४०



৪১



৪২/১



৪২/২



৪৩



৪৪/১



৪৪/২

৪৫

৪৬

৪৩/১

৪৩/২



৪৩/৩



৪৮

४८

५२



५०/२



५१



५३



५४



५५

५६ क



५६ ख

५७

५८

५९



६०

६१/२

६३

६२

६४

६६

६७/१

६७/२



६८



৩৭

৩২

৬৮, ৩৩

৩৪/৭

৩৪/২

৩৬

৬৬

৬৮/১

৬৮/২



৬৮/৩



৬৫/১

৬৫/২

७८/३



८१

८२

८३



८४

८५

८६



८७

८८

८९

८३



८४



८५

१००/१

१००/२

१०१ रवि



१०१, भौम

१०१ बुध



१०३

१०४

१०७

१११



११५

११६

१२०

१२७

१२७ प्राण

१२७ उदान

१२७ समान

१२७

१२९

१३१

१३२

१३४

१३५

१३७

१३८



१३९/१

१५४

१३२

१५०

१५४/३

१३९

१५४/२



१५८

१५९

१६०



१६१/१



११, १६३

१६.



१६५/१

१६५/२



१६६

१६८



१७०



१७५

१८४

१८७

१९६ यज्ञोपवीत



१९६ मधुपर्क



१९६ पुष्प

१९६ स्नान

१९७

१९९

२०१

२०२

२१४



२०६

२१३



२१६ शूकरी

२१६ हँसी



२१६ मृगो

२०५ सर्व माङ्कुशा

२१६/१



२१६/३

२१६/४

२१६/५